आषाढ़ कृष्ण पक्ष 09, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची का तापमान

| कांके | रांची |
|---|---|
| अधिक. 22.1° | अधिक. 25.0° |
| न्यून. 19.0° | न्यून. 23.2° |

रांची, शुक्रवार
20 जून 2025
वर्ष-26, अंक-138, पृष्ठ-12

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




# झारखंड पर आफत बनकर बरसा मॉनसून, छीन लीं कई जिंदगियां

» डीपीएस रांची के शिक्षक जोन्हा फॉल में पानी के तेज बहाव में बहे

» खूंटी जिले में निर्माणाधीन कुएं के धंस जाने से उसमें दबे दो स्कूली छात्रों ने दम तोड़ दिया

» रांची में मिट्टी का एक मकान ढह जाने के कारण 10 वर्षीय लड़की की भी हुई मौत

» चक्रधरपुर में बारिश से एक मिट्टी का मकान गिर गया जिससे महिला की मौत हो गई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** मॉनसून की आस लगाए प्रदेशवासियों के लिए बारिश जैसे राहत नहीं आफत बनकर टूट पड़ी है। कहीं कच्चे मकान धराशाई हो गए तो कहीं पानी के तेज बहाव के साथ जानवरों के साथ इंसान भी बह गए। पिछले 24 घंटे से लगातार हो रही बरसात ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। किसी कोने से अच्छी खबर नहीं आ रही है। बांध के अलावा नदी-नाले ऊफान पर हैं। मोर्चे पर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) को भी तैनात कर दिया गया है।

राजधानी रांची सहित कई इलाके ऐसे हैं जो बाढ़ की चपेट में हैं। हर ओर देखने पर सिर्फ पानी ही पानी दिखाई दे रहा है। इस बीच अलग-अलग इलाकों से आई मौत की खबरें भी दिल तोड़ रही हैं। खूंटी जिले में भारी बारिश के कारण निर्माणाधीन कुएं के धंस जाने से उसकी मिट्टी के नीचे 22 घंटे तक दबे रहने के बाद दो स्कूली छात्रों ने दम तोड़ दिया। रांची जिले में मिट्टी का एक मकान ढह जाने के कारण 10 वर्षीय लड़की के भी मौत की खबर है। चक्रधरपुर में बारिश से एक मिट्टी का मकान गिर गया जिससे महिला की

शेष पेज 11 पर



नामकुम के थाना प्रभारी मनोज कुमार पानी में फंसे लोगों को बाहर निकाला



## डैम ने लिया विकराल रूप

झारखंड में लगातार हो रही बारिश ने डैम को भी विकराल बना दिया है। लगातार हो रही बारिश के चलते डैम का पानी खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है। चांडिल डैम का जलस्तर 181.20 मीटर पर पहुंच गया है। खतरे को देखते हुए बांध के 7 फाटक खोल दिए गए हैं। इसके बाद स्वर्णरेखा नदी पूरे उफान पर आ गई। स्वर्णरेखा नदी के तटीय इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। बता दें कि बुधवार को चांडिल डैम का जलस्तर 179.80 मीटर पर था तथा दो फाटक खुले हुए थे। पिछले 24 घंटे में डैम का जलस्तर में 1.40 मीटर की बढ़ोतरी हुई।

शेष पेज 11 पर



## भारी बारिश से खूंटी-तोरपा पथ में बनई नदी का पुल ढहा

### खूंटी से तोरपा और सिमडेगा का संपर्क टूट गया

**खूंटी ।** जिले में पिछले तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश से कई जगहों पर भारी नुकसान पहुंचा है। भारी बारिश के बाद नदियां उफान पर हैं। जिसके कारण खूंटी-तोरपा रोड में बनई नदी पर बना पुल ढह गया। जिसमें एक ट्रक फंस गया। जिसे बाद में क्रेन की सहायता से बाहर निकाल लिया गया। पुल के ढह जाने से खूंटी से तोरपा और सिमडेगा का संपर्क टूट गया है। इससे झारखंड का ओड़िसा से भी संपर्क प्रभावित हुआ है। अब वाहनों को दूसरे वैकल्पिक मार्ग से जाना होगा। गुरुवार को भी पुल के धंसने के बाद वाहनों की लंबी कतार लग गयी थी। हालांकि सभी वाहन वैकल्पिक मार्ग होकर निकल गये। घटना की जानकारी मिलने पर खूंटी विधायक रामसूर्या मुंडा और तोरपा

शेष पेज 11 पर

## रांची के सभी स्कूल आज भी रहेंगे बंद

● **डीसी ने जारी किया आदेश**

मूसलाधार बारिश को देखते हुए रांची जिला प्रशासन ने कल यानी शुक्रवार को भी 12वीं तक की सभी कक्षाओं को स्थगित करने का फैसला लिया है। रांची के डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने बताया कि बच्चों की सेफ्टी जरूरी है। उनकी सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता। लगातार बारिश की वजह से जनजीवन प्रभावित हुआ है।

शेष पेज 11 पर

## भारत देश के सजग प्रहरी, वीर भूमि के वीर जवानों को यह संदेश है

**राष्ट्रीय नवीन मेल**




**प्रतिभा प्रसाद 'कुमकुम'**

शौर्य की गाथा है राष्ट्र की पुरानी ।
सदियों से लिखी है हमने यूँ कहानी ।।

राम से कृष्ण तक, कृष्ण से गीता तक, गीता से ज्ञान तक फिर विक्रम से विक्रांत तक भूमिका निभाई है राष्ट्र ने ।

आपके शौर्य को नमन वंदन है ।कुछ आतंकी ने मिलकर 14.2.2019 को पुलवामा अटैक किया था । हमारे सेना के चालिस जवान बलिदान हो गए थे । अभी आंसू सूखे भी नहीं थे कि सात वर्षों बाद ही हमारे पर्यटन स्थल पहलगाम के वेसरन घाटी में पहुँचकर 22.4.25.. को इन आतंकियों ने छब्बीस जानें ले ली, कितनों को घायल कर छोड़ दिया । वो भी धर्म पूछकर मारा, महिलाओं के सिंदूर से होली खेली और देश की बेटी को छोड़ दिया यह कहकर कि देश के प्रधानमंत्री को बताना, यह धमकी है । देश को यह बात खल गई । पंद्रह दिनों की खामोशी के बाद देश ने जवाब भी दे ही दिया और आतंकियों के साथ -साथ उनके सहायक और समर्थकों की भी पोल खुल गई । आतंकियों का मूल ठिकाना, ठिकाने लग गया।

मासूम पर्यटकों की निर्मम हत्या का हम विरोध करते हैं । हमारी वीर ललनाओं के सिंदूर को मिटाने वालों के लिए ऑपरेशन सिन्दूर जरूरी था, है और रहेगा । हम ईंट का जवाब पत्थर से देने वाले नहीं हैं लेकिन उन्होंने मजबूर किया जाता है तो हमारा अपने स्वाभिमान की रक्षा हेतु हमारा समर्थन है । हम दृढ़ संकल्पित हैं सदैव देश हित में देश और देश के सुरक्षा प्रहरी और हम हमारे हर क्षेत्र के वीर जवानों के साथ हैं । अपनी राष्ट्रीय अस्मिता व स्वाभिमान के साथ हैं।

शेष पेज 11 पर

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
+91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

## सीएम ने युवक-युवतियों से किया सीधा संवाद, कहा

# सिकल सेल पर नियंत्रण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सिकल सेल पर नियंत्रण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। इस दिशा में एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाते हुए संक्रमितों को बेहतर जीवन देने का प्रयास कर रहे हैं, क्योंकि इस बीमारी का असर सिर्फ मरीज को ही नहीं बल्कि उसके पूरे परिवार को महसूस होता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस पर यूनिसेफ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में इस रोग से प्रभावित युवक-युवतियों से सीधा संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने सिकल सेल के प्रति जन जागरूकता फैलाने पर जोर दिया ताकि लोगों के बीच इस बीमारी के प्रति समझ बढ़ सके। उन्होंने कहा कि हम सभी के सामूहिक प्रयासों से ही इस बीमारी का उन्मूलन संभव है।

**स्क्रीनिंग बढ़ाने की है जरूरत :** मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बीमारी की प्रारंभिक पहचान और उपचार सुनिश्चित करने के लिए स्क्रीनिंग को बढ़ाने की जरूरत है। क्योंकि, लोगों को पता ही नहीं होता है कि वे इस बीमारी से पीड़ित हैं। ऐसे में जाने-अनजाने वे इसे अगली पीढ़ी में स्थापित कर सकते हैं। ऐसे में ज्यादा से ज्यादा लोगों का स्क्रीनिंग किया जाना चाहिए और

शेष पेज 11 पर



सिकल सेल के संक्रमितों को बेहतर इलाज और अच्छा जीवन देने का हो रहा प्रयास : मुख्यमंत्री

## सिकल सेल से निपटने के लिए विभिन्न स्तरों पर सरकार कर रही कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिकल सेल से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग और अन्य माध्यमों से कार्य किया जा रहे हैं । इसमें यूनिसेफ जैसी संस्थाओं की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि राज्य के स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। लोगों का हेल्थ प्रोफाइल तैयार किया जा रहा है, ताकि विभिन्न बीमारियों से संक्रमित लोगों की पहचान कर उनका समुचित इलाज किया जा सके। हमारा प्रयास आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवन देना है।

**हेल्थ प्रो फाइल के डेटा को निरंतर अपडेट करें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हेल्थ प्रोफाइल के डेटा को एक नियत समय पर अपडेट करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमें पता चलेगा कि किस बीमारी के कितने मरीज मिले थे।

शेष पेज 11 पर

### सिकल सेल के प्रभावितों को जांच दवा और इलाज में परेशानी नहीं हो

मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग से कहा कि सिकल सेल के संक्रमितों की जांच और इलाज की पुख्ता व्यवस्था होनी चाहिए। सिकल सेल के मरीजों को समय-समय पर रक्त की जरूरत पड़ती है। ऐसे में उनके लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित होनी चाहिए। वही दवाइयां भी समय पर सहजता से मिले, इसकी भी पुख्ता व्यवस्था करें। किसी भी संक्रमित को जांच और इलाज में किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

**हेल्थ काउंसलर की भूमिका काफी अहम है :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सिकल सेल जैसी कई आनुवांशिक बीमारियों की स्क्रीनिंग और काउंसलिंग में हेल्थ काउंसलर की भूमिका

शेष पेज 11 पर

## ईरान ने इजरायल के सोरोका अस्पताल पर किया हमला

● **इस हमले के बाद इजरायल ने अमेरिका से हर तरह से युद्ध में साथ आने का आग्रह किया**

● **पुतिन ने दी ट्रंप को चेतावनी कहा- 'ईरान-इजरायल जंग में अमेरिका कूदा तो बिगड़ेंगे हालात'**

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने वरिष्ठ सहयोगियों से कहा कि उन्होंने ईरान के लिए हमले की योजना को मंजूरी दे दी है, लेकिन यह देखने के लिए रोक रहे हैं कि क्या तेहरान अपने परमाणु कार्यक्रम को छोड़ देगा। मध्य पूर्व में, इजरायल व ईरान के बीच गोलीबारी जारी रही क्योंकि संघर्ष सातवें दिन में प्रवेश कर गया। दक्षिणी इजरायल के सोरोका अस्पताल को ईरानी मिसाइल ने निशाना बनाया, जिसमें बहुत से लोग हताहत हुए , अस्पताल का भी नुकसान हुआ। जिसके बाद इजरायल चाहता है कि अब अमेरिका देरी नहीं करके ईरान पर हमला में सैनिकों, जहाज़ों व बंकर भेदी महा बमों सहित हर तरह से साथ आवे। लेकिन रूस के सर्वोच्च नेता पुतिन ने चेतावनी दिया कि अमेरिका ने यदि ईरान पर हमला किया तो ठीक नहीं होगा। उसको इस मामले से अलग रहना चाहिए। इसके अलावा अमेरिका में भी ट्रंप के विरोध

शेष पेज 11 पर

## ईरान से 100 से अधिक भारतीय छात्रों को लेकर पहला विमान दिल्ली पहुंचा



**एजेंसी । नई दिल्ली**

युद्ध प्रभावित ईरान से अर्मेनिया के रास्ते निकाले गए 100 से अधिक छात्रों को लेकर पहली उड़ान गुरुवार की सुबह दिल्ली में सुरक्षित उतरी। इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच फंसे छात्रों को 'ऑपरेशन सिंधु' के तहत ईरानी राजधानी से स्वदेश लाया गया। तेहरान में भारतीय दूतावास ने 'ऑपरेशन सिंधु' के तहत ईरानी राजधानी से भारतीय छात्रों को निकालने में मदद की।

शेष पेज 11 पर

**नीट पेपर लीक केस मामले में**

## रांची और पटना में कई ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**रांची/पटना (आईएएनएस)**

साल 2024 के नीट पेपर लीक से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार सुबह रांची के बरियातू, बिहार के पटना, और नालंदा में कई ठिकानों पर छापेमारी शुरू की है। जानकारी के अनुसार, पेपर लीक के मास्टरमाइंड बिहार निवासी संजीव मुखिया, उसके कई रिश्तेदार और करीबी इस मामले में ईडी की जांच के दायरे में हैं। पेपर लीक के मामले में चल रही सीबीआई जांच में बड़े पैमाने पर रकम के लेनदेन का मामला उजागर होने के बाद ईडी ने इसीआईआर (इन्फोर्समेंट केस इन्फॉर्मेशन रिपोर्ट) दर्ज कर मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू की है। मई 2024 में मेडिकल के यूजी कोर्स में दाखिले के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश (नीट) परीक्षा के बाद पेपर लीक की खबरें सामने आने के बाद इस मामले की जांच सबसे पहले पटना की आर्थिक अपराध इकाई ने शुरू की थी। बाद में यह मामला सीबीआई को सौंप दिया गया था। जांच में इस मामले के मास्टरमाइंड के रूप में संजीव मुखिया का नाम सामने आया था, जिसे 24-25 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में जेल में है।

जानकारी के अनुसार, ईडी ने गुरुवार को रांची में संजीव मुखिया के करीबी सिंकंदर प्रसाद यादवेंद्र और पटना में उसके बेटे डॉ. शिव के ठिकानों पर दबिश दी है। इस पेपर लीक में सीबीआई ने पिछले साल झारखंड के हजारीबाग से ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एवं एनटीए के सिटी कोऑर्डिनेटर एहसान उल हक,

शेष पेज 11 पर

**इंडिया**

# नाम हमारा हो भले मिट जाएं पहचान तुम्हारी



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

अपनी जाति धर्म और पहचान के नाम पर अधिकार और हिस्सेदारी के लिए लड़ते वीआइपी नेताओं की भीड़ अब सड़कों फ्लाई ओवर पर नाम लिखाने के लिए दावे कर रही है पर गायब होती नदियों तालाबों नालों के बीच जीवन और रोजगार के लिए जूझते इनके समाज के गरीबों की उनको चिंता नहीं जो गांव छोड़कर शहरों की झुग्गियों में रह रही है इनकी पहचान और भाषाएं मर रही हैं साथ ही मिटने को है कई समूहों की सांस्कृतिक पहचान। झारखंड में भी टाइटल के आधार पर कई सदान और जनजातीय समुदाय विशेष अपनी भाषा नहीं जानते। आज के भारत ही नहीं अखंड भारत यानी भारतीय उपप्रायद्वीप सहित पूरे विश्व में भाषाएं उपेक्षित होकर मर रहीं हैं और इनके साथ जुड़ी जातियों या जनजातियों की पहचान भी मिट रही है । झारखंड भी इससे अछूता नहीं है आप किसी गांव में जाकर उनकी भाषा में बात करें तो वे आपको हिंदी में जवाब देंगे ताकि वे जतला सकें कि वे गंवार नहीं बल्कि पढे लिखे हैं । आधुनिक जीवन शैली सिनेमा,रंगीन टीवी के बाद अब सोशल मीडिया से सुदूर ग्रामीण या जंगल के किनारे तक पहुंच गई है और लोग अपने रीति रिवाज संस्कृति या भारतीय पहचान के प्रति हीन भावना से ग्रस्त हो गए हैं जिसके कारण किसी भी कीमत पर अपने बच्चों को मुहल्ले के सही पर अंग्रेजी माध्यम के स्कूल में पढ़ाना चाहते हैं । कभी एक समय था जब झारखंड की कभी राजभाषा और संपर्क भाषा रही नागपुरी रांची शहर तक की भाषा थी और गुमला,सिमडेगा,लोहरदगा जैसे शहरों में जो भी रहा उसने यह भाषा सीख ली । पर अब नागपुरी मिश्रित हिंदी ने इसका स्थान लेना शुरू कर दिया है और कुछ बड़े परिवारों में तो अंग्रेजी ही बोलचाल की भाषा हो गई है । इसी प्रकार 32 जनजातीय समूह और 9 भाषाओं वाले झारखंड की अनेक जनजातीय भाषाएं भी खतरे में हैं क्योंकि नौकरी या व्यवसाय में ऊपर उठाने के बाद अनेक जनजातीय परिवार न सिर्फ अपने बच्चों को अंग्रेजी शिक्षा दे रहे हैं बल्कि अपनी मातृभाषा बोलना छोड़ते जा रहे हैं ।इनका सिर्फ टाइटल बचा रह गया है पर जातीय या सांस्कृतिक पहचान खतरे में है ।यूनेस्को की ताजा रिपोर्ट बताती है कि हर साल दुनिया से नौ भाषाएं खत्म हो रही हैं। भारत की कोरगा (कर्नाटक), सिरमौरी (हिमाचल प्रदेश) और पारजी (छत्तीसगढ़) भी संकट में हैं। सामूहिक तौर पर भाषाओं के प्रति हीन भावना को हटाकर ही इन मरती हुई भाषाओं को बचाया जा सकता है । बीसवीं सदी के भाषा दार्शनिक ने भाषा को लेकर अनोखी बात कही है, 'मेरी भाषा की सीमा का अर्थ है, मेरी दुनिया की चौहद्दी।' इसका साफ मतलब यह है कि हर व्यक्ति की अपनी भाषा दरअसल उसकी दुनिया होती है। ऐसी दुनिया, जिसमें सिर्फ भूगोल ही शामिल नहीं है, इतिहास भी है और संस्कृति भी, जिसमें परंपरा भी शामिल है और सदियों का अपना एक्सक्लूसिव ज्ञान भी। जिस तरह नदियां अपने उद्गम और अपने प्रवाह वाले इलाकों की पूरी संस्कृति और पर्यावरण के अथाह गुणों को खुद में समाए रहती हैं, भाषाएं भी नदी की भांति ही अपनी परंपरा, अपनी सोच, अपने दर्शन, अपने भूगोल और अपने इतिहास के साथ ही समूची संस्कृति को लेकर प्रवाहित होती रही हैं। यूनेस्को ने भाषाओं को लेकर जो ताजा रिपोर्ट जारी की है, उसमें कहा गया है कि हर दो हफ्ते बाद दुनिया की एक भाषा मर रही है। यूनेस्को के अनुसार, पहले जहां हर तीन महीने के अंतराल पर एक भाषा की मौत की खबर आती थी, वहीं साल 2019 के बाद इसमें तेजी आई है। इस दर से हर साल दुनिया से करीब नौ भाषाओं का अस्तित्व खत्म होता जा रहा है। साफ है कि अगर एक भाषा मर रही है, तो उस भाषा की अपनी विशिष्ट संस्कृति, उसकी सोच और उसका परिवेशबोध भी मर रहा है। इन अर्थों में देखें, तो भाषाओं का इस तरह मरना दरअसल संस्कृतियों के बहुलवादी स्वरूप का संकुचित होते जाना है।यूनेस्को के अनुसार, साल एक हजार ईस्वी तक दुनिया भर में नौ हजार से कुछ ज्यादा भाषाएं अस्तित्व में थीं, जिनकी संख्या घटते-घटते आज सात हजार के आसपास सिमट गई है। यूनेस्को को आशंका है कि भाषाओं के मरने की यही दर बनी रही, तो 21वीं सदी के अंत तक दुनिया भर की करीब तीन हजार भाषाओं का अस्तित्व खत्म हो जाएगा। जबकि पश्चिम के कई भाषा और मानवशास्त्री मानते हैं कि अगर भाषाओं के मरने की गति ऐसी ही रही, तो 2200 ईस्वी तक दुनिया में महज 100 भाषाएं ही जीवित रह पाएंगी।भाषाओं के लुप्त होने को लेकर भारत में एक और अवधारणा यह है कि जो भाषा क्लिष्ट या कठिन होती है, वह लोक व्यवहार में खत्म होती जाती है। संस्कृत के बारे में भी कहा जाता है कि उसका चलन घट गया है। अंग्रेजी ने दूसरी भाषाओं के नए शब्दों को अपनाया जबकि मृत भाषाओं में ऐसा चलन नहीं था । उदारीकरण और वैश्वीकरण की वजह से पूरी दुनिया तकरीबन एक तरह के खानपान, पहनावे और एक तरह की भाषा की ओर आकर्षित होती जा रही है। पश्चिमी सभ्यता और उसका सलीका ही मानक बनते जा रहे हैं। इस लिहाज से दुनिया भर की बोलियों में भी एकरूपता कभी सायास, तो कभी अनायास ही आती जा रही है। झारखंड सहित भारत की बहुत-सी ऐसी भाषाएं हैं, जो इतने कम लोगों द्वारा बोली जाती हैं कि निकट भविष्य में उनका अस्तित्व ही नहीं रहेगा। इनमें लुप्तप्राय आदिम जनजाजतियां (पीवीटीजी) शामिल हैं। भाषाओं का सम्मान उन्हें बोलकर ही किया जा सकता है।



## पद्मश्री अशोक भगत से मिले केंद्रीय मंत्री



**रांची।** रांची स्थित विकास भारती बिशुनपुर के कार्यालय परिसर में भारत सरकार के केंद्रीय कपड़ा उद्योग मंत्री गिरिराज सिंह का आगमन हुआ। इस दौरान उन्हें झारखंडी पगड़ी पहनाकर व गमछा ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर स्वलिखित पुस्तक "परंपरा और प्रयोग" भेंट किया। इस दौरान भारत सरकार के रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ भी उपस्थित थे। इस दौरान केंद्रीय कपड़ा उद्योग मंत्री गिरिराज सिंह और पद्मश्री अशोक भगत से केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आत्मीय मुलाकात की।

## सीएम से मिले जगन्नाथपुर मंदिर न्यास समिति के सुधांशु नाथ



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में जगन्नाथपुर मंदिर न्यास समिति के प्रधान सेवक- सेवायत ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को 27 जून को जगन्नाथपुर मंदिर में आयोजित होने वाले रथ यात्रा महोत्सव में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। इस मौके पर जगन्नाथपुर मंदिर न्यास समिति के सेवक- सहयोगी श्री अमरदीप कौशल और श्री हरिदास चौधरी भी मौजूद थे।

## बारिश से तबाही में हेल्पलाइन जारी करें हेमंत सरकार : विजय शंकर नायक

**रांची।** झारखंड में लगातार हो रही भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इस स्थिति को देखते हुए आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से राज्य और सभी जिलों में आपदा राहत निगरानी सेल गठित कर तत्काल हेल्पलाइन नंबर जारी करने की मांग की है।

## बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**रांची।** हरमू रोड आरजेडी कार्यालय के समीप बाइक सवार दो युवक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। इस घटना में एक बाइक सवार की मौत हो गई। जबकि, दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक का नाम सूरज कुमार है और वह सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के मुड़ला पहाड़ इलाके का रहने वाला था। इस मामले में मृतक सूरज के पिता ऋषिकांत कुमार ने जगन्नाथपुर थाने में अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है।

### झारखंड में बनेगी विश्वस्तरीय मेडिको सिटी

# सिकल सेल उन्मूलन में झारखंड बना देश का मॉडल राज्य : डॉ. इरफान

- झारखंड बना सिकल सेल उन्मूलन का पावरहाउस
- झारखंड के गांव-गांव तक सिकल सेल की स्क्रीनिंग रांची में खुलेगा बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट

**नवीन मेल संवाददाता**



मंत्री डॉ. अंसारी ने सिकल सेल जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और कार्यक्रम के दौरान आयोजित नुक्कड़ नाटक की भी सराहना की

**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने विश्व सिकल सेल दिवस पर रांची सदर अस्पताल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह का उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने घोषणा किया कि "झारखंड अब पीछे नहीं, सिकल सेल उन्मूलन में देश का मॉडल राज्य बन गया है।"

डॉ. अंसारी ने कहा, "हमने 25 लाख 94 हजार लोगों की जांच की है। इनमें से मात्र 2099 लोग सिकल सेल एनीमिया से ग्रसित पाए गए हैं, यानी 1% से भी कम। ये हमारे संगठित प्रयास और ज़मीनी काम का नतीजा है।"

उन्होंने आगे कहा, "डॉक्टर, नर्स, एएनएम, सहिया दीदियां आप सब हमारे सच्चे हीरो हो। आप मेहनत करो, सैलरी बढ़ाने का काम हम करेंगे। सभी सहिया बहनों को जल्द ही टैबलेट भी दिया जाएगा ताकि तकनीक के साथ आप और तेज़ी से काम कर सको।

डॉ. अंसारी ने ऐलान किया कि सिकल सेल जैसी गंभीर बीमारी के इलाज के लिए रांची सदर अस्पताल में बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट की स्थापना जल्द होगी। उन्होंने कहा कि इससे झारखंड को गंभीर बीमारियों के इलाज में एक नई दिशा मिलेगी। मंत्री ने यह भी कहा कि राज्य सरकार झारखंड में विश्वस्तरीय मेडिको सिटी बनाने जा रही है, जिससे राज्यवासियों को इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

"मैं खुद डॉक्टर हूं, मुझे झारखंड के आम आदमी का दर्द पता है। गठरी-मोटरी लेकर बाहर इलाज कराने जाने वाले हर मरीज की तकलीफ अब हमारी सरकार समझती है। अब उन्हें न ज़मीन बेचनी होगी, न खेत — इलाज की सारी व्यवस्था यहीं होगी।"

स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि वर्ष 2047 तक देश को सिकल सेल मुक्त करने का लक्ष्य है, और झारखंड इसमें निर्णायक भूमिका निभा रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के अभियान निदेशक अबु इमरान ने बताया कि 40 लाख स्क्रीनिंग का लक्ष्य था, जिसमें अब तक 25 लाख जांच पूरी हो चुकी है। "अभी भी हमें और मेहनत करनी होगी। जितनी जल्दी लोग जांच कराएंगे, उतना आसान होगा इस बीमारी को जड़ से खत्म करना।" इस कार्यक्रम में रांची के सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार, रक्त कोषांग प्रभारी डॉ. जॉन एफ. कैनेडी, राज्य यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. कमलेश, अंधापन नियंत्रण नोडल पदाधिकारी डॉ. पंकज, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. विमलेश सिंह, कार्यक्रम प्रबंधक अनीमा किस्कु, रांची डीपीएम प्रवीण सिंह सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मी एवं सहिया बहनें मौजूद थीं।

## रथयात्रा मेला में प्लास्टिक और थर्मोकोल के इस्तेमाल पर रोक

**रांची।** रथयात्रा मेला में इस बार प्लास्टिक, थर्मोकोल और अन्य गैर-बायोडिग्रेडेबल सामग्री के इस्तेमाल पर रोक रहेगी। इनका इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने गुरुवार को रथयात्रा मेला की तैयारी को लेकर हुई बैठक में यह निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी दुकानदारों को प्लास्टिक के बदले दोना, पत्तल और अन्य बायोडिग्रेडेबल सामग्रियों का उपयोग करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मेला परिसर में प्लास्टिक की थैलियों, डिस्पोजेबल ग्लास, प्लेट्स, चम्मच और अन्य सामग्रियों के इस्तेमाल पर भी रोक रहेगी। पर्यावरण-अनुकूल विकल्प खाद्य पदार्थों और पेय पदार्थों के लिए केवल दोना, पत्तल, बांस या मिट्टी से बने बर्तनों का उपयोग करने को कहा है। निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, जिसमें जुर्माना और स्टॉल बंद करने जैसे कदम शामिल हो सकते हैं। इसके लिए विशेष निगरानी दल का गठन भी किया जाएगा। मेला में शामिल होने वाले सभी श्रद्धालुओं से उन्होंने अपील करते हुए कहा कि वह अपने साथ कपड़े की थैली लाएं और प्लास्टिक का उपयोग न करें। मेला परिसर को स्वच्छ रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करें।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले कई जिलों के अधिकारी



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में रांची के उप विकास आयुक्त सौरभ कुमार भुवानिया, गोड्डा जिले के उप विकास आयुक्त दीपक कुमार दुबे, लातेहार के उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, सरायकेला -खरसावां की उप विकास आयुक्त रीना हांसदा, सिमडेगा के उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी, पलामू के उप विकास आयुक्त मोहम्मद जावेद हुसैन, बोकारो की उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, देवघर के उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा और कोडरमा के उप विकास आयुक्त रवि जैन ने शिष्टाचार मुलाकात की।

## आजसू अपने स्थापना दिवस की तैयारी में जुटी

**रांची।** आजसू पार्टी अपने स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाने की तैयारी में जोर-शोर से जुटी है। इसी सिलसिले में पार्टी प्रमुख एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने गुरुवार को खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया। उनके साथ झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर भी उपस्थित थे। महतो ने समारोह स्थल पर मंच, बैठने, भोजन और अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की और दूर-दराज, विशेषकर संताल परगना से आने वाले कार्यकर्ताओं के लिए आवश्यक निर्देश दिए। प्रवीण प्रभाकर ने बताया कि 22 जून को बलिदान दिवस के रूप में मनाए जा रहे स्थापना दिवस समारोह में राज्य के सभी जिलों से कार्यकर्ता भाग लेंगे।

### केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने 'जेंडर बजटिंग नॉलेज हब' पोर्टल लॉन्च किया

## सरकार का मानना है कि महिलाओं में निवेश विकसित भारत का निर्माण : अन्नपूर्णा देवी

- अन्नपूर्णा देवी ने कहा - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में लैंगिक बजटिंग एक वित्तीय प्रक्रिया भर नहीं रह गया है




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/नई दिल्ली।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने विकसित भारत 2047 की भावना में लैंगिक-समानता शासन को आगे बढ़ाने की अपनी निरंतर प्रतिबद्धता के तहत गुरुवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में लैंगिक बजट पर राष्ट्रीय परामर्श का आयोजन किया। दिन भर चले इस कार्यक्रम में 40 केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों और 19 राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों, संयुक्त राष्ट्र की महिलाओं, एशियाई विकास बैंक के प्रतिनिधियों और राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों के विशेषज्ञों ने भाग लिया। अपनी तरह के इस पहले परामर्श सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य सभी क्षेत्रों में लैंगिक बजट प्रक्रिया को मजबूत बनाने के उपायों पर विचार-विमर्श करना, केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों और राज्यों द्वारा अपनी विशिष्ट योजनाओं के तहत लैंगिक बजट पर की गई पहलों और अच्छे तरीकों को साझा करना था। यह हब जेंडर बजटिंग प्रक्रियाओं से संबंधित सभी सूचनाओं का एक डिजिटल संग्रह है और उद्देश्य है कि इसे केंद्र और राज्य सरकार के मंत्रालयों/विभागों के साथ-साथ अन्य हितधारकों द्वारा उपयोग किया जाए। मौके पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, लैंगिक बजटिंग एक वित्तीय प्रक्रिया भर नहीं रह गया है बल्कि अब ये समावेशी शासन के लिए एक रणनीतिक साधन बन गया है। सरकार का मानना है कि जब हम महिलाओं में निवेश करते हैं, तो हम केवल संसाधन आवंटित नहीं कर रहे होते हैं - हम एक अधिक न्यायपूर्ण, सशक्त और विकसित भारत का निर्माण कर रहे होते हैं।

## गोड्डा होम्योपैथिक कॉलेज की मान्यता खतरे में : अजय साह

- राज्य का एकमात्र होम्योपैथिक कॉलेज बर्बादी के कगार पर

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने गोड्डा स्थित राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की गंभीर अव्यवस्था और इसकी मान्यता पर मंडरा रहे संकट को लेकर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि राज्य का एकमात्र होम्योपैथिक कॉलेज, सरकार की लापरवाही और संवेदनहीनता के चलते अपने अस्तित्व और पहचान दोनों को खोने की कगार पर है। जबकि भारत सरकार का आयुष मंत्रालय लगातार सहयोग दे रहा है, राज्य सरकार के रवैये से ऐसा प्रतीत होता है मानो वह जानबूझकर इस संस्थान को विफलता की ओर धकेलना चाहती है।

कॉलेज में आज तक स्थायी प्राचार्य की नियुक्ति नहीं हो पाई है, जिससे संस्थान में प्रशासनिक कार्य ठप पड़ गए हैं। अब तक जो भी प्राचार्य आए, उन्होंने सिर्फ वित्तीय बाधाओं और विभागीय पत्राचार का हवाला देकर ज़िम्मेदारी से पल्ला झाड़ा है। इसके अलावा, कॉलेज में 42 स्वीकृत पदों के मुकाबले बीते एक दशक से मात्र 8–10 शिक्षक कार्यरत हैं, जो शिक्षा की गुणवत्ता और छात्रों के भविष्य पर गहरा प्रश्नचिन्ह लगाता है।

कॉलेज में छात्रावास की बेहद कमी है। छात्राओं को अस्पताल या हॉल जैसे स्थानों में बिना किसी मूलभूत सुविधा के एक साथ रहने को मजबूर किया गया है। साथ ही, इंटर्न हॉस्टल के अभाव में छात्रों को प्रतिदिन 40 किलोमीटर दूर गोड्डा शहर से कॉलेज तक आना-जाना पड़ता है, जिससे लगातार सड़क दुर्घटनाओं की घटनाएँ सामने आ रही हैं। यह केवल असुविधाजनक नहीं, बल्कि खतरनाक भी है।

इंटर्न्स की समस्याओं का जिक्र करते हुए साह ने कहा कि इंटर्नशिप कर रहे विद्यार्थियों को 10,000 मासिक स्टाइपेंड दिया जा रहा है, जो आयुष मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के विपरीत है। इतना ही नहीं, छात्रों को यह नाममात्र राशि भी समय पर नहीं मिलती, जिससे उन्हें गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता है। कॉलेज की अधिकांश प्रयोगशालाएँ उपकरणों की भारी कमी से जूझ रही हैं। जो उपकरण मौजूद हैं, वे या तो खराब हैं या बेकार। इससे छात्रों की प्रैक्टिकल शिक्षा बुरी तरह प्रभावित हो रही है, जो मेडिकल शिक्षा की मूल आत्मा है।

## भाजपा ने स्वास्थ्य का गड्ढा खोदा हमने इमारत खड़ी की : डॉ तनुज

- भाजपा शासन में स्वास्थ्य नहीं, शर्म की कहानी लिखी गई

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** गोड्डा होम्योपैथिक कॉलेज को लेकर भाजपा द्वारा की गई बयानबाज़ी पर प्रतिक्रिया देते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य डॉ. तनुज खत्री ने कहा कि भाजपा की राजनीति अब झूठ और दिखावे पर आधारित है। जो पार्टी अपने शासनकाल में स्वास्थ्य व्यवस्था को वेंटिलेटर पर छोड़ गई, वह आज नैतिकता का पाठ पढ़ा रही है यह पूरी तरह पाखंड है।

जब भाजपा झारखंड की सत्ता में थी, तब राज्य के सबसे बड़े अस्पतालों में मरीज ज़मीन पर खाना खाने को मजबूर थे। ऑक्सीजन की कमी से जानें गईं, और अस्पतालों में बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव था। स्वास्थ्य सेवा पूरी तरह चरमरा गई थी, और भाजपा नेतृत्व केवल प्रेस कॉन्फ्रेंस और प्रचार तक सीमित था।

**डबल इंजन की सच्चाई–पटना मेडिकल कॉलेज की छत गिर गई**

भाजपा को आज गोड्डा की चिंता हो रही है, लेकिन दो दिन पहले ही डबल इंजन सरकार वाले बिहार में पटना मेडिकल कॉलेज की सीलिंग गिर गई। सौभाग्य से कोई जान नहीं गई, लेकिन यह दिखाता है कि भाजपा की कथित स्वास्थ्य नीति सिर्फ दिखावा है।

**हेमंत सरकार ने सुधार की नींव रखी है**

गोड्डा होम्योपैथिक कॉलेज के लिए राज्य सरकार ने बजट स्वीकृत किया है। शिक्षक बहाली, छात्रावास की व्यवस्था, इंटर्न स्टाइपेंड की समीक्षा और अधोसंरचना विकास जैसे मुद्दों पर गंभीरता से काम चल रहा है। भाजपा ने जहां गड्ढा खोदा, वहीं से हेमंत सरकार ने स्वस्थ झारखंड की नींव रखनी शुरू की है।

हेमंत सरकार के कार्यकाल में स्वास्थ्य क्षेत्र में कई ठोस और जनहितकारी कदम उठाए गए हैं। सरकारी अस्पतालों की सुविधाओं का विस्तार किया गया है, रिम्स जैसे संस्थानों को आधुनिक उपकरणों और सेवाओं से सुसज्जित किया गया है और नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की दिशा में तेज़ी से कार्य हुआ है।

गांव-गांव तक स्वास्थ्य सेवा पहुँचाने के लिए एम्बुलेंस सेवा और मोबाइल मेडिकल यूनिट की व्यवस्था की गई है। डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की बहाली से स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूती मिली है। कोविड काल में सरकार ने सीमित संसाधनों में प्रभावी प्रबंधन कर राज्य को सुरक्षित रखा।

गरीबों के लिए मुफ्त इलाज, गंभीर बीमारियों के लिए आर्थिक सहायता और सस्ती दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। मातृ-शिशु स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान दिया गया है।

## निकाय चुनाव को लेकर प्रदेश प्रभारी ने दिया प्रशिक्षण

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्त जिला पर्यवेक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश प्रभारी के राजू ने संगठन और आगामी निकाय चुनाव के संबंध में प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम के दौरान के राजू ने कहा कि राहुल गांधी का पूरा ध्यान ग्राम और निकाय स्तर के संगठन पर रहता है। कांग्रेस को नीचे के स्तर पर मजबूत करना होगा, प्रखंड और जिला स्तर पर संगठन मजबूत होता है, लेकिन कांग्रेस की कमजोरी है कि जमीनी स्तर पर हम कमजोर हैं, जिस कारण हम अपनी बातों को पूरी तरह जनता के पास नहीं पहुंच पाते। के. राजू ने कहा कि पंचायत स्तर पर संगठन मजबूत नहीं होने के कारण लोकसभा-विधानसभा चुनाव में प्रत्येक बूथ पर 10 से 50 के बीच कांग्रेस समर्थक मतदाता मतदान केंद्र तक नहीं पहुंच पाए, जिस कारण पार्टी कई सीटों पर बहुत कम मतों के अंतर से चुनाव हारी।

## पत्रकार नवीन मिश्र का निधन



**रांची।** आउटलुक के झारखंड प्रतिनिधि पत्रकार नवीन मिश्र नहीं रहे। कुछ दिनों पूर्व एक सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद उनका इलाज चल रहा था। वहीं गुरुवार को इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। उनके पिता राम जी मिश्रा मनोहर कभी आर्यावर्त के समाचार संपादक हुआ करते थे। उनकी अंतिम यात्रा शुक्रवार दोपहर 12:00 बरियातु रोड स्थित रानी बागान से आरंभ होगी। उनके शव को रांची प्रेस क्लब में लाया जाएगा जहां उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। उनका अंतिम संस्कार हरमू स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

## शून्य कार्बन उत्सर्जन को लेकर सरकार स्वनीति इनिसिएटिव के बीच एमओयू



**रांची।** राज्य के ऊर्जा प्रक्षेत्र के अंतर्गत शून्य कार्बन उत्सर्जन के उद्देश्य को लेकर गुरुवार को योजना एवं विकास मंत्री राधाकृष्ण किशोर की उपस्थिति में नेपाल हाउस स्थित योजना भवन के सभागार में योजना एवं विकास विभाग एवं स्वनीति इनिसिएटिव के बीच एमओयू किया गया। मंत्री ने बताया कि झारखंड के लिए ऊर्जा संक्रमण तत्परता सूचकांक ढांचा निर्माण के लिए यह समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया है। उन्होंने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य झारखंड राज्य में क्लीन एवं सेफ इनर्जी प्राप्त करने के साथ-साथ कार्बन उत्सर्जन के शून्य लक्ष्य की प्राप्ति हेतु एक फ्रेमवर्क तैयार करना है, ताकि संदर्भित लक्ष्य के अनुरूप सभी विभाग की सहभागिता सुनिश्चित कराई जा सके।

**रेशम कृषि मेला** | तसर संस्थान में राष्ट्रीय तसर रेशम कृषि मेला सह संस्थान का के 61वां स्थापना दिवस मना

# तसर रेशम कीट का गृह कीटपालन भी किया जाए : गिरिराज

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय अंतर्गत केंद्रीय रेशम बोर्ड के विभाग केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान नगड़ी में राष्ट्रीय तसर रेशम कृषि मेला सह इस संस्थान का 61वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि जब से पी. शिवकुमार केंद्रीय रेशम बोर्ड के सदस्य सचिव बने हैं तब से पूरे केंद्रीय रेशम बोर्ड में रेशम उत्पादन में बढोत्तरी हुई है। उन्होंने नाबार्ड के महाप्रबंधक गौतम कुमार से झारखंड में तसर रेशम कीटपालन करने वाले गरीब एवं आदिवासी किसान को आर्थिक मदद करने के लिए अनुरोध किया।

मंत्री ने कहा कि भारत विश्व का एकमात्र देश है जहां रेशम की चारों प्रजातियां- शहतूत, तसर, मूगा एवं रेशम का उत्पादन होता है। उन्होंने केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक डॉ.एन.बी.चौधरी से अनुरोध किया कि प्रक्षेत्र में तसर रेशम कीटपालन के साथ-साथ उप-उत्पाद को भी बढ़ावा दें ताकि इससे किसानों की आय में और बढ़ोत्तरी हो सके।

वस्त्र मंत्री ने कहा कि तसर रेशम कीट का गृह कीटपालन भी किया जाए और जहां कीटपालन किया जाए वहां पर एक सीसीटीवी कैमरा लगाया जाए जिससे कीड़े की गतिविधि को रिकार्ड किया जा सके। अगर यह सफल होता है तो गृह कीटपालन से अधिक-से-अधिक तसर कीटपालक लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि तसर रेशमकीट को अर्जुन एवं आसन के पत्ते के अलावा दूसरे पौधे के पत्ते खिलाकार भी देखा जाए कि क्या दूसरे पौधे के पत्ते खाकर भी तसर रेशम कीट कोसा बना सकता है। श्री सिंह ने केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, झारखंड राज्य वन विभाग एवं राज्य रेशम विभाग से तसर रेशम के विकास के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया।

### ये लोग रहे मौजूद

इस अवसर पर पी.शिवकुमार, डॉ.अजीत कुमार सिन्हा, परितोष उपाध्याय, डॉ.नरेश बाबू, भावसे, संयुक्त सचिव (तकनीकी)/सीईओ, एसएमओआई, बेंगलूर एवं गौतम कुमार, महाप्रबंधक, नाबार्ड जैसे वरिष्ठ पदाधिकारीगण भी विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। स्थापना दिवस कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्थान के निदेशक डॉ एनबी चौधरी द्वारा मुख्य अतिथि वस्त्र मंत्री, भारत सरकार गिरिराज सिंह एवं अन्य विशिष्ठ अतिथियों का स्मृति चिह्न और अंगवस्त्र से स्वागत किया गया।

## विस अध्यक्ष ने पुस्तक का किया विमोचन



**रांची।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने गुरुवार को धनेश्वर सिंह राय की पुस्तक "उद्गार " का अपने कार्यालय कक्ष में विमोचन किया। कवि धनेश्वर सिंह राय झारखंड के संथाल परगना से आते हैं। वे काल कवि के रूप में भी अपनी प्रसिद्धि हासिल की है। अध्यक्ष ने कहा कि धनेश्वर सिंह लंबे समय से अपने लेखनी कार्य से जुड़े हुए हैं। इस प्रदेश के प्रति उनकी संवेदनाएं उनके लेखनी में झलकती है। उनके कृषि कार्य से जुड़े होने के बावजूद उनके अनेक पुस्तक प्रकाशित हो चुके हैं ये काफ़ी हर्ष का विषय है। धनेश्वर सिंह राय की पुस्तक उद्गार काव्य संग्रह के साथ साथ समसामयिक विषयों पर लेखों का भी संग्रह है। इस पुस्तक कि दूसरे अध्याय में प्रकाशित कविता 'रवि प्रकाश पुंज हैं" वस्तुतः अध्यक्ष को समर्पित है। इसकी पहली पंक्ति इस प्रकार है। "बादल चाहे कितना भी गहरा हो सूरज को क्षिणक देर नहीं ढक पाएगा बादल छँटते ही रवि प्रकाश पुंज। स्वतः प्रकृति पर रवि प्रकाश फैलाएगा।

## नारकीय जीवन जीने को तैयार हैं शहर के कुछ लोग

# अपने कर्मों से कुछ दूसरे के कर्मों से

**मनोज मिश्रा। रांची।** सुबह आंख खुली तो देखा कि बारिश का पानी मुहल्ले की गलियों में भर रहा है, बाहर रखी कार का कभी भी आधा हिस्सा पानी में डूब सकता है। यह देख गाड़ी को किसी प्रकार बहते पानी से निकलकर दूसरे जगह रखा। वहीं बाइक से लौटते हुए अनुभूति हुई कि गली की पानी बाढ़ का रूप धारण कर लिया है जो बहा कर दूर ले जा सकती है। किसी प्रकार अपने घर लौटा तो कुछ घंटों के बाद यह महसूस हो गया कि आवागमन करने का मतलब जान जोखिम में डालने से कम नहीं। दूसरी ओर शांति नगर और राधा नगर का इलाका है जहां घरों के अंदर पानी घुस गई है, मार्ग अवरुद्ध होगा तो पानी कहीं जाएगी ही। खतियान के अनुसार नाले का जमीन है लेकिन कब्जा कर दुकान मकान बनाए गए हैं। वहीं कागजात भी अप टू डेट करा लिए गए हैं। ऐसे ही अवरोध से पानी का वाटर लॉगिंग होता है और राधा नगर, शांति नगर जैसे रांची के कई क्षेत्र पानी में डूब रहे हैं। पंचशील नगर और सहदेव नगर में बारिश से पहले नालियां बनाई गई, इसके लिए सभी घरों के नालियों के स्लैब मशीनों से तोड़े गए फिर नालियों के साथ स्लैब बनाए गए कि बारिश में पानी न ठहरे। मगर हुआ उल्टा पहले से ज्यादा पानी गलियों में बहता दिखा। लोगों का कहना है कि निगम के काम हुए नाकाम किए परेशान।






सुबह से लगातार बारिश के कारण गली-मोहल्लों में पानी भर गया, बाहर खड़ी कारें डूबने की स्थिति में पहुंच गईं।

श्रवण कुमार काल्पनिक नाम ने बताया कि मैं जब सुनता था कि पंचशील नगर में बाढ़ आ गई तो उनकी क्या पीड़ा होती होगी। यह सोचकर मन सिहर उठता था, मगर वैसी कोई बात नहीं। सब मजे में है, यहां के लोग मान लिए है कि बाढ़ जिंदगी का हिस्सा है। बड़े आराम से घरों में छुट्टियों के दिनों की तरह रह रहे हैं,राशन का स्टॉक भी किए हुए हैं, कुल मिलाकर कहे तो नो तो नो टेंशन। होगा भी कैसे तनाव नदी में घर जो बनाए हैं आज न कल तो बाढ़ आएगी। यहां की निवासी तो नारकीय जीवन जीने को तैयार हैं मगर उनलोगों का क्या जिन्हें झूठ बोलकर किराए का मकान दिया जाता है। कुछ अपने कर्मों से कुछ दूसरे के कर्मों से नारकीय जीवन जी रहे हैं।

### नाली जाम के कारण जल जमाव की स्थिति भयावह



बिहार आई बैंक ट्रस्ट बरियातू रोड रांची की सचिव प्रोनीति सिन्हा ने कहा कि पुराने दिनों को याद करती हूं तो पाती हूं कि पहले वॉटर लॉगिंग नहीं होता था। तालाबों की सुंदरीकरण और नाली के ब्लॉकेज के कारण रांची में जल जमाव की भयावह स्थिति उत्पन्न हुई है।

# भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी

### पदाधिकारियों को सर्तकता बरतने व वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश



भारी बारिश को लेकर जारी अलर्ट एवं जिला में बारिश के मौसम में तैयारी को लेकर उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में गुरुवार को ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीआईजी-सह-वरीय पुलिस अधीक्षकचंदन कुमार सिन्हा सहित संबंधित विभाग के जिलास्तरीय पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी जुडे थे। बैठक में उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा सबसे पहले मौसम विज्ञान विभाग द्वारा भारी बारिश को लेकर जारी अलर्ट पर जिला में स्थिति की समीक्षा की गई। ग्रामीण एवं शहरी प्रभावित क्षेत्रों में उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को सर्तकता बरतने एवं वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा क्षेत्रीय निगरानी समितियों के साथ मिलकर जाम नालियों, ठहरे हुए पानी और गिरे हुए पेड़ों की स्थिति पर नजर रखने का निर्देश दिया गया। उन्होंने जल निकासी की व्यवस्था को दुरुस्त करने और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों की तैयारी रखने के भी निर्देश दिये। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा 10 जुलाई को प्रस्तावित इस्टर्न जोनल काउंसिल की बैठक हेतु सभी संबंधित कोषांगों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## बारिश से पूर्व सतर्कता : उपायुक्त ने राहत कैंप और सुरक्षा व्यवस्था के दिए निर्देश

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा विशेषकर जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को हर पंचायत में पंचायत भवन एवं स्कूल भवनों में प्रभावित लोगों के लिए रिलीफ कैंप के लिए व्यवस्था तैयार रखने के निर्देश दिए गए। सभी प्रखंड के जिलास्तरीय वरीय पदाधिकारियों को भी उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा स्थिति की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए ताकि ससमय प्रभावित क्षेत्र के लोगों को राहत पहुंचायी जा सके। जिला पंचायती राज पदाधिकारी को आगामी दिनों में सभी मुखिया समूहों के माध्यम से बारिश में सुरक्षा उपायों से संबंधित जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए गए। बिजली विभाग एवं पथ निर्माण विभाग के पदाधिकारियों को भी उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा मुस्तैद रहने का निर्देश दिया गया। बारिश के कारण बिजली के तार एवं सड़क पर पेड़ गिरने पर उन्होंने तत्काल कार्रवाई करते हुए व्यवस्था बहाल करने के निर्देश दिये। जिला परिवहन पदाधिकारी एवं पुलिस उपाधीक्षक, यातायात को ट्रैफिक व्यवस्था की स्थिति पर विशेष ध्यान देने का निर्देश उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा दिया गया। उन्होंने दुर्घटना संभावित क्षेत्रों और बारिश के कारण प्रभावित सड़कों/पुलों पर यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था एवं नागरिकों को वैकल्पिक मार्गों की जानकारी देने के निर्देश दिये।

### ऐसे पहुंचाई राहत

## पानी-पानी रांची किसकी मनमानी?



**रांची।** बुलडोजर के बकेट से बच्चों को पानी से बचाकर बाहर निकाला गया

### भारी बारिश



**रांची।** इंदिरा नगर विधानसभा अध्यक्ष आवास के सामने के कॉलोनी स्थिति

## जलमग्न हुई रांची, व्यवस्था पर संजय सेठ ने उठाए सवाल

# नगर निगम की अकर्मण्यता के कारण डूबी रांची

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नगर निगम के अक्रमन्यता के कारण रांची आज चारों तरफ से पानी पानी हुआ पड़ा है। हर तरफ घर दुकान डूबे हुए हैं। कई मोहल्ले जलमग्न हो चुके हैं। आज भीषण बारिश के बीच दर्जनों मोहल्ले को देखा। यह स्पष्ट देखने को मिला कि यह नगर निगम की अक्रमन्यता है। रांची के लोगों का जीवन नरकीय बन गया है। उक्त बातें रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने गुरुवार को रांची शहर के कई मोहल्ले का भ्रमण करने के बाद कही। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष भी रांची की स्थिति देखकर नगर निगम को आगाह किया था परंतु यह दुर्भाग्य है कि 1 साल के बाद भी नगर निगम ने कोई कदम नहीं उठाया। श्री सेठ ने कहा कि रांची की ऐसी नरकीय स्थिति का एक बड़ा कारण नगर निगम का चुनाव नहीं होना भी है। चुनाव होने के उपरांत संबंधित वार्ड सदस्य



● निकाय चुनाव नहीं होना और अतिक्रमण भी है इस भयावह स्थिति की वजह

अपने-अपने क्षेत्र की देखरेख और साफ सफाई की जिम्मेदारी लेते हैं। इसके परिणाम स्वरूप जल जमाव नहीं हो पता है परंतु चुनाव नहीं होने से पूरी व्यवस्था चरमरा गई है। यह सोचने वाली बात है कि पहाड़ी इलाका रांची जलमग्न कैसे हो रहा है? श्री सेठ ने कहा कि जहां-तहां बड़े-बड़े नालों पर अतिक्रमण भी जल जमाव का एक बड़ा कारण बन चुका है। अतिक्रमण हटाने में नगर निगम की थोड़ी भी रुचि नहीं दिखती है। बड़े-बड़े नालों की सफाई नहीं हो पाती है, जिस वजह से कई मोहल्ले डूबे हुए हैं। रक्षा राज्य मंत्री ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि नगर निगम के पास शहर की साफ सफाई व विकास कार्य को पैसे नहीं हैं। जब भी किसी योजना को लेकर नगर निगम से बात की जाती है तो यही कहा जाता है कि उसके लिए नगर विकास विभाग को लिखा गया है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। नगर निगम के पास पैसे का नहीं होना भी रांची की नरकीय स्थिति का एक बड़ा कारण है। उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन रांचीवासियों की चिंता करे और प्राथमिकता के आधार पर इस दिशा में काम शुरू होना चाहिए।

# सड़क बनी नदी, घरों में घुसा पानी



**नवीन मेल सवांददाता। रांची**

पुरुलिया पथ निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा घोर लापरवाही बरती गई है। नाली, पुलिया, सड़क आदि निर्माण कार्य में मात्र खाना पूर्ति की गई है। जिसका नतीजा खुलकर सामने आ गई है। मुहल्लावासियों का कहना है पहले यह पुल बड़ा और काफी मजबूत था। पथ निर्माण विभाग द्वारा रोड चौड़ीकरण के दौरान पुलिया को काफी छोटा और कमजोर बनाकर मात्र खाना पूर्ति कि गई है। पानी का बहाव काफी कम हो गया है जिससे इस क्षेत्र का एकमात्र हॉस्पिटल जलमग्न हो जा रहा है। पथ निर्माताओं द्वारा मानसून की जानकारी होने के बावजूद लापरवाही बरती जा रही है। जिसके कारण मुहल्लावासियों एवं मरीजों को आवागमन मे काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

अभी पूरी बरसात बाकी है। पहली तेज बारिश ने सड़क का पोल खोल दिया। सड़क नदी बनी और कई घरों में बारिश का पानी घुस गया।

# जलजमाव से ट्रेनें प्रभावित रहेंगी

**रांची।** चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत टाटानगर रेलवे स्टेशन-यार्ड में अत्यधिक जलजमाव की वजह से रांची रेल मंडल से परिचालित कई ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। ट्रेन रद्द रहेगी : ट्रेन संख्या 68085 टाटानगर-बरकाकाना पैसेंजर (वाया-मूरी), यात्रा प्रारंभ दिनांक 19/06/2025 को रद्द रहेगी | ट्रेन के मार्ग में परिवर्तन : ट्रेन संख्या 22891 हावड़ा -रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस, यात्रा प्रारंभ दिनांक 19/06/2025 को अपने निर्धारित मार्ग खड़गपुर - टाटानागर-पुरुलिया-झालिदा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग खड़गपुर-मेदिनीपुर-आद्रा-जमुनियाटांड़-राजाबेरा-कोटशिला होकर चलेगी ।



**रांची।** नाले पर **कब्जा** कर बने मकानों के बारे में नवीन मेल के लगातार समाचार प्रकाशित करने पर भी नहीं चेता प्रशासन आज पंचशील नगर रातू रोड के घरों में घुसा पानी।

## रुक्का डैम का जलस्तर 6, हटिया का 8 फीट बढ़ा, कांके का रेडियल गेट खुला

**नवीन मेल सवांददाता। रांची**

राजधानी में भारी बारिश के बीच पेयजलापूर्ति वाले तीनों डैम के जलस्तर में गुरुवार को तेजी से बढ़ोतरी हुई। लबालब पानी भरने के बाद कांके डैम का जलस्तर अधिकतम जल संग्रहण क्षमता तक पहुंच गया। इसके बाद डैम में लगे एक रेडियल गेट को शाम 6.15 बजे खोल दिया गया। डैम से भारी मात्रा में पानी को दूसरे छोर पर बहाया गया। इससे पूर्व दिन के 11.15 बजे डैम के स्पिलवे में लगे स्कॉवर वॉल्ब को खोला गया था। डैम में अधिकतम जल संग्रहण की क्षमता 28 फीट की है। डैम में दिनभर की बारिश में सात फीट पानी की बढ़ोतरी हुई है। इसके बाद तेजी से हो रही वृद्धि के बीच जलस्तर 28 फीट के करीब पहुंच गया था। इस वजह से रेडियल गेट खोला गया। रुक्का डैम का स्कॉवर वॉल्ब खोला गया रुक्का डैम के बढ़ते जलस्तर के बीच शाम में जल संसाधन विभाग की ओर से सभी स्कावर वॉल्ब को खोल दिया गया। डैम में दो दिन के अंदर छह फीट से अधिक बारिश का पानी इकट्ठा हुआ। डैम का जलस्तर बुधवार को 22 फीट था, जो बढ़कर गुरुवार की शाम पांच बजे 28 फीट पर जा पहुंचा। स्वर्णरेखा शीर्ष कार्य प्रमंडल के ईई चंद्रशेखर ने बताया कि डैम में अधिकतम जल संग्रहण की क्षमता 36 फीट है। डैम भरने में आठ फीट की कमी है।



### हिंडालको कर्मचारी सहकारिता साख सहयोग समिति के 42 वें वार्षिक आम सभा का हुआ समापन

# 38 सदस्यों को अतिथियों ने किया सम्मानित




**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली/मुरी**

हिंडालको एलुमिना क्लब में हिंडालको कर्मचारी सहकारिता साख सहयोग समिति लिमिटेड मुरी का 42वां वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनिट हेड संदीप आर पाटिल एवं संचालन देबू मांझी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हिंडालको एच आर हेड अरुण रॉय उपस्थित थे।उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 42 वां वार्षिक आम सभा में, सदस्यों ने समिति के कामकाज की समीक्षा की और भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श किया। यह सभा समिति के सदस्यों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है,जहां वे अपने विचारों और सुझावों को साझा कर सकते हैं। इस सभा में सदस्यों ने समिति के भविष्य के लिए कुछ महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए। इन निर्णयों में समिति के विकास और सदस्यों के कल्याण के लिए योजनाएं शामिल हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संदीप आर पाटिल ने समिति के अध्यक्ष ने समिति की लेखा-जोखा का अंकक्षेण प्रतिवेदन वर्ष 2021-2022, 2022-2023, 2023-2024 तक का विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि हिंडालको कर्मचारी सहकारिता साख सहयोग समिति लिमिटेड की 42 वां वार्षिक आम सभा एक सफल कार्यक्रम था, जिसने सदस्यों को एक साथ लाया और समिति के भविष्य के लिए एक मजबूत नींव रखी। वहीं समिति के सचिव महावीर महतो ने कहा कि अपने सदस्यों की विभिन्न आवश्यकतों की पूर्ति करते आ रहे हैं एवं उनके विपरित स्थितियों में भी आर्थिक कठिनाईयों का समाधान करने के लिए प्रयासरत हैं। जैसे आकस्मिक निधन, विवाह आदि स्थितियों में हमने पूर्णतः सहयोग करने का कोशिश किए है।

## लापुंग प्रखंड में जन्मेजय पाठक को मिला शिक्षा विभाग

**लापुंग।** मांडर विधानसभा क्षेत्र की विधायक और झारखंड सरकार की कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने लापुंग प्रखंड में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को अलग-अलग विभागों की जिम्मेवारी सौंपी है। राज्य सरकार की योजनाओं को प्रखंड में पूरी तरह से लागू करने के लिए पूर्व मंत्री बंधु तिर्की की अनुशंसा पर प्रखंड अध्यक्ष जयंत बरला को भुमि सुधार एवं भू-राजस्व विभाग, युवा कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष जन्मेंजय पाठक को शिक्षा विभाग, सुदामा महली को सहकारिता विभाग,विश्वनाथ उरांव को पशुपालन विभाग, विश्वनाथ मुंडा को स्वास्थ्य विभाग, सत्यनारायण पाठक को विद्युत उर्जा विभाग, सुरेश साहु को वन विभाग, सुशीला बरला को महिला एवं बाल विकास विभाग, जितेन्द्र उरांव को कल्याण विभाग तथा रफीक मियां को बैंक की जिम्मेवारी दी गई है। इस संदर्भ में कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष जयंत बरला ने सभी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने विभागों की जिम्मेवारी लेने तथा समर्पित भाव से जनता की सेवा करने का निर्देश दिया है।

## उपायुक्त के आदेश के बावजूद उर्सुलाईन कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय खुला रहा



**नवीन मेल संवाददाता। मुरी**

रांची जिले में भारी बारिश की संभावना को देखते हुए रांची जिला अंतर्गत संचालित सभी कोटि के सरकारी एवं गैर सरकारी सहायता प्राप्त एवं सभी निजी विद्यालयों को 19 जून दिन गुरुवार को बंद रखने का आदेश रांची उपयुक्त द्वारा जारी किया गया था परंतु उनके आदेश को धत्ता बताते हुए उर्सुलाईन कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय मुरी के विद्यालय प्रबंधन के द्वारा 19 जून दिन गुरुवार को विद्यालय संचालित किया गया जिससे विद्यार्थी काफी परेशान हो गये। इधर स्कूल प्रबंधन की मनमानी से अभिभावक भी काफी परेशान हैं। वहीं विद्यालय प्रबंधन द्वारा निर्धारित समय से पूर्व ही छुट्टी कर दिया गया और विद्यार्थियों को स्कूल परिसर से बाहर भेज दिया गया। समय से पूर्व छुट्टी कर देने के कारण विद्यार्थियों का वहां भी नहीं पहुंच पाया जिससे विद्यार्थी भारी बारिश में भीगते हुए अपने घर पहुंचे। इस गैर जिम्मेदाराना रवैया से अभिभावकों भी क्षुब्ध हैं।

## न्यूज बॉक्स

### चान्हो क्षेत्र में पागल कुत्ते ने किया हमला, 25 लोग हुए घायल

**चान्हो ।** थाना क्षेत्र के लुंडरी में एक पागल कुत्ते ने गुरुवार को लगभग 20 से 25 लोगों को काट लिया। जिसमें आसमीन खातून, नुसरत पप्रवीण, गुलनाज प्रवीण, रैयान अंसारी, प्रिंस उरांव, मुदिया उरांव, मंगरू उरांव समेत अन्य लोगों को कुत्ते ने काटा। जिससे पूरा गांव दहशत में है। सभी घायल लोग एंटी-रेबीज वैक्सीन लेने के लिए चान्हों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच रहे हैं। घटना की जानकारी लुंडरी गांव में पागल कुत्ते के हमले की खबर आग की तरह फैल गई, जिससे ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने तुरंत स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर अपनी जान बचाने के लिए एंटी-रेबीज वैक्सीन लगवाना शुरू कर दिया।

**स्वास्थ्य केंद्र की भूमिका :** चान्हों स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी इस स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। वे घायलों का इलाज कर रहे हैं और उन्हें आवश्यक वैक्सीन और उपचार प्रदान कर रहे हैं। चिकित्सा प्रभारी सरिता कच्छप ने बतलाया कि यहां पर एंटी रैबीज इंजेक्शन की पर्याप्त मात्रा है। साथ ही एंटी वेनम इंजेक्शन भी स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि पागल कुत्ते को कैसे पकड़ा जाए और ग्रामीणों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाए। प्रशासन और स्थानीय अधिकारियों को इस मामले में तुरंत कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

### लगातार हो रही बारिश से कई घर ध्वस्त सिंचाई कूप हुए जमीदोज



**मांडर/चान्हो।** पिछले तीन दिनों से लगातार हो रहे मूसलाधार बारिश के कारण क्षेत्र में कई मकान ध्वस्त हो गया है। साथ ही चोरेया निवासी कुदूस सारी का कुआं ढह गया और म सिंचाई मशीन कुएं में समा गया। मांडर प्रखंड अंतर्गत ग्राम कुरकुरा के रहने वाले रयन्ती देवी पति मनोज गिरी का मकान बारिश में गिर गया है। वहीं चान्हो प्रखंड के चोरेया गांव में सनाउल्लाह खान का घर और दुर्गा साहू का घर बारिश के कारण गिर गया।

**प्रशासन से मुआवजे की आस :** रयन्ती देवी ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। उन्होंने कहा कि वे अपने परिवार के लिए दोबारा मकान बनाने के लिए आर्थिक रूप से असमर्थ हैं। प्रशासन से उन्हें उम्मीद है कि वे उनकी मदद करेंगे और उन्हें मुआवजा प्रदान करेंगे।

### भारी बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त



**मुरी।** पिछले तीन-चार दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश के कारण लोगों का जीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। स्वर्ण रेखा नदी समेत कई जलाशय उफान पर हैं।वहीं अवरुद्ध नालों का पानी सड़कों पर आ गए हैं जिससे आम जनता परेशान हो गए हैं। लोग बाजारों में कम निकले जिससे व्यवसायियों का व्यापार में भी प्रतिकूल असर रहा।कई स्कूल बंद रहे और बैंकों में भीड़ बिल्कुल न के बराबर थी। कई दुकानदार ग्राहकों की इंतजार में बैठे रहे परंतु बाजार में चहल-पहल बिल्कुल नहीं थी। बिजली व्यवस्था भी चरमरा गई है जिसका असर बच्चों की पढ़ाई और कुटीर उद्योग में पड़ रहा है।

### ठाकुरगांव में 48 घंटे की भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, एकैसी महादेव मंदिर डूबा



ठाकुरगांव । बुढ़मू प्रखण्ड क्षेत्र में पिछले 48 घण्टे से हो रही लगातार बारिश के कारण सामान्य जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। वहीं उटरवाहिनी नदी ( भूर नदी) में स्थित एकैसी महादेव मंदिर पानी से भर गया है जिस कारण दो दिनों से नियमित पूजा पाठ बंद है। वहीं किसानों के खेतों में लगी हरी सब्जियां पूर्ण रुप से खराब हो गई है। दूसरी और कई कच्चे मकानों व चहारदीवारी की गिरने की सूचना है। बारिश के कारण पशुधनो को भी काफी दिक्कत हो रही है।

### प्रदेश लघु उद्योग भारती की नई कार्यकारिणी गठित

### विजय मेवाड़ अध्यक्ष, सत्यप्रकाश पांडेय उपाध्यक्ष व विनोद अग्रवाल बने महासचिव

**रांची।** लघु उद्योग भारती, झारखंड प्रदेश की नयी कार्यकारिणी (वर्ष 2025-27) का गठन किया गया है। इसकी घोषणा लघु उद्योग भारती, झारखंड प्रदेश की आमसभा में किया गया। नयी कार्यकारिणी में प्रांतीय अध्यक्ष विजय मेवाड़, प्रांतीय उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश पांडेय, ज्ञान चन्द्र जयसवाल (कोल्हान प्रभारी), प्रवीण झा, शैलेंद्र कुमार पांडे, कृष्ण नंदन सिंह, किशोर गोलछा, महा सचिव विनोद अग्रवाल, संयुक्त महासचिव प्रकाश हेमत्सरीया, अखिलेश्वर नारायण राय, सचिव अजय कुमार दाधीच, लाल बाबू सिंह पटेल, आनंद ढाबू (सोशल मीडिया प्रभारी), प्रदिप्तो मुखर्जी (दुमका) और कोषाध्यक्ष सरोज कांत झा को बनाया गया है। वहीं, कार्यकारिणी सदस्यों में राहुल खुराना, अरविंद नाथ सिंह (रांची), राकेश राज (रांची), आशा सिन्हा (रांची), मीना सिंह (रांची), ऊषा झा (जमशेदपुर), विनय गोयनका (बरही), पवन कनोई (रांची), प्रेम रंजन (बोकारो), आयुष गोयल ( बोकारो), सावरमल शर्मा (जमशेदपुर), राजेश लोधा (चाकुलिया), विजय पोद्दार (रामगढ़), मनोज सिंघानिया (दुमका), जनमजय प्रताप सिंह को शामिल किया गया है।

### पिठौरिया में कुआं धंसने से किसानों को हुआ नुकसान



**पिठौरिया।** पिठौरिया क्षेत्र में लगातार बारिश के कारण दिलेश्वर साहू का 42 फीट चौड़ा कुआं धंस गया। यह कुआं आसपास के किसानों के लिए सिंचाई का एकमात्र स्त्रोत था और इसका निर्माण 1999 में हुआ था। कुएं के धंसने से किसानों को बड़ा नुकसान हुआ है और उनकी फसलें प्रभावित होंगी। और लगातार बारिश के कारण जमीन की स्थिति कमजोर हो गई, जिससे कुआं धंस गया। इस तरह की घटनाएं अक्सर भारी बारिश के दौरान होती हैं, जब जमीन पानी को अवशोषित नहीं कर पाती और संरचनाएं कमजोर हो जाती हैं।

### बेड़ो व ग्रामीण क्षेत्र में मूसलाधार बारिश का कहर

## खेतों में जलजमाव से साग सब्जी समेत फसलें बर्बाद

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड में सोमवार से हो रही लगातार बारिश ने आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त हो गई है। वहीं लगातार हो रही बारिश से डायवर्सन बह गई। वहीं लगातार बारिश के कारण बेड़ो और आसपास के क्षेत्रों के खेतों में जलजमाव हो गया है। जहां खासकर हरी सब्जियों की तैयार फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है और उन्हें भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी रही है। वहीं गुरुवार को साप्ताहिक मंडी में किसानों थोक सब्जियां औने पौने दाम में बेचा। मंडी में टमाटर सात से आठ रु0, बोदी पांच से छह रु0, नेनुआ छह से सात रु0, बंधा गोभी छह से सात रु0, खीरा पांच से छह रु, झींगा नौ से दस रु, भिंडी छह से सात रु0, बैगन सोलह से सत्रह रु0, फूलगोभी पंद्रह से सोलह रु0 थोक भाव में बिकी। इधर किसानों का कहना था कि अभी सब्जी के खेत में पानी भर गया है जिससे सब्जी बर्बाद हो गई।

## विशेष मध्यस्थता अभियान के चौथे दिन 11 ममाले सुलझे

**रांची।** मध्यस्थता केंद्र में आयोजित पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान के चौथे दिन परिवार न्यायालयों से कुल 35 (पैंतीस) मामले अग्रसारित होकर मध्यस्थता केंद्र में प्राप्त हुए, जिन्हें भिन्न-भिन्न मध्यस्थों को सुपुर्द किया गया, जिनमें कुल 11 (ग्यारह) मामलों में सफलता मिली और दोनों पक्ष राजी-खुशी से अपने मामले को समाप्त करने के लिए तैयार हो गये। अन्य मामलों में अभी अंतिम स्तर की बातचीत बाकी है, इसलिए वे मामले विशेष मध्यस्थ के पास अगले स्तर के सुनवाई के लिए लंबित है। ज्ञात हो कि डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर के निर्देश पर व्यवहार न्यायालय, रांची के मध्यस्थ एवं अधिवक्तागण वादों के निस्तारण में एक-दूसरे का सहयोग भी कर रहे हैं, ताकि वादकारियों को किसी तरह का परेशानियों का सामना न करना पड़े और ससमय वादों का निस्तारण किया जा सके।

## निर्माणाधीन कुंआ से दो बच्चों का शव बरामद

**चान्हो।** टांगर पंचायत सचिवालय भवन के बगल में रविकांत सिंह के सिंचाई कूप (मनरेगा) खोदी जा रही कुआं से दोबच्चों का शव बरामद किया गया। चान्हो पुलिस शव को अपने कब्जे में लिया।

## विश्व सिकल सेल दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**रांची।** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन की बीएड एवं डीएलएड इकाई द्वारा विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सिकल सेल रोग के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना तथा इससे बचाव और प्रबंधन की जानकारी देना था। जागरूकता कार्यक्रम में प्रशिक्षु शिक्षकों ने सिकल सेल रोग की पहचान, लक्षण और उपचार के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

### बंद खदानों में मछली पालन रोजगार का बेहतर विकल्प

# कोल इंडिया के अधिकारियों ने किया मछली पालन के केज का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

कोल इंडिया लिमिटेड की छह कंपनियों के अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को एनके एरिया अंतर्गत तुमांग में केज कल्चर विधि से मछली पालन प्रोजेक्ट का निरीक्षण करने पहुंचा। यह दौरा कोल इंडिया मुख्यालय, कोलकाता के पर्यावरण प्रबंधन प्रकोष्ठ के समन्वय में किया गया। इसका उद्देश्य बंद पड़ी खदानों के वैकल्पिक उपयोग के तहत मछली पालन जैसी आजीविका गतिविधियों की संभावनाओं का मूल्यांकन करना था। खलारी पहुंचने पर सभी अधिकारी एनके एरिया के महाप्रबंधक दिनेशकुमार गुप्ता से मिले। इस दौरान केज कल्चर, पर्यावरणीय प्रभाव, स्थानीय सहभागिता, आजीविका सृजन तथा बंद खदानों के पुनः उपयोग जैसे मुद्दों पर गहन चर्चा हुई। बैठक के बाद अधिकारियों का दल खिलानधौड़ा और नौ नंबर स्थित केज कल्चर का निरीक्षण करने पहुंचा। यहां प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति के अध्यक्ष बालेश्वर गंझू ने सभी अधिकारियों का स्वागत किया और केज कल्चर की कल्पना, संचालन प्रणाली, मछली उत्पादन, चारा प्रबंधन, बिक्री व्यवस्था और इससे हो रही आय की जानकारी विस्तार से दी। उन्होंने बताया कि यह योजना सीसीएल के बंद खदानों को मत्स्य पालन के लिए उपलब्ध कराकर ग्रामीण और विस्थापितों को रोजगार देने के उद्देश्य से शुरू की गई है। समिति के कार्यों को देखकर काफी संतोष हुआ है। इस माडल को अन्य सहायक कंपनियों में भी अपनाया जाएगा। निरीक्षण दल में शामिल अन्य अधिकारियों ने भी परियोजना की सराहना की और कहा कि इससे खनन प्रभावित क्षेत्रों में आजीविका के नए रास्ते खुल सकते हैं। निरीक्षण दल में कोल इंडिया मुख्यालय के डेंगमे एपी, ईसीएल से अभिनंदन दास, प्रोवशिस घोष, एमसीएल से सुजाता एएम, एनसीएल से स्वप्निल तिवारी, एसईसीएल से प्रदीपकुमार द्विवेदी, सतीश कुमार, डब्ल्यूसीएल से असीमअली पी, आशुतोष गुप्ता शामिल थे। स्थानीय अधिकारी में रोहिणी पीओ दीपक कुमार व एरिया एनवायरमेंट आफिसर दिव्य प्रकाश के अलावा मत्स्य समिति के सभी सक्रिय सदस्य उपस्थित थे।

## बकरी बाजार दुर्गा मंदिर का 26 वां स्थापना दिवस आज

**रांची।** भारतीय युवक संघ, बकरी बाजार दुर्गा मंदिर का 26वां स्थापना दिवस आज शुक्रवार को मनाया जाएगा। आज से ठीक 26 वर्ष पूर्व संस्था के सदस्यों और समाज के सहयोग से 1999 में इस भव्य मंदिर का निर्माण कराया गया था। मंदिर की भव्यता पूरे रांची शहर को अपने ओर आकर्षित करती है। राज्य की सबसे बड़ी दुर्गा पूजा का भी आयोजन इसी मंदिर के प्रांगण से शुरू होता है। 20 जून को भव्य 26वा स्थापना मानने के लिए सभी सदस्य जोर शोर से लगे हुए है। माता रानी के जयकारे, पूजन एवं आरती के साथ एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी श्रद्धालुओं के बीच चना घुघनी, सूजी हलवा, पूरी, सब्जी, बुंदिया और भुजिया का प्रसाद मां के भक्तो के बीच दोपहर 12 बजे से वितरण किया जाएगा। माता रानी के नयनाभिराम झांकी, मनमोहक दरबार, मंदिर परिसर कि साज- सज्जा एवं बाहरी श्रृंगार विषेश आकर्षण का केंद्र बनेगा।

# राहगीरों की प्यास बुझाता निःशुल्क चलंत प्याऊ 'अग्रसेन धारा'



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अग्रवाल युवा सभा द्वारा संचालित तीन निःशुल्क चलंत प्याऊ, अग्रसेन धारा ने विगत 61 दिनों तक निरंतर निःशुल्क सेवा प्रदान की है। इस सेवा ने पिछले 61 दिनों में निरंतर बारी - बारी से शहर के विभिन्न स्थानों में जाकर वहां के नागरिकों, दुकानदारों एवं राहगीरों को शीतल पेय जल, सत्तू पानी, ग्लूकोज पानी, आम पानी, रूह अफजा शर्बत एवं अन्य पेय पदार्थ की सुविधा उपलब्ध करायी है। अध्यक्ष रौनक झुनझुनवाला ने बताया कि यह चलंत प्याऊ सेवा हमारे दानदाताओं के वंदनीय एवं सराहनीय प्रयास से विगत तीन वर्षों से अग्रवाल युवा सभा द्वारा चलाया जा रहा है। इस वर्ष अग्रसेन धारा ने 61 दिनों में श्रद्धानंद रोड, कुंजलाल स्ट्रीट, सोनार पट्टी, बारूद दुकान गली, नॉर्थ मार्केट रोड, ईस्ट मार्केट रोड, वेस्ट मार्केट रोड, प्यादा टोली, महावीर चौक, गाँधी चौक, बड़ा लाल स्ट्रीट, कोतवाली थाना, नागा बाबा खटाल, राजभवन, कचहरी रोड, पंडरा बाजार समिति, रवि स्टील पंडरा, रातु रोड, लालपुर अग्रसेन चौक, मेन रोड, सुजाता चौक, कांके रोड, हरमू रोड, सहजानंद चौक, आदि जगहों पर अपनी सेवा प्रदान की है। साथ ही हम तहे दिल से आभार प्रकट करते हैं हमारे समस्त दान-दाताओं का जिनके सहयोग से निरंतर 61 दिनों तक इस निःशुल्क चलंत प्याऊ अग्रसेन धारा का सफल संचालन हो पाया। साथ ही हम आभार प्रकट करते हैं इस चलंत प्याऊ अग्रसेन धारा के तीनों ठेले चालक का जिन्होंने निःस्वार्थ भाव से निरंतर 61 दिनों तक राहगीरों को दोपहरी की तपती धूप में यह सेवा प्रदान की। अग्रवाल युवा सभा आने वाले दिनों में भी इस तरह के और भी सामाजिक कार्य करती रहेगी। उक्त जानकारी प्रवक्ता अरुण पोद्दार एवं मीडिया प्रभारी सुमित महलका ने दी।

## पुलिस अधिकारी अनाथ दुल्हन का बना 'बाप' धूमधाम से रचवाई शादी



**जामताड़ा ।** आमतौर पर यह धारणा प्रचलित है कि 'पुलिस अपने बाप की भी नहीं होती।' लेकिन, यहां तो एक पुलिस अधिकारी अनाथ दुल्हन का 'बाप' बना और धूमधाम से शादी भी रचवा दी। जामताड़ा के एसपी राज कुमार मेहता ने यह जिम्मेदारी संभालकर कर समाज के सामने पुलिस का एक अलग मानवीय चेहरा पेश किया है।एसपी राज कुमार मेहता ने जामताड़ा जिले के मेंझिया गांव की अनाथ संथाली लड़की बासोमती किस्कू की शादी करायी गई।एसपी ने एक पिता के रूप में शादी में जरूरत की सभी सामान सहित कई गिफ्ट दिए और दूल्हा दुल्हन को आशीर्वाद दिया।बताया गया कि लड़की के माता पिता और दो भाइयों की मौत हो चुका है।संथाली लड़की अनाथ हो गई थी।

## पिठौरिया में ज्वेलरी शॉप में सेंधमारी, लाखों के गहने चोरी



**पिठौरिया ।** थाना क्षेत्र के अंबेडकर चौक स्थित राममोहन कॉम्प्लेक्स में बीती रात अज्ञात चोरों ने सचित ज्वेलरी शॉप में सेंधमारी कर लाखों के सोने-चांदी के गहने और नकदी चोरी कर ली। चोरों ने दुकान से सटी रंजीत जूता दुकान की दीवार काटकर अंदर प्रवेश किया और सेंदमेरी तकनीक से चोरी को अंजाम दिया।दुकानदार सचित सोनार सुबह दुकान पहुंचे तो टूटे दीवार और खाली शोकेस देख दंग रह गए। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद पिठौरिया पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। और पुलिस ने डॉग स्क्वायड की मदद से चोरों का पता लगाने की कोशिश की। थाना प्रभारी अभय कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। और जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा। लेकिन व्यापारियों ने सुरक्षा बढ़ाने और रात्रि गश्ती तेज करने की मांग की है। उनका कहना है कि पुलिस की गश्ती बढ़ने से ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सकती है।

### बदहाल टीआरआई | आदिवासियों के बड़े हितैषियों का टीआरआई की उपेक्षा चिताजनक

# टेंडर में हुई धांधली की शिकायतों की होगी जांच : निदेशक




टीआरआई में टेंडर के नाम पर होती है रस्म अदायगी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एक तरफ विभीन्न पार्टियां और कुछ आदिवासी नेता अपने को आदिवासियों का सबसे बड़ा हितैषी साबित करने की होड़ में लगे रहते हैं। दूसरी ओर पूर्वी भारत का जनजातीय अनुसंधान संस्थान जिसे डॉ. रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान के नाम से जाना जाता है, अनेक संकटों से जूझ रहा है। इस विषय पर राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार ने दो बार समाचार प्रकाशित की है। कभी यह संस्थान शोध, कोचिंग क्लासेस, पुस्तकें-बुलेटिन के प्रकाशन के साथ जनजातियों के खान-पान, वेश -भूषा,रहन-सहन पर चलचित्र बनाती थी आज यह वीरान नजर आता है। डॉ. रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान का कार्यालय खंडहर बन चुका है, प्लास्टर टूट कर गिरते हैं। वहीं डॉक्यूमेंट्री फिल्में पब्लिक डोमेन में नहीं हैं। बुलेटिन प्रकाशित नहीं होती है वहीं टेंडर में घाल मेल होते हैं। टेंडर में धांधली होती है, इसलिए कोई यहां आवेदन नहीं करता। कभी कभी तीन बार तक टेंडर रिजेक्ट हुए हैं, वहीं अंक बढ़ाकर पसंदीदा संस्था को टेंडर देने की बात सामने आई है। राष्ट्रीय नवीन मेल के संवादाता ने टी आर आई के निदेशक सुधीर बाड़ा से पूछा कि डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाने का टेंडर तीन बार रिजेक्ट हुआ उसके बाद आपकी अनुपस्थिति में पास कर दी गई। किसी एक संस्थान को बार बार कैसे टेंडर मिल जाती है वहीं टेंडर पास करने के लिए सदस्यों पर दबाव बनाकर अंक बढ़ाने की बात सामने आई है।

डा रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान के निदेशक सुधीर बाड़ा ने कहा कि टेंडर की जांच होगी अगर गलत तरीके से टेंडर दिया गया होगा तो टेंडर कैंसिल किया जाएगा।

## माइक्रो फाइनेंस कर्मी महिला मंडल से किश्त वसूल कर हुआ फरार

**बरही।** मधेशिया मुहल्ला धनबाद रोड बरही में संचालित स्वमान फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड नामक माइक्रो फाइनेंस कंपनी के मैनेजर रवि रंजन कुमार ने अपने ही शाखा के क्षेत्र सहायक पर 54060 रुपए लेकर फरार होने को लेकर बरही थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई है. आरोपी क्षेत्र सहायक अभिषेक कुमार वर्णवाल (21 वर्ष) जो गिरिडीह का रहने वाला है. उस पर बीते 10 जून को चपरीखुर्द 1 से 2380 रु, चपरीखुर्द 2 से 8430 रु, सिरमा से 2550 रू, केदुआ से 8050 रु, लोहड़ी से 10580 रु, गौशाला से 5650 रु और बारा से 1100 रु की साप्ताहिक किश्त वसूली किया.

# राहुल गांधी के जन्मदिवस पर पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

दुलमी प्रखंड बुध बाजार सिरु में गुरुवार को बीस सूत्री अध्यक्ष सह जिला कांग्रेस प्रवक्ता सह मीडिया चेयरमैन सुधीर मंगलेश के नेतृत्व में लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर सुधीर मंगलेश ने कहा कि राहुल गांधी की सोच सदैव जनहित, सामाजिक न्याय और पर्यावरण संतुलन पर केंद्रित रही है। उनके जन्मदिन को सार्थक बनाते हुए आज हमने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और क्षेत्र में पौधारोपण कर हरियाली को बढ़ावा देने का प्रयास किया। उन्होंने यह भी कहा कि वृक्षारोपण केवल एक प्रतीकात्मक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और स्वच्छ पर्यावरण देने की दिशा में जरूरी कदम है। हम सभी को इस दिशा में आगे आना चाहिए। राहुल गांधी जी को शुभकामनाएं देते हुए पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। मौके पर उतम कुमार,करमू कुमार,बिनोद कुमार,बबलू कुमार, कुंदन कुमार, बालकिशोर महतो, सुमित कुमार, जितेंद्र कुमार, मंटू कुमार, दिलचंद महतो,बिरसा कुमार, सिकेन्दर कुमार आदि उपस्थित थे।

## राहुल गांधी का जन्म दिन धूम-धाम से मनाया गया

हजारीबाग। जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी का 54 वां जन्म दिन केक काटकर मनाया गया और उनहे जन्म दिन की बधाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि देश की आशा, युवाओं की आवाज संविधान के रक्षक राहुल गांधी का जीवन सत्य, अहिंसा और भाईचारा के मुल्यों पर आधारित है। " भारत जोड़ो यात्रा " ने देश को जोड़ने और नफरत के खिलाफ मोहब्बत की आवाज बुलंद करने और आम जनता की पीड़ा को सांसद तक पहुंचाने का काम किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक देव, विनोद सिंह, विरेन्द्र कुमार सिंह, संजय तिवारी मीडिया अध्यक्ष निसार खान महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, राजू चौरसिया, सहकारिता विभाग के अध्यक्ष कृष्णा किशोर प्रसाद एसी सेल अध्यक्ष मुकेश पासवान, चंदन गुप्ता, विजय कुमार सिंह अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

# आदिवासी बहुल क्षेत्र डुमरडीहा में पिछले दो सप्ताह से बिजली गुल



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के चेचकपी पंचायत अंतर्गत आदिवासी बहुत क्षेत्र डुमरडीहा में पिछले दो सप्ताह से ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर है। इस संबंध में बुधवार को भारत जकात मांझी परगना महल के प्रखंड सचिव मनोज मुर्मू ने कहा हम लोग कई बार जनप्रतिनिधि और बिजली विभाग के अधिकारियों को इसकी सूचना दे चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुआ है। यहां हाथियों का आगमन भी हो चुका है और पूरे गांव अंधेरे में है।ऐसी स्थिति में लोगों के बीच भय बना रहता है। वहीं स्थानीय ग्रामीण रंजीत हांसदा ने कहा ट्रांसफार्मर खराब होने से बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है।अंधेरे के कारण लोगों को जहरीले जीव का भय बना रहता है। वहीं राजू साव ने कहा डुमरडीहा के जंगल में हाथी कुछ दिनों से अपना डेरा जमाए हुए हैं। इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि हाथी कभी भी गांव पहुंचकर तबाही मचा सकते हैं। वही बबुन मुर्मू ने कहा कि हमारे घर के ऊपर से 11000 वोल्ट तार गुजारा है जिससे हम लोगों को करंट लगने का डर बना रहता है।

### 10 दिवसीय सीएटीसी-7 कैंप में बच्चे लेंगे भाग

# एनसीसी जीवन को संयमित रहने का देता हैं संदेश : प्राचार्य



**बरही।** एनसीसी के 10 दिवसीय सीएटीसी-7 शिविर में भाग लेने के लिए डीएवी पब्लिक स्कूल से कुल 23 कैडरों को प्राचार्य डॉ ए के मैढ़ ने शुभकामनाओं के साथ रवाना किया. शिविर झारखंड बटालियन एनसीसी की ओर से राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सिलवार (मेरु) में आयोजित किया जाना है. जहां बच्चे एनसीसी ऑफिसर डॉ दीपक शरण की अगुवाई में बंदूक चलाना, अनुशासन, नेतृत्व करना, परेड और आत्म सुरक्षा आदि जैसे कई महत्वपूर्ण गुण सीखेंगे. प्राचार्य डॉ मैढ़ ने कहा कि एनसीसी बच्चों के जीवन में अनुशासन के साथ कर्तव्य भावना जगाता है. जो अनुशासन और संयमित रहने का संदेश देता है. उन्होंने सभी बच्चों से शिविर में सिखाए जाने वाले जानकारियों को गंभीरता से सिखने की बात कही.

### उपायुक्त ने जिला पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण को लेकर की बैठक

# कानून का उल्लंघन करने वाले कारखानों पर कार्रवाई का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**



उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में गुरुवार को समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की समीक्षा की। बैठक के दौरान उपायुक्त ने प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अधिकारियों को रामगढ़ जिला अंतर्गत अलग-अलग क्षेत्र में संचालित कारखानों का नियमित रूप से जांच करते हुए प्रदूषण नियंत्रण मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने एवं जिन कारखानों द्वारा प्रदूषण नियंत्रण मानकों का अनुपालन नहीं किया जा रहा है उन पर कार्रवाई करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा रीना कुजूर को रामगढ़ जिला अंतर्गत संचालित सभी कारखानों के सीटीओ एवं सीटीई संबंधित प्रतिवेदन संलग्न कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक, वन प्रमंडल पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में प्रदूषण मॉनिटरिंग उपकरणों को स्थापित करने, बायो मेडिकल वेस्ट प्रबंधन आदि के संबंध में चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## मिश्राइनमोढा में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष शिविर का आयोजन

**गिद्दी।** मिश्राइनमोढा पंचायत सचिवालय में बुधवार को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान कार्यक्रम शिविर का आयोजन किया गया। डाड़ी बीडीओ, सीओ आदि ने शिविर की शुरूआत दीप जलाकर किया। इसके बाद डाड़ी बीडीओ अनुप्रिया, सीओ केके वर्मा ने शिविर लगाए जाने का उद्देश्य और विभिन्न विभागों के चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही उसे लाभ लेने हेतु प्रेरित किया।इसमें सर्वांगीण जनजातीय विकास, उनके बुनियादी ढांचे - जैसे सड़क, आवास, जल, उनके स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, विद्युत सेवा, कृषि उत्थान, उनके रोजगार आदि से संबंधित सेवाओं को सुदूर स्थित सभी व्यक्तियों तक पहुँचाने, उनके कारगर बदलाव के लिए सरकारी प्रयास को एकीकृत करने का प्रयास किया गया। शिविर में बाल विकास परियोजना विभाग, राजस्व विभाग, लघु एवं कुटीर उद्योग, कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जेएसएलपीएस योजनाओं के बारे में बताया गया।

### कोनरा पंचायत मुख्यालय में नशापान के विरुद्ध लिया गया संकल्प

# नशापान एक कोढ़ है जो आदमी को खोखला बनाता है, त्याग करें : यूसुफ



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

डिजिटल पंचायत संचालक जयदीप कुमार सिन्हा की अगुवाई में कोनरा पंचायत मुख्यालय में नशामुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि कोनरा भाग 1 के पंचायत समिति सदस्य मो यूसुफ व विशिष्ट अतिथि भाग 2 के पंसस प्रतिनिधि मो सगीर शामिल हुए. जिसमे कुछ वार्ड सदस्य सहित कोनरा पंचायत के प्रबुद्धजन शामिल हुए. वीएलई ने लोगों को नशा के खिलाफ लोगो को जागरूक करते हुए पंचायत क्षेत्र को नशामुक्त बनाने का आह्वाहन किया. उपस्थित लोगों ने भी अपने पंचायत क्षेत्र में होने वाले नशापान को रोकने में अपनी भागीदारी निभाने की बात कही. मुख्य अतिथि ने नशापान के दुष्परिणामों पर चर्चा करते हुए युवाओं को इसके सेवन से बचने की अपील किया. उन्होंने कहा कि नशापान एक कोढ़ है को आदमी को खोखला बना देता है. पंसस प्रतिनिधि ने भी लोगों से नशा के विरुद्ध एकजुटता दिखाते हुए स्वयं को नशापान से दूर रहते हुए दूसरे को भी दूर रहने के लिए प्रेरित करने की बात कही. साथ ही पंचायत क्षेत्र में इसकी बिक्री और प्रयोग पर विराम लगाने की अपील किया.

## दामोदर पर नए पुल का रास्ता साफ, जर्जर पुल की होगी मरम्मत

**भुरकुंडा।** रामगढ़ और हजारीबाग जिले को भुरकुंडा व गिद्दी की सीमा पर जोड़ने वाला दामोदर नदी पर बना जर्जर पुल अब जल्द ही मरम्मत के बाद सुरक्षित हो जाएगा और इसके साथ ही एक नए पुल के निर्माण का रास्ता भी साफ हो गया है। यह संभव हो सका है झारखंड सरकार के श्रम एवं नियोजन मंत्री संजय प्रसाद यादव की पहल से। इस मामले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री से मुलाकात कर पुल की गंभीर स्थिति से अवगत कराया था। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष गिरधारी गोप ने किया। उन्होंने मंत्री को बताया कि वर्षों पुराना यह पुल अब अत्यंत जर्जर स्थिति में है। कोयला लदे भारी वाहनों की लगातार आवाजाही से पुल के पीलर कमजोर हो गए हैं और कई जगहों पर लोहे की छड़ें बाहर निकल आई हैं।

# गिद्दी में नदी का जलस्तर बढ़ा घरों में घुसा पानी

**गिद्दी।** गिद्दी कोयलांचल में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश से गिद्दी कोयलांचल की दो प्रमुख नदियों दामोदर और मरनगढ़ा नदी का जलस्तर काफी अधिक बढ़ गया है। इससे दोनो नदी के अगल बगल रहने वाले गिद्दी और रेलीगढ़ा के कई घर में नदी का पानी घुस गया है। जिसके कारण घर में रहने वाले लोग अपने घर छोड़ कर सार्वजनिक भवन, विद्यालय, पंचायत भवन आदि सुरक्षित जगह पर जाने को मजबूर हुए हैं। वहीं गिद्दी पोस्ट ऑफिस कॉलोनी, साइडिंग के सामने वाले वनबी कॉलोनी सहित माइनस क्वार्टर मुहल्ला के अनेको क्वार्टर में सड़क का पानी घुसने से रहने वालों की परेशानी बढ़ी है। इधर लगातार होने वाले बारिश और जल जमाव के कारण गिद्दी ए, रेलीगढ़ा और गिद्दी सी परियोजना के खदान में उत्पादन कार्य प्रभावित हुआ है। गिद्दी दामोदर पुल पर वाहनों का आवागमन हुआ कमः लगातार तीन दिन से हो रहे बारिश से दामोदर में आए बाढ़ के कारण गुरुवार को गिद्दी दामोदर पुल पर वाहनों का आवागमन कम हुआ है। गिद्दी भुरकुंडा को जोड़ने वाला गिद्दी दामोदर पुल के पुराना, जर्जर होने और नदी के पानी के उफान के कारण सुरक्षा के मदेनजर वाहनों के पुल पर आवागमन कम किया है। डाड़ी अंचल अधिकारी केके वर्मा ने लगातार बारिश के कारण जलस्तर बढ़ने के कारण गुरुवार को दामोदर और मरनगढ़ा नदी का मुआयना किया है। साथ ही सीओ ने क्षेत्रीय कर्मचारी, राजस्व उपनिरीक्षक, पंचायत सचिव, वीएलडब्लू और पर्यवेक्षक स्तरीय पदाधिकारी को भारी बारिश को देखते हुए अपने पंचायत से संपर्क बनाए रखने का निर्देश दिया है।

# भुरकुंडा में विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस मना

**भुरकुंडा।** वरिष्ठ नागरिक मंच ने भुरकुंडा पंचायत भवन में विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरुकता दिवस का आयोजन किया। इसकी अध्यक्षता अशोक कुमार चौहान ने और संचालन आरपी राणा ने किया। कार्यक्रम में सबों ने बुजुर्गों पर हो रहे दुर्व्यवहार पर चिंता जाहिर की। मंच के अध्यक्ष अशोक चौहान ने कहा कि समाज के लिए यह एक गंभीर विषय है। इसलिए लोगों को जागरूक करना निहायत ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को अपने माता-पिता और बुजुर्गों के साथ आदरपूर्वक व्यवहार करना चाहिए। अन्य वक्ताओं ने कहा कि यदि कोई संतान अपने माता-पिता की देखभाल नहीं करता है तो बुजुर्ग अपने भरण-पोषण का कानूनी अधिकार ले सकते हैं। सबों ने कहा कि यदि हर औलाद अपने माता-पिता की देखभाल करे, तो वृद्धाश्रम की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में केपी. मुखर्जी, विशेश्वर पासवान, लालबाबू पासवान, सुरेश महतो, एनके त्रेहान, श्रीनिवास अग्रवाल, देबू चटर्जी, रामानुज सिंह, भोला प्रसाद, देवकुमार पंडित, रामनाथ, अमन चौहान, पप्पी आदि ने योगदान दिया।

### जनजातीय परिवार को सरकारी लाभ दिलाने रानीचुवां पहुंचा प्रखंड प्रशासन

# विरहोरों को मुख्य धारा से जोड़ना सरकार का एक मात्र लक्ष्य : जिप उपाध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**



धरती आभा ग्राम उत्कर्ष अभियान के दूसरे दिन प्रखंड प्रशासन सुदूरवर्ती क्षेत्र रानीचुवां पंचायत सचिवालय पहुंचा. जहां जनजातीय परिवार को विकास के मुख्य धारा से जोड़ने के लिए शिविर लगाए गए. जिसका शुभारंभ जिप उपाध्यक्ष किशन यादव भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर स्थानीय मुखिया रीता मूर्ति आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. मुख्य अतिथि ने शिविर के उद्देश्य से लोगों को अवगत कराया साथ ही सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रमो का अधिकाधिक लाभ लेने की सलाह दिया. भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने विरहोर परिवार के विकास के लिए जमीनी स्तर पर कार्य करने की बात कही. उन्होंने कहा की योजनाएं बहुत सारी हैं, जिसे समर्पित भाव से धरातल पर लाने की आवश्यकता है. शिविर में प्रखंड की ओर से सरकार द्वारा संचालित किए जा रहे योजनाओं की जानकारी दी गई. साथ हीं वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड, वोटर कार्ड, पशुधन योजना, बागवानी योजना आदि विभिन्न योजनाओ के लिए जनजातीय परिवार को बताया गया. इस अवसर पर अंचल कार्यालय की ओर से जाति, आय, आवासीय, म्यूटेशन, लगान आदि के लिए स्टॉल लगाये गए थे.

**भारी नुकसान** मांगुर मछली लदी यात्री बस डिवाइडर से टकराकर पलटी, मछली की लूट

# कोलकाता जा रही सियाराम बस दुर्घटनाग्रस्त, कई घायल

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**



- **हादसे के बाद स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई**
- **पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है**

गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत जीटी रोड स्थित बाराटांड़ मोड़ के समीप गुरुवार अहले सुबह करीब 5 बजे एक यात्री बस डिवाइडर से टकराकर पलट गई। कोलकाता के बाबूघाट से गया जा रही सियाराम यात्री बस संख्या बीआर02पीबी 2707 के दुर्घटनाग्रस्त होने से कई यात्री घायल हो गए। जिसमें से बाराचट्टी गया निवासी मोहम्मद जावेद 30 वर्ष पिता मोहम्मद जमाल तथा उसकी पुत्री मताशा प्रवीण 13 वर्ष घायल हो गई।घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में किया गया। चिकित्सकों ने मोहम्मद जावेद की स्थिति गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। साथ ही अन्य घायलों का इलाज निजी क्लिनिक में किया गया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस की रफ्तार तेज थी और चालक ने नियंत्रण खो दिया। जिससे बस डिवाइडर से टकराकर पलट गई। बस के छत पर रखी मांगुर मछली भी सड़क पर बिखर गई। जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने जमकर लुटे। घटना की सूचना पर गोरहर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायलों को बस से बाहर निकाला। राहत एवं बचाव कार्य तेजी से शुरू किया गया। साथ ही क्रेन की सहायता से पलटी हुई बस को सड़क से हटाया गया। पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि कोलकाता से प्रतिदिन सैकड़ों छोटी बड़ी वाहन जीटी रोड़ से प्रतिबंधित मांगुर मछली लेकर गुजरते हैं, लेकिन इस पर पुलिस प्रशासन मौन धारण किए हुए हैं। इधर पुलिस का कहना है कि इस दुर्घटना से कितना नुकसान हुआ अभी जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। पुलिस जांच के बाद ही बता सकती है।

## मतदान केंद्र की नजरी नक्शा को लेकर प्रशिक्षण शिविर

**गिद्दी।** डाड़ी प्रखंड सभागार में बुधवार को बीडीओ की अध्यक्षता में सभी मतदान केंद्रों के ज्यार्फेसिंग, नजरी नक्शा तैयार करने के लिए एक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में सभी बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर, कंप्यूटर ऑपरेटर सहित प्रखंड कर्मी उपस्थित थे। प्रशिक्षण के दौरान सभी बीएलओ को नजरी नक्शा तैयार करने की तिथि से अवगत कराया गया। साथ ही सभी मतदान केंद्र मैप, रुप रेखा तैयार करने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर जीपीएस अजीत कुमार तिवारी, किरण प्रभा तिर्की, वीणा देवी, शालू सिन्हा, रूचिता देवी, बिमला, मीना देवी, सुनिता देवी, सुमित्रा देवी, अंजू देवी आदि उपस्थित थीं।

# न्यूज बॉक्स

## श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी ने किया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**हजारीबाग।** श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी द्वारा केरेडारी स्थित सलगा पंचायत भवन में शुक्रवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइसेंस एंड होस्पिटल, संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल एवं श्रीनिवास डायग्नोस्टिक के संयुक्त तत्वावधान में मुफ्त स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। सामान्य स्वास्थ्य, दांत, नेत्र, सुगर, क्लोस्ट्रोल एवं रक्त का जांच जरूरतमंदों को मुफ्त प्रदान की गई। स्कूली बच्चे, शिक्षक एवं कई जरूरतमंद मरीजों ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। 40 से अधिक लोगों का निशुल्क जांच हुई। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि बुनियादी उपचार जरूरतमंदों को निशुल्क उपलब्ध कराना एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना मुख्य उद्देश्य है। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में डॉ दीपांशु रंजन, शुभम कुमार, वैष्णवी कुमारी एवं पीआरओ राज कुमार ने अपना सरहानीय योगदान दिया।

## लगातार हो रही बारिश के बीच औचक निरीक्षण में डीईईओ पहुंचे चौपारण, एडीपीओ रहे मौजूद



**बरही।** मौसम विभाग के रेड अलर्ट और उपायुक्त के निर्देशानुसार गुरुवार को जिले के 1 से 8 तक की सभी कक्षाएं बंद किए गए थे. जबकि 9वीं से ऊपर की सभी कक्षाएं नियमित संचालित करने के निर्देश थे. लगातार हो रहे वारिस के बीच जिला कार्यक्रम सह शिक्षा पदाधिकारी प्रवीण रंजन और अतिरिक्त जिला सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी कौशल किशोर चौपारण प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया. डीईईओ श्री रंजन ने बताया कि यह एक रूटीन निरीक्षण था. वारिस में विद्यार्थियों या विद्यालय कर्मियों को कोई परेशानी नही हो इसकी जानकारी लेने के लिए उनलोगों ने औचक निरीक्षण किया. इस दौरान दोनों अधिकारियों ने मानगढ़ स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का भी निरीक्षण किया. जहां अत्यधिक वर्षा के कारण चहारदीवारी का कुछ हिस्सा गिर गया था. जिसे उन्होंने वार्डेन को तत्काल मरम्मती करवाने का निर्देश दिया. डीईईओ ने बताया कि सभी जगह स्थिति सामान्य थे और नियमानुसार शिक्षण कार्य हो रहे थे.

## बारिश के पानी ने बुढाखाप गंधौनिया शिव मंदिर को किया जलमग्न



**रामगढ़।** जिला में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश का जन जीवन पर व्यापक प्रभाव पड़ा है। बारिश के कारण कुजू ओपी क्षेत्र स्थित बुढाखाप गंधौनिया स्थित शिव मंदिर भी नदी के पानी में जलमग्न हो गया है। मात्र मंदिर का गुम्बद नजर आ रहा है। लोगों को कहना है कि इस बारिश से लोग काफी परेशान नजर आ रहे हैं। सभी का आवागमन ठप हो गया है। वाहनों का आनाजाना भी मुश्किल हो गया है।

## वरिष्ठ वामपंथी नेता कामरेड रामनरेश कुमार का निधन शोक की लहर



**हजारीबाग।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के वरिष्ठ नेता कामरेड रामनरेश कुमार का गुरुवार को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग में 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे पिछले कुछ वर्षों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन की खबर से हजारीबाग शहर सहित पूरे वामपंथी आंदोलन में शोक की लहर दौड़ गई। उन्हें अचेत अवस्था में अस्पताल लाया गया था, जहाँ चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित किया। उनके निधन पर पूर्व सांसद एवं झारखंड विस्थापित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष सह सीपीआई के वरिष्ठ नेता कॉ. भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने अस्पताल पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की और परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की। शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्री मेहता ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, हजारीबाग उनके योगदान को नमन करती है और उन्हें अंतिम लाल सलाम अर्पित करती है। कामरेड रामनरेश कुमार ने वर्ष 1969 में सीपीआई की सदस्यता ग्रहण की। उस समय वे डालमिया कंपनी में कार्यरत थे, लेकिन उन्होंने नौकरी छोड़कर पार्टी संगठन को जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने हजारीबाग में रिक्शा चालकों, मोठिया मजदूरों और नगरपालिका कर्मियों का संगठन खड़ा किया और उनके अधिकारों के लिए निरंतर संघर्षरत रहे। उन्होंने महाजनी और जमींदारी प्रथा के विरुद्ध भी संघर्ष किया और कई बार जेल यात्राएं कीं। चार वर्ष पूर्व उन्हें पक्षाघात (पैरालिसिस) हुआ, जिसके बाद वे सक्रिय राजनीति से दूर हो गए थे।

## रामगढ़ को बारिश ने किया जलमग्न कई स्थानों का आवागमन बाधित

**रामगढ़।** सोमवार की संध्या से बारिश लगातार जारी है। रात भर की बारिश ने मंगलवार को थोड़ी राहत दी थी। लेकिन रात्रि के बाद बुधवार दिन भर झमाझम बारिश होती रही। इस बीच दामोदर का जलस्तर काफी बढ़ गया। आसपास रहने वाले चौकन्ना हो गए हैं। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे रामगढ़ जिला में भारी बारिश की आशंका जाहिर की है। इसके बाद जिला प्रशासन भी अलर्ट मोड पर है। इसके तहत गुरुवार को सरकारी और गैर सरकारी सभी स्कूलों को बंद रखने का आदेश जारी किया है। उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज ने आदेश का अनुपालन हरहाल में सुनिश्चित करने की बात कही गई है। रामगढ़ के कई स्थानों का आवागमन बाधित हो गया है। स्कूलों में जल-जमाव की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को देने का निर्देश है। साथ ही जिला के सभी बीडीओ-सीओ, राजस्व कर्मचारियों को अपने क्षेत्रों में नजर रखने की बात कही गई है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों से सहयोग लेने का निर्देश दिया गया। ताकि क्षेत्र की सूचना तुरंत सभी को मिल सके। किसी भी अप्रिय घटना की सूचना से जिला प्रशासन को अवगत कराने की बात कही गई। इधर नगर परिषद रामगढ़ की टीम भी अर्लट मोड पर है। सफाई कर्मियों को किसी भी सूरत पर अत्यधिक जल जमाव नहीं होने देने का निर्देश दिया है। निकासी व्यवस्था दुरुस्त रखने की बात कही गई है। पेड़ों की स्थिति पर भी नजर रखने को कहा गया है। संवेदनशील पेड़ों को समय से पूर्व हटाने की बात कही गई। इसके अलावा विद्युत विभाग को पूरी तरह से अलर्ट मोड पर रखा गया है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। साथ ही कहीं कोई परेशानी होने पर वरीय पदाधिकारियों को सूचित करने का निर्देश है। कहीं भी पोल या तार गिरने पर संबंधित क्षेत्र का बिजली अविलंब कट कर व्यवस्था दुरुस्त करने की तैयारी है।

# जनता की आवश्यकताओं को प्राथमिकता सड़क व पुलिया निर्माण को मिलेगी गति : डीसी




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला योजना शाखा अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिला योजना अनाबद्ध, नीति आयोग तथा जायका मद अंतर्गत संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही आकांक्षी जिला योजना के तहत उपलब्ध अवशेष राशि एवं अर्जित सूद की राशि को राज्य की समेकित निधि में जमा करने पर चर्चा की गई।उपायुक्त ने जिला योजना अनाबद्ध अंतर्गत संचालित योजनाओं के लंबित अंतिम भुगतान से संबंधित संचिकाओं के शीघ्र प्रस्तुतीकरण का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यकारिणी एजेंसी द्वारा संचालित कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि ऐसी योजनाओं को प्राथमिकता दी जाए जो सीधे जनता के हित में हो और उनकी तत्कालिक आवश्यकता को पूरा करती हो। विशेष रूप से बानो प्रखंड के कई गांवों में योजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी से सूची उपलब्ध कराने की बात कहीं। साथ ही कुछ दिन पहले सड़क के अभाव में एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच पाने के कारण गर्भवती महिला को खाट में ढ़ोकर लाया गया था, उस गांव में सड़क एवं पुलिया निर्माण करने की बात कहीं। उपायुक्त ने निर्देशित किया कि संबंधित गांवों एवं पंचायतों की आवश्यकताओं की सूची तैयार कर प्रस्ताव त्वरित रूप से मंगवाएं ताकि योजनाओं को शीघ्र स्वीकृति दी जा सके।साथ ही उन्होंने कहा कि जिन गांवों में सड़क और पुलिया निर्माण की विशेष आवश्यकता है अथवा इससे संबंधित आवेदन या समाचार पत्र में प्रकाशित होते हैं, उन मामलों को शीघ्रता एवं प्राथमिकता से लिया जाए।बैठक में जिला योजना पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

211

## सिमडेगा में आम महोत्सव सह-बागवानी मेला आयोजित



**सिमडेगा।** ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार के अंतर्गत संचालित बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत सिमडेगा समाहरणालय में गुरुवार को आम महोत्सव सह-बागवानी मेला का आयोजन किया गया। इस मेले में जिले के सभी प्रखंडों के लाभुक किसानों द्वारा अपने-अपने आम उत्पादन की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें आम की विभिन्न किस्में देखने को मिलीं। इस आयोजन में किसानों, अधिकारियों एवं स्थानीय लोगों का उत्साह देखने लायक था। मेले का शुभारंभ उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, एलआरडीसी अरुणा कुमारी, जिला नियोजन पदाधिकारी आशा मैक्सिमा लकड़ा, बांसजोर प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं लाभुक किसानों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस अवसर पर लाभुक किसानों ने आम एवं अन्य फलों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई, जिसे देखने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। मेले में आम की कई प्रजातियां प्रदर्शित की गईं, जिससे किसानों एवं आगंतुकों में खासा उत्साह देखने को मिला। अपने संबोधन में उपायुक्त कंचन सिंह ने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना का मुख्य उद्देश्य वनरोपण को बढ़ावा देना एवं ग्रामीणों को स्थायी आजीविका के अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि मनरेगा के माध्यम से बागवानी कर किसान न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे सकते हैं, बल्कि इससे उन्हें स्थायी आर्थिक लाभ भी प्राप्त होगा। यह योजना ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।परियोजना पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2020-21 से लेकर अब तक जिले के विभिन्न प्रखंडों में कुल 10177 एकड़ भूमि पर बागवानी योजना स्वीकृत की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए यह योजना आर्थिक रूप से सशक्त बनने का सुनहरा अवसर है, जिसका अधिक से अधिक लाभ उठाया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 2000 एकड़ भूमि में आम की बागवानी के निर्धारित लक्ष्य रखा गया।मेले के दौरान उपायुक्त ने कहा कि जिले के किसान आधुनिक तकनीक अपनाकर मनरेगा के माध्यम से रोजगार सृजन कर रहे हैं, जिससे न केवल पर्यावरण संतुलित हो रहा है, बल्कि स्वरोजगार को भी बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह मेला बागवानी को बढ़ावा देने के साथ-साथ महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण का भी माध्यम बन रहा है।उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त को निर्देश दिया कि किसानों को उनके उत्पाद का उचित बाजार उपलब्ध कराया जाए ताकि उन्हें आम का सही मूल्य मिल सके।

## सिमडेगा उपायुक्त ने कार्यालय कक्ष में लगाया जनता दरबार सुनी लोगों की समस्या

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह ने सिमडेगा में जनता दरबार का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। जनता दरबार में बानो प्रखंड के तेतर टोली गांव से ग्रामीण पहुंचे, जिन्होंने गांव में पथ निर्माण की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क के अभाव में उन्हें आवागमन में काफी कठिनाई होती है, विशेषकर बरसात के दिनों में।इसके अलावा एक महिला ने घर के किराये की समस्या भी रखी, जिसने बताया कि कई वर्षों से किराया नहीं दिया है। इस पर उपायुक्त ने संबंधित विभाग को जाँच कर समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया। वहीं सहकारिता विभाग से जुड़े मामलों पर भी चर्चा हुई, एक वृद्ध महिला ने अपनी समस्याएं रखीं। उन्होंने बताया कि लैम्पस एवं कोऑपरेटिव बैंक के माध्यम से चार लाख रुपए जमा किया गया था। जो उसे नहीं मिल रहा है। इस दौरान उपायुक्त महोदय ने जिला सहकारिता पदाधिकारी को मामले का 2 से 3 माह में निष्पादन करते हुए जमा राशि भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने भरोसा दिलाया कि सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है और हर नागरिक की समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। जनता दरबार में उपस्थित लोगों ने उपायुक्त के त्वरित निर्णय और सकारात्मक पहल की सराहना की।

## अल्पसंख्यक संवाद कार्यक्रम आयोजित कांग्रेस में दर्जनों कार्यकर्ता शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** जिला कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग द्वारा संवाद कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को परिषदन भवन, सिमडेगा में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष रावेल लकड़ा ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रभारी जिनल एन. गाला, प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी, सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, कोलेबिरा विधायक विक्सल कोंगाड़ी, अल्पसंख्यक कल्याण प्रभारी हसनैन जैदी, तथा अन्य कई वरिष्ठ नेता और समाजसेवी उपस्थित रहे।प्रभारी जिनल एन. गाला ने अपने संबोधन में कहा कि बीजेपी देश में धार्मिक अल्पसंख्यकों के बीच भ्रम फैला रही है और वक्फ बोर्ड के बाद अब चर्च, गुरुद्वारा और जैन संस्थाओं को निशाना बनाने की साजिश कर रही है। ऐसे में सभी अल्पसंख्यकों को कांग्रेस के मंच पर एकजुट होकर राहुल गांधी जी के नेतृत्व में आगे आना चाहिए।उन्होंने सिमडेगा जिला अल्पसंख्यक विभाग में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर भी बल दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक भूषण बाड़ा ने कहा, "हम दोनों विधायक अल्पसंख्यक समाज के हितों की रक्षा के लिए हर वक्त तैयार हैं। संगठन की एकता बनाए रखें और सांप्रदायिक ताकतों से सावधान रहें। उन्होंने जैन समाज से भी संगठन से जुड़ने की अपील की।कोलेबिरा विधायक विक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि संगठन सर्वोपरि है और समर्पित कार्यकर्ता ही संगठन का आधार होते हैं। पार्टी विचारधारा से जुड़कर ही हम सशक्त संगठन बना सकते हैं।प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी ने जिला नेताओं से आग्रह किया कि वे ऐसे समर्पित कार्यकर्ताओं की सूची भेजें जो प्रदेश स्तर पर अल्पसंख्यक विभाग में सक्रिय भूमिका निभाना चाहते हैं। इस दौरान सिमडेगा जैन समाज की ओर से प्रवीण जैन, गुलाब जैन, मनोज जैन, कौशल किशोर रोहिल्ला और योगेंद्र रोहिल्ला ने जिनल एन गाला का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

## मानव तस्करी के आरोपी को 14 वर्ष का कारावास, 62,000 जुर्माना

**सिमडेगा।** मानव तस्करी के गंभीर मामले में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, सिमडेगा की अदालत ने आरोपी सानिया मांझी को 14 वर्ष के सश्रम कारावास और 62,000 जुर्माने की सजा सुनाई है।यह सजा जलडेगा थाना कांड संख्या-28/2018 के अंतर्गत सुनाई गई, जो धारा 363/370(4) भारतीय दंड संहिता और धारा 81 जेजे एक्ट के तहत दर्ज किया गया था। आरोपी सानिया मांझी, पिता मकरू मांझी उर्फ मकरू गोंड, ग्राम सिलिंगा, गुरूटांड टोली, थाना जलडेगा का निवासी है।सिमडेगा पुलिस की वैज्ञानिक जांच और उत्कृष्ट अभियोजन के कारण मामले की त्वरित सुनवाई हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक लोक अभियोजक निशी कच्छप ने प्रभावशाली ढंग से पैरवी की, जबकि मामले की जांच पु.अ.नि. सामुएल लिन्डा द्वारा की गई थी।

## विधायक आवास पर राहुल गांधी का जन्मदिन उत्साहपूर्वक मनाया गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा के आवास पर गुरुवार को कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मौके पर विधायक ने केक काटकर राहुल गांधी के दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। विधायक भूषण बाड़ा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी केवल एक नेता नहीं, बल्कि देश के हर गरीब, किसान, युवा, महिला और वंचित वर्ग की उम्मीद का नाम हैं। उन्होंने अपने जीवन को सादगी, संघर्ष और सच्चाई के रास्ते पर समर्पित कर दिया है। उनके विचार और दृष्टिकोण हमें एक बेहतर भारत की दिशा में प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने हमेशा संविधान की रक्षा, लोकतंत्र की मजबूती और सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष किया है। संसद से सड़क तक राहुल गांधी ने हर मौके पर आम जनता की आवाज़ को बुलंदी से उठाया है। विधायक ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि राहुल गांधी की यात्रा ने नफ़रत की राजनीति के खिलाफ मोहब्बत और एकता का संदेश दिया है।

## अवैध शराब के विरुद्ध छापामारी अभियान, 830 किलोग्राम महुआ नष्ट

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अवैध शराब के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान चलाया गया। 12 से 18 जून 2025 तक चले इस विशेष अभियान का नेतृत्व संबंधित थाना प्रभारियों ने किया। अभियान के तहत सिमडेगा, टीटांगर, कोलेबिरा, जलडेगा, महाबुआंग, केरसई, पाकरटांड़, रेंगारीह, मुफस्सिल थाना, बांसजोर ओपी एवं गिरदा ओपी क्षेत्र के दर्जनों गांवों में छापेमारी की गई। इस दौरान 830 किलोग्राम जावा महुआ, 30 लीटर अवैध देसी शराब तथा कई अवैध भट्ठियां जब्त कर नष्ट की गईं। पुलिस प्रशासन ने बताया कि यह अभियान जिले में नशा और अवैध शराब कारोबार को जड़ से खत्म करने की दिशा में एक अहम कदम है। सिमडेगा पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करें और अवैध शराब से संबंधित किसी भी गतिविधि की सूचना तुरंत नियंत्रण कक्ष को दें।

## लगातार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त पेड़ गिरने से दो दुकानें व बाइक क्षतिग्रस्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड में बीते 48 घंटों से लगातार हो रही बारिश के कारण जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। प्रखंड के नदी-नाले, तालाब और जलस्रोत लबालब भर चुके हैं। गली-मोहल्लों में गंदे पानी और कीचड़ का जमाव हो गया है, जिससे लोगों का अपने घरों से निकलना भी मुश्किल हो गया है।बारिश के कारण कोलेबिरा-बानो मुख्य पथ पर स्थित कोऑपरेटिव बैंक के समीप का एक विशाल आम का पेड़ सड़क पर गिर पड़ा, जिससे मार्ग पर कुछ समय के लिए आवागमन बाधित हो गया। पेड़ गिरने से प्रवीण कुमार नामक युवक की नई मोटरसाइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इसके अलावा, अशोक प्रसाद और मुरारी प्रसाद की दुकान का शेड भी पेड़ की डालियों की चपेट में आकर टूट गया, जिससे उन्हें हजारों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों और प्रशासन के सहयोग से सड़क से गिरे हुए पेड़ को काटकर हटाया गया, तब जाकर आवागमन पुनः सामान्य हो सका।वहीं, कोलेबिरा कॉलेज के पास पुलिया के ऊपर से पानी बहने लगा है, जिससे कोलेबिरा-बानो मार्ग पर खतरा बढ़ गया है।लचरागढ़ टावर चौक स्थित जीयो कार्यालय के समीप एक सूखा हुआ पेड़ भी दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है। उसकी सूखी डालियाँ लगातार गिर रही हैं, जिससे कभी भी बड़ी अनहोनी हो सकती है। स्थानीय ग्रामीणों ने वन विभाग और अंचल कार्यालय को आवेदन देकर तत्काल पेड़ को कटवाने की मांग की है।अंचलाधिकारी कोलेबिरा ने इस विषय पर शीघ्र उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।लगातार हो रही बारिश और पेड़ गिरने की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। प्रशासन से तत्काल राहत और सुरक्षा उपायों की मांग की जा रही है।

**जन्मदिवस** जोसिमा खाखा के नेतृत्व में महिला कांग्रेस कमेटी ने मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

# अनाथ आश्रम में पहुंचकर बच्चों के बीच बांटी गई मिठाई

- बच्चियों के बीच मासिक धर्म स्वच्छता हेतु सेनेटरी नैपकिन बांटे गए

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** संसद राहुल गांधी के जन्म दिन के अवसर पर जिला महिला कांग्रेस कमेटी ने भारी बारिश के बीच अनाथ आश्रम पहुंच बच्चों के साथ मिलकर उनका जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने किया। इस अवसर पर अनाथ आश्रम में बच्चों के बीच केक काटा गया और उन्हें मिठाइयाँ भी दी गईं। बच्चों के बीच पुस्तक कलम का भी वितरण किया। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि बच्चियों के बीच सेनेटरी पैड का भी वितरण किया गया। ताकि उन्हें मासिक धर्म स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा सके। वहीं वृद्धा आश्रम में भी बुजुर्गों के साथ केक काटकर राहुल गांधी की जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान बुजुर्गों के बीच फल का भी वितरण किया गया। मौके पर जोसिमा खाखा ने कहा कि राहुल गांधी जी ने हमेशा देश के गरीब, अनाथ, महिलाएं और युवाओं के हक़ में आवाज़ उठाई है। उनका जन्मदिन केवल उत्सव नहीं। बल्कि सेवा और जागरूकता का दिन होना चाहिए। आज हमने उन बच्चों के साथ समय बिताया जो सबसे ज़्यादा प्यार और देखभाल के हक़दार हैं। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि हर लड़की को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाए। ताकि वो आत्मनिर्भर और स्वस्थ जीवन जी सके। महिला कांग्रेस इसी तरह सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रम करती रहेगी। मौके पर लीला नाग प्रतिमा कुजुर, संहिता देवी, शोभेन तिग्गा, सजदा ख़ातून, ज्योति कुल्लू, संगीता बड़ाईक, संगीता डुंगडुंग, प्रेमधानी, रंजिता कुल्लू, फुलमनो, इलियानी, माधुरी, कल्याणी डुंगडुंग, उर्सुला केरकेट्टा आदि उपस्थित थी।

### रक्तदान कर मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

**सिमडेगा।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर सिमडेगा युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष चन्दन कुमार सिंह की अगुवाई में गुरुवार को भारी बारिश के बीच सदर अस्पताल सिमडेगा के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया एवं अस्पताल कर्मियों के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया। उसके उपरांत रक्तदान शिविर लगाया जहां पर चन्दन कुमार सिंह सोनल लकड़ा ,शिशिर कुल्लू, बिराज गोसाई ,दीपक तिर्की ,सुधांशु राज ,वेद प्रताप रावत ,आलोक कुमार सुबोध डुंगडुंग, प्रमोद मांझी एवं करण कुमार आदि ने रक्तदान किया।

## न्यूज बॉक्स

### कोलेबिरा: केसंत अन्ना बालिका विद्यालय के नवनिर्मित भवन का भव्य उद्घाटन

**कोलेबिरा।** प्रखंड केसंत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय, लचरागढ़ के नवनिर्मित भवन का भव्य उद्घाटन समारोह गुरुवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा धर्म प्रांत के बिशप विंसेंट बारवा और विशिष्ट अतिथि रेव्ह. सिस्टर लीली ग्रेस तोपनो (डी.एस.ए. सुपरियर जनरल), सिस्टर अनिमा डांग (डी.एस.ए. प्रोविंशियल सुपीरियर, गुमला) उपस्थित रहीं।उद्घाटन समारोह का शुभारंभ फीता काटकर और शिलापट्ट अनावरण के साथ हुआ। इस अवसर पर बिशप विंसेंट बारवा ने कहा कि लचरागढ़ जैसे छोटे कस्बे में इस विद्यालय की एक अलग पहचान है। नवनिर्मित भवन से छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर वातावरण प्राप्त होगा।विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सिस्टर सुषमा तिग्गा ने स्वागत भाषण में बताया किनए भवन में अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ अध्ययन की सभी व्यवस्थाएं की गई हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई में कोई बाधा नहीं आएगी।इस मौके पर लचरागढ़ आरसी चर्च में विशेष मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व बिशप विंसेंट बारवा ने किया। फादर राजेश केरकेट्टा और फादर क्लेमेंट लकड़ा ने अनुष्ठान में सहयोग किया।समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय एवं मध्य विद्यालय की छात्राओं ने रंगारंग गीत और नृत्य प्रस्तुत किए।कार्यक्रम में फादर बेंजामिन केरकेट्टा, फादर राफेल केरकेट्टा, फादर अल्बिनुस केरकेट्टा सहित बड़ी संख्या में फादर, सिस्टर, ब्रदर, शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### कोचडेगा में शुरू हुई बकरा विकास योजना ग्रामीणों को मिला स्वरोजगार का सहारा

**सिमडेगा।** सदर प्रखंड के कोचडेगा पंचायत में गुरुवार को 'बकरा विकास योजना' के तहत दो लाभुकोंनिकोदिम तिग्गा और एडिसन मिंज को बकरी-बकरा सौंपा गया। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाते हुए पशुपालन के माध्यम से आय का स्रोत प्रदान करना है।कार्यक्रम में भारत आदिवासी पार्टी नेता सह पंचायत मुखिया शिशिर टोप्पो और पशुपालन विभाग के पदाधिकारी सुप्रियान गुड़िया ने लाभुकों को अपने हाथों से पशु वितरित किए। इस अवसर पर मुखिया श्री टोप्पो ने बताया कि जल्द ही और भी ग्रामीणों को इस योजना से जोड़ा जाएगा।बकरा विकास योजना' के अंतर्गत लाभुकों को पशुपालन का प्रशिक्षण, चारा और पशु चिकित्सा सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। योजना से जुड़े लाभुकों ने प्रशासन और पंचायत का आभार जताते हुए कहा कि इससे उन्हें आय बढ़ाने का अवसर मिला है।मुखिया शिशिर टोप्पो ने कहा हमारा लक्ष्य है कि कोचडेगा पंचायत के हर परिवार को स्वरोज़गार का साधन मिले। यह योजना उसी दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

### बानो में लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित, स्कूल का छज्जा गिरा

**बानो।** प्रखण्ड क्षेत्र में लगातार तीसरे दिन बारिश होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बानो मुख्यालय स्थित साप्ताहिक बाजार में सन्नाटा रहा, वहीं सरकारी कार्यालयों में भी उपस्थिति कम देखी गई। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को 36.10 मिमी और गुरुवार को 93 मिमी वर्षा दर्ज की गई।लगातार बारिश से देव नदी और कोयल नदी में जलस्तर बढ़ गया है। इसी दौरान जराकेल बस्ती स्थित राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय का छज्जा गुरुवार दोपहर लगभग 4 बजे गिर गया। सौभाग्यवश विद्यालय बंद होने के कारण कोई हानि नहीं हुई। घटना की जानकारी मिलते ही कनारोवां की मुखिया मिनसी लीना तिर्की ने विद्यालय का निरीक्षण कर विभागीय अधिकारियों को सूचना दी।जनजातीय अस्पताल सोय में बारिश के कारण कमरों में पानी रिसने लगा है, जिससे कर्मचारियों में भय व्याप्त है।वहीं महाबुआंग से रब्बाई-बुरुइरगी मार्ग पर बिजली विभाग द्वारा लगाए गए पोल बारिश के कारण धंसने लगे हैं। इस पर वार्ड सदस्य संदीप समद ने विभाग को उचित गहराई तक पोल लगाने का निर्देश दिया है।

### रामजोल में जंगली हाथी का उत्पात ग्रामीण का घर क्षतिग्रस्त

**बानो।** प्रखंड के रामजोल गांव में बीती रात जंगली हाथी ने जबरदस्त उत्पात मचाया। ग्रामीण बादे होरो के अनुसार, रात करीब तीन बजे जंगली हाथी ने उसके कच्चे मकान को तोड़ दिया और घर में रखा अनाज भी खा गया।घटना के समय पूरा परिवार गहरी नींद में था, लेकिन समय रहते सभी लोग भागकर जान बचाने में सफल रहे। हाथी के हमले से घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और नुकसान का निरीक्षण किया। विभाग द्वारा मुआवजे की प्रक्रिया शुरू करने हेतु घर की क्षति का मूल्यांकन किया जा रहा है।ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथी भगाने की कार्रवाई तेज करने और रात्रि गश्ती बढ़ाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।हाथियों के लगातार हमलों से रामजोल सहित आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

### रेंगारबहार में मजदूरों ने बकाया मजदूरी भुगतान की मांग की

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के रेंगारबहार गाँव में कूप निर्माण योजना में काम किए मजदूरों ने बकाया मजदूरी भुगतान की मांग को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी बोलबा को दिया आवेदन। जानकारी के मुताबिक बोलबा प्रखंड के पीडियापोंछ पंचायत अन्तर्गत रेंगारबहार गाँव में वर्ष 2024-25 में इलियाजर खाखा का कूप निर्माण हुआ था। जिसमें मजदूरों ने बताया कि हमलोगों ने कूप.निर्माण में काम किए है लेकिन अबतक मजदूरी भुगतान नहीं मिला है । जिसमें बताया गया कि लिली ग्रेस खाखा का 34 दिन, सुशीला लकड़ा का 34 दिन, अलबिसिया लकड़ा का 45 दिन, अनिल मिंज का 68 दिन, बिरसी खाखा का 23 दिन, मार्टिना एक्का का 31 दिन, मेरी गोरेती खाखा का 18 दिन, अर्चना खाखा का 37 दिन का मजदूरी भुगतान बकाया है। मजदूरों ने एक हस्ताक्षरयुक्त आवेदन प्रखंड विकास पदाधिकारी बोलबा को देकर तत्काल बकाया मजदूरी भुगतान की मांग किया गया है।

### सिमडेगा में आजसू की बैठक संपन्न, 22 जून को बलिदान दिवस की तैयारी तेज

**सिमडेगा।** आजसू पार्टी के सिमडेगा जिला कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष धुपेंद्र पांडे ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल सह केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, जिला प्रभारी गोपीनाथ सिंह, जिला संगठन संयोजक प्रभारी दीपक महतो और सह-संयोजक प्रभारी शशिभूषण भगत उपस्थित रहे।बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि झारखंड अलग राज्य आंदोलन में जिन लोगों ने बलिदान दिया, आज उन्हीं आंदोलनकारियों को वर्तमान सरकार द्वारा नजरअंदाज किया जा रहा है। झारखंड के खनिज संसाधनों की लूट मची है और जनता मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। उन्होंने बताया कि आजसू पार्टी 22 जून को हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगांव, रांची में स्थापना सह बलिदान दिवस का आयोजन करेगी, जिसमें राज्य के सभी जिलों और 260 प्रखंडों से नेता-कार्यकर्ता शामिल होंगे।जिला संगठन प्रभारी दीपक महतो ने झारखंड की वर्तमान स्थिति को चिंताजनक बताते हुए कहा कि राज्य बिचौलियों के हाथ में चला गया है, और जनता की आवाज को दबाया जा रहा है।

### तलमंगा में धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान शिविर, 147 आवेदन हुए प्राप्त

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड अंतर्गत पीड़ियापोंछ पंचायत के राजकीय मध्य विद्यालय तलमंगा में गुरुवार को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन पंचायत की मुखिया शांति देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया।शिविर में कुल 14 विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जिसमें 147 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 111 आवेदनों का तत्काल निष्पादन किया गया, जबकि 36 आवेदन लंबित रखे गए हैं जिन्हें शीघ्र निष्पादित किया जाएगा।इस अवसर पर मुखिया शांति देवी, सांसद प्रतिनिधि सुनील टोप्पो, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी दीपक कुमार साहू, मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रधानमंत्री आवास एवं पंचायती राज के प्रखंड समन्वयक, सहायक अभियंता, पंचायत सचिव समेत विभिन्न विभागों के कर्मी उपस्थित रहे।भारी बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शिविर में भाग लिया और विभिन्न योजनाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त की। यह अभियान ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

### उपायुक्त ने की जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित-कहा

# जिले में अवैध खनन व परिवहन पर पूरी तरह से लगाई जाए रोक



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार की उपस्थिति में गुरुवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला खनन पदाधिकारी निशांत अभिषेक द्वारा अवैध खनन के विरुद्ध किए जा रहे कार्यों का उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य को पीपीटी के माध्यम से विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। बैठक के दौरान जिला खनन पदाधिकारी द्वारा रामगढ़ जिला अंतर्गत चितरपुर प्रखण्ड के भुचुंगडीह क्षेत्र में स्थित अवैध मुहानों में लगी आग की जानकारी दी गई जिस पर उपायुक्त के द्वारा पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों के साथ गंभीरता पूर्वक चर्चा की गई। आग पर काबू पाने को लेकर बैठक के दौरान उपायुक्त ने सीसीएल महाप्रबंधक एवं अंचल अधिकारी चितरपुर सहित अन्य अधिकारियों को आग पर काबू पाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने विगत कुछ समय में अवैध खनन पर रोक लगाने हेतु किए गए कार्यों की सराहना करते हुए और भी प्रभावी तरीके से अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा खनन टास्क फोर्स की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी ली गई। अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक सुनिश्चित करने एवं अवैध मुहानों की अच्छी तरह से डोजरिंग करने को लेकर उपायुक्त ने सभी संबंधित परियोजनाओं के महाप्रबंधकों एवं एरिया सिक्योरिटी ऑफीसर्स को कार्यों पर विशेष ध्यान देने एवं अवैध मुहानों से किसी भी तरह का कोई भी खनन कार्य न होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### सदर विधायक ने जलजमाव की समस्या पर की पहल

## जलजमाव की स्थिति में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं होगी



**हजारीबाग।** गुरुवार को हुई लगातार भारी बारिश ने नगर निगम और एनएचएआई की तैयारियों की पोल खोल कर रख दी। नगर क्षेत्र के कई मोहल्लों और मुख्य सड़कों पर जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस विकट स्थिति के बीच हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद स्वयं छाता लेकर सड़कों पर उतरे और क्षेत्र का भ्रमण करते हुए लोगों की समस्याएं प्रत्यक्ष रूप से सुनीं। वे मासीपीढ़ी मोहल्ला सहित कई प्रभावित इलाकों में पहुंचे, जहां स्थानीय लोगों ने उन्हें जल निकासी की खराब व्यवस्था, नाले की सफाई न होने और सड़कों पर भरे पानी की समस्याएं बताईं।

## विभिन्न प्रखंडों में निर्वाचन से संबंधित अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**गिरिडीह।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रामनिवास यादव के निर्देशानुसार गिरिडीह जिले के गिरिडीह, बेंगाबाद, गांडेय, डुमरी, जमुआ, बगोदर, देवरी, तिसरी, गांवा प्रखंडों में निर्वाचन संबंधित विभिन्न स्तर के अधिकारियों (बी.एल.ओ और बी.एल.ओ सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन से जुड़े हरेक महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से मतदान केंद्रों के मैप एवं जियो फेसिंग आदि के बिंदुओं पर चर्चा हुई। प्रशिक्षण के दौरान बी.एल.ओ और बी.एल.ओ सुपरवाइजर को मतदान केंद्रों के मैप एवं जिओ फेसिंग के बारे में पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी गई। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदाताओं को सुविधा हेतु जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों की सीमाओं को जिओ फेसिंग के माध्यम से चिन्हित एवं ऑनलाइन किया जा रहा है। इससे बी.एल.ओ को अपने क्षेत्र के मतदाताओं एवं उनके घरों तक पहुंचने में आसानी होगी। इस प्रक्रिया के संपन्न होने के पश्चात सभी बीएलओ के अपने-अपने क्षेत्र निर्धारित होंगे एवं ऑनलाइन ऐप के माध्यम से मतदाता अपने लोकेशन से ही अपने मतदान केंद्र, उसका लोकेशन एवं अपने बीएलओ को जान पाएंगे।

## बारिश के बावजूद नशा मुक्ति अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**हजारीबाग।** नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के अंतर्गत सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, हजारीबाग द्वारा अत्यधिक वर्षा के बीच आवश्यक सुविधा का ख्याल रखते हुए जिले के विभिन्न प्रखंडों में गुरुवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। भारी वर्षा के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रमों का सफल आयोजन हुआ, जिसमें नुक्कड़ नाटक एवं एलईडी स्क्रीन के माध्यम से मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों से लोगों को अवगत कराया गया। कलाकारों की प्रस्तुतियों ने नशा छोड़कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लाभों को रोचक एवं प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया। एलईडी स्क्रीन पर दिखाए गए प्रेरक वीडियो, जागरूकता संदेशों और संकल्प कार्यक्रम ने प्रतिभागियों में आत्मविश्वास भरते हुए नशा मुक्त जीवन जीने का संकल्प मजबूत किया। बारिश के कारण मौसम प्रतिकूल रहने के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई और नशा उन्मूलन की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## रेलवे एनटीपीसी परीक्षा केंद्र पर अव्यवस्था से छात्रों में आक्रोश



**हजारीबाग।** रेलवे एनटीपीसी ग्रेजुएट लेवल की ऑनलाइन परीक्षा के पहले ही सत्र में हजारीबाग शहर के इंद्रपुरी चौक स्थित एक परीक्षा केंद्र पर गंभीर अव्यवस्था देखी गई। गुरुवार की सुबह परीक्षा देने पहुंचे अनेक अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र के गेट के बाहर ही रोक दिया गया, जिससे वहां अफरा-तफरी और असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई। परीक्षार्थियों द्वारा पूछताछ के बाद यह जानकारी सामने आई कि केंद्र में बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित थी। वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में लगाए गए डीजल जनरेटर में भी भारी बारिश के कारण पानी घुस गया, जिससे वह कार्य नहीं कर सका और परीक्षा समय पर शुरू नहीं हो पाई। छात्रों ने आरोप लगाया कि उन्हें बिना किसी पूर्व सूचना के केंद्र के बाहर लंबे समय तक खड़ा रखा गया, जिससे वे मानसिक रूप से काफी तनाव में आ गए। जब समस्या लंबी होती गई तो छात्रों में आक्रोश बढ़ने लगा। स्थिति की गंभीरता और छात्रों की पीड़ा को देखते हुए हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने भारी बारिश के बावजूद तत्काल परीक्षा केंद्र पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने वहां मौजूद छात्रों से संवाद किया, उनकी समस्याएं सुनी और तुरंत परीक्षा एजेंसी के संचालक से वार्ता कर कड़ी नाराज़गी जताई।

## 10 वर्षों से जल संकट झेल रहे बंगाली टोला के लोगों को मिली राहत

**रामगढ़ ।** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बंगाली टोला की जनता को आखिरकार 10 वर्षों से चली आ रही भीषण जल संकट की समस्या से राहत मिली। यह मुमकिन हो सका भाजपा नेता एवं सांसद प्रतिनिधि( मीडिया) धनंजय कुमार पुटूस प्रयास और पहल के कारण। हाल ही में धनंजय कुमार पुटूस द्वारा आयोजित जनता दरबार में बंगाली टोला के नागरिकों ने सामाजिक संगठन रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति के सक्रिय सदस्य कैलाश महतो के माध्यम से इस जल संकट की समस्या को पुटूस जी कौन अवगत कराया था। इस मुद्दे को संज्ञान में लेते हुए उन्होंने इसे अपनी प्राथमिकता में रखा और हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल के मार्गदर्शन में छावनी परिषद से त्वरित समन्वय कर कार्रवाई आरंभ करवाया ।

## घरेलू कलह से तंग पति-पत्नी ट्रेन के आगे कूदे, मौत

धनबाद। धनबाद जिले के पुटकी थाना क्षेत्र के करकेन्द रेलवे स्टेशन के समीप गुरुवार को नवविवाहित दंपती ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या की कोशिश की. इस घटना में पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पति गंभीर रूप से घायल है.

## हूल दिवस को लेकर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह को किया गया आमंत्रित



**बरकट्ठा।** भारत जकात मांझी परगना महल के प्रखंड अध्यक्ष राम जी बेसरा और सचिव मनोज मुर्मू ने ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से मिलकर आगामी 30 जून को बरकट्ठा में मनाई जाने वाली हुल दिवस के अवसर पर आमंत्रित किया। साथ ही मंत्री को अवगत कराया गया कि बरकट्ठा प्रखंड के आर ई ओ रोड कोसों से डूमरडीहा भाया धोबारी तक पथ निर्माण कार्य का टेंडर पत्रांक संख्या 2289 दिनांक 22, 7.24 को हुआ है लेकिन आज तक रोड का शिलान्यास नहीं हुआ है। इसके संबंध में मंत्री को आवेदन देकर इस पर जल्द से जल्द पहल करने का आग्रह किया गया ।सदस्यों ने बताया कि आदिवासी बहुल क्षेत्र होने के बावजूद भी इस गांव में आने जाने का रास्ता काफी खराब है। ग्रामीण लोग बीमार पड़ते हैं तो चारपाई पर उठाकर अस्पताल लाया जाता है। इसके बावजूद भी अभी तक रोड नहीं बना है। मौके पर भारत जकात मांझी परगना महल के कई सदस्य उपस्थित थे।

## पड़ीरमा गांव के ठाकुर टोला में फायरिंग, छानबीन में जुटी पुलिस



**बरही।** बीते रात्रि करीब नौ बजे आपसी विवाद में पड़ीरमा गांव में बंदूक से फायरिंग का मामला सामने आया है. मामले को लेकर स्थानीय निवासी सुरेश शर्मा पिता राजू ठाकुर ने थाना में आवेदन देकर उचित कारवाई की मांग किया है. आवेदन के अनुसार बीते रात जब वह खाना खा रहे थे उनके घर के बगल के तीन लोग उन्हे व पड़ीरमा के ठाकुर समाज के लोगो को गाली गलौज करने लगे. आवेदन कर्ता को घर से बाहर निकलो की धमकी दिया. जिसे स्थानीय लोग भी से देख रहे थे. इस दौरान एक युवक अपने हाथ से बंदूक निकाला और फायरिंग कर दिया. साथ ही पूरे ठाकुर समाज को जान से मार देने लगा. इसी क्रम में बरही पुलिस को आता देख सभी फरार हो गए. ग्रामीणों ने फायरिंग किए हुए खोखे को भी दिखाने का काम किया है. इस घटना से ठाकुर समाज के लोग दहशत में है. पूछे जाने पर पुलिस इंस्पेक्टर सह सह थाना प्रभारी आभाष कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है, मामले की छानबीन की जा रही है.

## पिटाई से युवक हुआ घायल, ईलाज के दौरान हुई मौत, प्राथमिकी दर्ज



**बरही।** धनवार पंचायत की कोरियाडीह निवासी रेखा कुमारी ने अपने पति मनोज कुमार की पिटाई से मौत होने को लेकर बरही थाना में आवेदन देते हुए न्याय की गुहार लगाई है. आवेदन के अनुसार बीते 14 की संध्या करीब 6:30 बजे उसके ही गांव के हरिप्रसाद पिता महादेव प्रसाद सुनील प्रसाद पिता प्रभु महतो ने अहरिया तालाब के पास उनके पति की बेरहमी से पिटाई कर घायल कर दिया. जिसे परिजनों द्वारा घर लाया गया, रात में घरेलू इलाज किया गया परंतु ठीक नहीं होने पर अगले दिन बरही अनुमंडल अस्पताल में भर्ती किया गया. जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया. वहां से भी चिकित्सकों ने रांची रिम्स रेफर कर दिया.रिम्स में भी हालत बिगड़ने पर उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान 17 जून को उनकी मृत्यु हो गई. मृतक की पत्नी ने बताया कि घटना के दिन वह अपने बच्चों से मिलने हजारीबाग हॉस्टल आई थी. उनकी सास ने फोन से घटना की पूरी जानकारी दिया है. पत्नी ने आरोप लगाया है कि उनके पति और दोनों आरोपी एक साथ बाहर काम करते थे. दोनों के बीच पैसे का विवाद था. झगड़ा का मुख्य वजह भी यही था. मृतक अपने पीछे पत्नी सहित दो छोटे पुत्र प्रिंस कुमार ( 8 वर्ष ) व पीयूष कुमार ( 5 वर्ष ) सहित वृद्ध माता-पिता छोड़ गए हैं. मामले के संबध में थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक आभास कुमार ने आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया जा चुका है.


## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

### झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

74वीं औपबंधिक सूची<br>जिला– गुमला (पार्ट–5)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी बिरेन्द्र तिर्की एवं मदन लोहरा द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 239. | 1. आवेदन क्र0–593/25 2. आवेदक–एतवा लोहरा , पिता–सनिका लोहरा<br>3. ग्राम–मकरा , पोस्ट–महादेव चैगरी , थाना–भरनो, प्रखण्ड–भरनो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 240. | 1. आवेदन क्र0–594/25 2. आवेदक–एतवा लोहरा , पिता–बिरिया लोहरा<br>3. ग्राम–महादेव चैगरी , पोस्ट–अताकोरा , थाना–भरनो, प्रखण्ड–भरनो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 241. | 1. आवेदन क्र0–595/25 2. आवेदक–सहदेव उराँव , पिता–महतो उराँव<br>3. ग्राम–तुरिअम्बा , पोस्ट–तुरिअम्बा , थाना–भरनो, प्रखण्ड–भरनो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 242. | 1. आवेदन क्र0–596/25 2. आवेदक–कृष्णा लोहरा , पिता–भोजे लोहरा<br>3. ग्राम–मदनपुर , पोस्ट–मदनपुर , थाना–भरनो, प्रखण्ड–भरनो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 243. | 1. आवेदन क्र0–597/25 2. आवेदक–गंगा उराँव , पिता–स्व0 जेना उराँव<br>3. ग्राम–कमलपुर , पोस्ट–तुरिअम्बा , थाना–भरनो, प्रखण्ड–भरनो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी अजित कुमार विश्वकर्मा एवं महेन्द्र उराँव द्वारा आयोग के मा0 अध्यक्ष के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं आवेदक के आन्दोलनकारी के रूप में पहचान के आधार पर। | |
| 244. | 1. आवेदन क्र0–598/25 2. आवेदक–बेलसाजर मिंज, पिता–ज्योति प्रकाश मिंज<br>3. ग्राम–लुचुपाठ, पोस्ट–मझगाँव, थाना–डुमरी, प्रखण्ड–डुमरी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 245. | 1. आवेदन क्र0–599/25 2. आवेदक–शिवशंकर साहु, पिता–लहंगु साहु<br>3. ग्राम–नाथपुर, पोस्ट–नाथपुर, थाना–पालकोट, प्रखण्ड–पालकोट<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 246. | 1. आवेदन क्र0–600/25 2. आवेदक–तारकेश्वर सिंह, पिता–स्व0 मनबोध सिंह<br>3. ग्राम– नाथपुर बडकीटोली, पोस्ट–नाथपुर, थाना–पालकोट, प्रखण्ड–पालकोट<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 247. | 1. आवेदन क्र0–601/25 2. आवेदक–जोगेन्द्र साहु, पिता–स्व0 देवकरण साहु<br>3. ग्राम–जुराटोली, पोस्ट–नाथपुर, थाना–पालकोट, प्रखण्ड–पालकोट<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 248. | 1. आवेदन क्र0–602/25 2. आवेदक–धनेश्वर नगेसिया, पिता–भरत नगेसिया<br>3. ग्राम–पेटीटोली, पोस्ट–पोजेंगा, थाना–पालकोट, प्रखण्ड–पालकोट<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें घुटने में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 249. | 1. आवेदन क्र0–603/25 2. आवेदक–जॉन कुजूर, पिता–स्व0 वेनेदिक कुजूर<br>3. ग्राम–पुग्गू दाउद नगर, पोस्ट–अरमई, थाना–गुमला, प्रखण्ड–गुमला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायें पैर के घुटने में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 250. | 1. आवेदन क्र0–604/25 2. आवेदक–जोस्फिन मिंज, पति–पीत्रुस मिंज<br>3. ग्राम–खोरा पतराटोली, पोस्ट–खोरा, थाना–गुमला, प्रखण्ड–गुमला<br>4. लिंग–महिला, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें तरफ गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 251. | 1. आवेदन क्र0–605/25 2. आवेदक–किशोरी प्रसाद केशरी, पिता–स्व0 रामचन्द्र प्रसाद केशरी<br>3. ग्राम–पालकोट, पोस्ट–पालकोट, थाना–पालकोट, प्रखण्ड–पालकोट<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 252. | 1. आवेदन क्र0–606/25 2. आवेदक–फिलमोन तिर्की, पिता–अलेक्सियुस तिर्की<br>3. ग्राम–नटावल, पोस्ट–भागीटोली, थाना–डुमरी, प्रखण्ड–डुमरी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये गाल में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 253. | 1. आवेदन क्र0–607/25 2. आवेदक–कृष्णा सिंह, पिता–स्व0 फिरू सिंह<br>3. ग्राम–बडकीटोली, पोस्ट–नाथपुर, थाना–पालकोट, प्रखण्ड–पालकोट<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर के ठेहुने पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी ठाकुर महतो द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 254. | 1. आवेदन क्र0–608/25 2. आवेदक–शशीकान्त भगत , पिता–श्री गणेश भगत<br>3. ग्राम–बसिया , पोस्ट–बसिया, थाना–बसिया, प्रखण्ड–बसिया<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–सिर में चोट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी खोरस केरकेट्टा, प्रकाश खलखो एवं रोजलिन तिर्की द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 255. | 1. आवेदन क्र0–609/25 2. आवेदक–दसो उराँव , पति–चरवा उराँव<br>3. ग्राम–करौन्दी , पोस्ट–करौन्दी , थाना–गुमला , प्रखण्ड–गुमला<br>4. लिंग–महिला, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ पैर घुटना के नीचे घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 256. | 1. आवेदन क्र0–610/25 2. आवेदक–माघू उराँव , पिता–बड़सी उराँव<br>3. ग्राम–केदली , पोस्ट–ममरला , थाना–बसिया, प्रखण्ड–बसिया<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 257. | 1. आवेदन क्र0–611/25 2. आवेदक–चम्पू देवी , पति–स्व0 भिखा उराँव<br>3. ग्राम–तिलसिरी , पोस्ट–तिलसिरी, थाना–घाघरा , प्रखण्ड–घाघरा<br>4. लिंग–महिला, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ पैर के जाँघ मे तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 258. | 1. आवेदन क्र0–612/25 2. आवेदक–उरबानुस किंडो , पिता–स्व0 पीटर किंडो<br>3. ग्राम–लोरम्बा , पोस्ट–जमगई , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 259. | 1. आवेदन क्र0–613/25 2. आवेदक–सबियल तिर्की , पिता–लालु तिर्की<br>3. ग्राम–टोंगो , पोस्ट–कातिंग , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 260. | 1. आवेदन क्र0–614/25 2. आवेदक–मिलयानी बरवा , पति–बोनिफस बरवा<br>3. ग्राम–सरखी , पोस्ट–चैनपुर , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–महिला, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 261. | 1. आवेदन क्र0–615/25 2. आवेदक–शांति मिंज , पति–बिरू मिंज<br>3. ग्राम–रघुनाथपुर टुकुटोली , पोस्ट–परसा , थाना–रायडीह , प्रखण्ड–रायडीह<br>4. लिंग–महिला, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 262. | 1. आवेदन क्र0–616/25 2. आवेदक–घुरनी देवी , पति–कृष्णा बड़ाईक<br>3. ग्राम–नवागढ़ डुमरटोली , पोस्ट–नवागढ़, थाना–रायडीह , प्रखण्ड–रायडीह<br>4. लिंग–महिला, आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ लुलवाह में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 263. | 1. आवेदन क्र0–617/25 2. आवेदक–राजकुमार राम , पिता–बिरसाय राम<br>3. ग्राम–सिपरिग , पोस्ट–सिपरिग, थाना–रायडीह , प्रखण्ड–रायडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी नारायण भगत , मोहन भगत एवं गजेन्द्र महली द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 264. | 1. आवेदन क्र0–618/25 2. आवेदक–बुधू भगत , पिता–स्व0 बासु भगत<br>3. ग्राम–हहरी , पोस्ट–नवाडीहा , थाना–घाघरा, प्रखण्ड–घाघरा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दोनो पर में दिनाई का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 265. | 1. आवेदन क्र0–619/25 2. आवेदक–बिसू उराँव, पिता–पुनई उराँव<br>3. ग्राम–देवाकी , पोस्ट–देवाकी , थाना–घाधरा , प्रखण्ड–घाघरा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 266. | 1. आवेदन क्र0–620/25 2. आवेदक–विश्व प्रकाश भगत , पिता–बिरिया भगत<br>3. ग्राम–नवाडीहा , पोस्ट–आदर , थाना–घाघरा, प्रखण्ड–घाघरा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ अंगूठा में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 267. | 1. आवेदन क्र0–621/25 2. आवेदक–सियो उराँव, पिता–स्व0 सुका उराँव<br>3. ग्राम–देवाकी काना टोली , पोस्ट–देवाकी , थाना–घाधरा , प्रखण्ड–घाघरा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 268. | 1. आवेदन क्र0–622/25 2. आवेदक–सुरेश भगत , पिता–स्व0 दुखी भगत<br>3. ग्राम–तेन्दारनवाटोली , पोस्ट–तुसगाँव , थाना–घाघरा, प्रखण्ड–घाघरा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे पर काला दाग का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 269. | 1. आवेदन क्र0–623/25 2. आवेदक–विजय कुमार भगत , पिता–स्व0 दुखी भगत<br>3. ग्राम–तेन्दारनवाटोली , पोस्ट–तुसगाँव , थाना–घाघरा, प्रखण्ड–घाघरा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर में दिनाई का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 270. | 1. आवेदन क्र0–624/25 2. आवेदक–जीतराम उराँव , पिता–स्व0 विरीया उराँव<br>3. ग्राम–दोदांग , पोस्ट–आदर , थाना–घाघरा, प्रखण्ड–घाघरा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 271. | 1. आवेदन क्र0–625/25 2. आवेदक–माडवारी भगत , पिता–स्व0 विरसाई भगत<br>3. ग्राम–बदरी करमटोली , पोस्ट–पुटो , थाना–घाघरा, प्रखण्ड–घाघरा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–घुटना में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 272. | 1. आवेदन क्र0–626/25 2. आवेदक–हरिमोहन उराँव , पिता–स्व0 बुधराम उराँव<br>3. ग्राम–सलगी , पोस्ट–आदर , थाना–घाघरा, प्रखण्ड–घाघरा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 273. | 1. आवेदन क्र0–627/25 2. आवेदक–बिहारी उराँव , पिता–स्व0 सोमरा उराँव<br>3. ग्राम–सलगी , पोस्ट–आदर , थाना–घाघरा, प्रखण्ड–घाघरा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 274. | 1. आवेदन क्र0–628/25 2. आवेदक–सरोज देवी (आश्रित पत्नी), पति–स्व0 गोपाल सिंह (आंदोलनकारी) 3. ग्राम–घाघरा, पोस्ट–घाघरा , थाना–घाघरा, प्रखण्ड–घाघरा<br>4. लिंग–महिला , आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 275. | 1. आवेदन क्र0–629/25 2. आवेदक–बैरली उराँव , पिता–स्व0 चरवा उराँव<br>3. ग्राम–आँजन , पोस्ट–आँजन , थाना–गुमला , प्रखण्ड–गुमला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 276. | 1. आवेदन क्र0–630/25 2. आवेदक–सियो उराँव, पिता–स्व0 सुका उराँव<br>3. ग्राम–देवाकी काना टोली , पोस्ट–देवाकी , थाना–घाधरा , प्रखण्ड–घाघरा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 277. | 1. आवेदन क्र0–631/25 2. आवेदक–ओमप्रकाश मिश्रा , पिता–विराजमणि मिश्रा<br>3. ग्राम–देवाकी , पोस्ट–देवाकी , थाना–घाधरा , प्रखण्ड–घाघरा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर पर जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 278. | 1. आवेदन क्र0–632/25 2. आवेदक–लिलकन उराँव , पिता–स्व0 सोमा उराँव<br>3. ग्राम–सलगी , पोस्ट–आदर , थाना–घाघरा, प्रखण्ड–घाघरा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरा में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 279. | 1. आवेदन क्र0–633/25 2. आवेदक–महाजन उराँव , पिता–स्व0 पचा उराँव<br>3. ग्राम–देवाकी , पोस्ट–देवाकी , थाना–घाधरा , प्रखण्ड–घाघरा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ का दो अंगुली नहीं हैं। | कंडिका–2(ix) |
| 280. | 1. आवेदन क्र0–634/25 2. आवेदक–गौतम राम पिता–राधे राम<br>3. ग्राम–घाघरा, पोस्ट–घाघरा , थाना–घाघरा, प्रखण्ड–घाघरा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें कंधा पर तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 281. | 1. आवेदन क्र0–635/25 2. आवेदक–सुनील भगत पिता–शिवशंकर भगत<br>3. ग्राम–पतागाई , पोस्ट–घाघरा , थाना–घाघरा, प्रखण्ड–घाघरा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर पर घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 282. | 1. आवेदन क्र0–636/25 2. आवेदक–सुंदरी देवी , पति–सुरेश भगत<br>3. ग्राम–तेन्दारनवाटोली , पोस्ट–तुसगाँव , थाना–घाघरा, प्रखण्ड–घाघरा<br>4. लिंग–महिला, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट में खोदा दाग का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 283. | 1. आवेदन क्र0–637/25 2. आवेदक–झालो कुमारी , पति–जैनु उराँव<br>3. ग्राम–विशुनपुर , पोस्ट–विशुनपुर, थाना–विशुनपुर, प्रखण्ड–विशुनपुर<br>4. लिंग–महिला, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ के अंगुली में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 284. | 1. आवेदन क्र0–638/25 2. आवेदक–बलदेव भगत , पिता–स्व0 एतवा भगत<br>3. ग्राम–देवाकी डहूटोली , पोस्ट–देवाकी , थाना–घाधरा , प्रखण्ड–घाघरा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 285. | 1. आवेदन क्र0–639/25 2. आवेदक–फ्रांसिस जेवियर लकड़ा , पिता–स्व0 खीस्तोकर लकड़ा<br>3. ग्राम–गुटवाजोकारी , पोस्ट–घाधरा , थाना–घाधरा , प्रखण्ड–घाघरा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर पर घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 286. | 1. आवेदन क्र0–640/25 2. आवेदक–मनफिरन सिंह , पिता–कलेशवर सिंह<br>3. ग्राम–सेरका , पोस्ट–विशुनपुर, थाना–विशुनपुर, प्रखण्ड–विशुनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 287. | 1. आवेदन क्र0–641/25 2. आवेदक–विनोद भगत , पिता–हीराचन्द्र भगत<br>3. ग्राम–आदर , पोस्ट–आदर, थाना–घाधरा , प्रखण्ड–घाघरा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 288. | 1. आवेदन क्र0–642/25 2. आवेदक–दिव्या माधुरी तिर्की, पति–अशोक कुमार भगत<br>3. ग्राम–रूकरूम , पोस्ट–सिलम , थाना–रायडीह, प्रखण्ड–रायडीह<br>4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें घुटना में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 289. | 1. आवेदन क्र0–643/25 2. आवेदक–आजाद अली , पिता–कुरवान अली<br>3. ग्राम–विशुनपुर , पोस्ट–विशुनपुर, थाना–विशुनपुर, प्रखण्ड–विशुनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 र्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 290. | 1. आवेदन क्र0–644/25 2. आवेदक–पारसनाथ कच्छप , पिता–स्व0 वकील कच्छप<br>3. ग्राम–खटंगा , पोस्ट–नवाडीहा , थाना–घाघरा, प्रखण्ड–घाघरा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 291. | 1. आवेदन क्र0–645/25 2. आवेदक–तिजू उराँव , पिता–स्व0 घुड़ उराँव<br>3. ग्राम–नौवाडीहा , पोस्ट–नवाडीहा , थाना–घाघरा, प्रखण्ड–घाघरा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 292. | 1. आवेदन क्र0–646/25 2. आवेदक–सुखदेवटाना भगत , पिता–भीखाटाना भगत<br>3. ग्राम–चपका , पोस्ट–घाधरा, थाना–घाधरा , प्रखण्ड–घाघरा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 293. | 1. आवेदन क्र0–647/25 2. आवेदक–लुटू भगत , पिता–गन्दुर भगत<br>3. ग्राम–नौडीहा करंज टोली, पोस्ट–घाघरा , थाना–घाघरा, प्रखण्ड–घाघरा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 294. | 1. आवेदन क्र0–648/25 2. आवेदक–सुमित्रा देवी (आश्रित) , पति–स्व0 जतरा पहान<br>3. ग्राम–आदरभंडारटोली, पोस्ट–आदर , थाना–घाघरा, प्रखण्ड–घाघरा<br>4. लिंग–महिला, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 295. | 1. आवेदन क्र0–649/25 2. आवेदक–दिनेश भगत , पिता–स्व0 सुखदेव भगत<br>3. ग्राम–डिधौली टोली , पोस्ट–घाधरा, थाना–घाधरा , प्रखण्ड–घाघरा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर का तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 296. | 1. आवेदन क्र0–650/25 2. आवेदक–प्रदीप गोप , पिता–स्व0 गंगा गोप<br>3. ग्राम–बड़ा अजियातु पतरा टोली , पोस्ट–आदर , थाना–घाधरा , प्रखण्ड–घाघरा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

| (भुवनेश्वर महतो)<br>सदस्य | (नरसिंह मुर्मू)<br>सदस्य | (दुर्गा उराँव)<br>अध्यक्ष |
|---|---|---|

PR 355496 Home (25-26)_D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

सामाजिक न्याय, समानता, और मानवीय मूल्यों पर आधारित थे। उन्होंने अपने लेखन में गरीबी, किसानों की दुर्दशा, और सामाजिक कुरीतियों पर प्रकाश डाला। उनका मानना था कि साहित्य का उद्देश्य मनोरंजन के साथ-साथ समाज को जागरूक करना और उसे बेहतर बनाना भी है। - **मुंशी प्रेमचंद**

## संपादकीय

# वैश्विक पहचान बदलता भारत

संपेरे और भिखमंगों के देश के रूप में जाने जानेवाला भारत एक बड़ी अर्थव्यवस्था और सामरिक शक्ति संपन्न देश के रूप में वैश्विक स्तर पर पहचान बना रहा है जिसे ध्वस्त करने में विदेशी के साथ कथित बुद्धिजीवी और राजनीतिबाज लगे हैं। सोशल मीडिया पर भारत मूल के बच्चों की पीएम मोदी की फोटो और तिरंगे पर लात मारनेवाले वीडियो चल रही है और लोग भूल रहे हैं कि इस रास्ते पर चलते वाले पाकिस्तान या तालिबान की क्या स्थिति है।भारत की कहानी फिर से कहने का समय ताकि हमारे गौरव को बेहतर तरीके से समझा जा सके। जैसा हमने पहलगाम आतंकी हमले पर भारत की प्रतिक्रिया के वक्त देखा, जब अंतरराष्ट्रीय मीडिया ऐतिहासिक तथ्यों की अनदेखी करते हुए भारत और पाकिस्तान को एक ही पलड़े पर दिखाने के लिए उतारू हो, यह जरूरी हो जाता है कि हम दुनिया को उस भारत की कहानी याद दिलाएं, जिसका आरंभ सैकड़ों ईसा पूर्व हुआ था। भारत को अपनी कहानी दुनिया को बताने की आवश्यकता महसूस हो रही है, जो प्रचलित ज्ञान को जटिलताओं से चुनौती देते वक्त रूढ़िबद्ध धारणाओं और कुछ मामलों में तो आदर्शों पर वापस आ जाती है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत की प्रभावी सैन्य प्रतिक्रिया, अंतरराष्ट्रीय मीडिया में कुछ लोगों के लिए एक और अवसर था, जिससे धार्मिक आतंकवाद के सबसे मुखर प्रवर्तक (पाकिस्तान) द्वारा शुरू किए गए संघर्ष को घृणा और अविवेक से प्रेरित दो परमाणु शक्तियों के बीच अपरिहार्य निकट-युद्ध परिदृश्य में बदल दिया गया, तथा इस ऐतिहासिक तथ्य को कम महत्व दिया गया कि यह असमानों के बीच संघर्ष था।

एक तरफ एक सैन्य-इस्लामी शासन है, जिसका लोकतांत्रिक आवरण कमजोर है। दूसरी तरफ एक लोकतांत्रिक देश है, जिसके पास वह सब कुछ है, जो एक लोकतंत्र ऐसे समाज में प्राप्त कर सकता है, जो एकरूपता और वैचारिक द्वैधता को चुनौती देता है। इसने उन विश्लेषणों को नहीं रोका है, जो क्षेत्र पर एक 'प्रामाणिक' विवाद में भयावहता की उत्पत्ति की तलाश करते हैं-जब कोई विवाद नहीं होता है, लेकिन केवल एक आधे-अधूरे राज्य के दावे होते हैं। कभी-कभी राष्ट्रों को रूढ़िवाद से छनकर आई सच्चाई से भरी दुनिया को अपनी कहानियां बताने की जरूरत होती है। भारतीय कहानी बताने का सही समय आ गया है। शायद उक्त अनुच्छेद का जिक्र किए बगैर भी मैं ब्रिटिश संग्रहालय की महत्वाकांक्षी प्रदर्शनी में प्रवेश कर सकता था। कई बार सुर्खियों को इतिहास के दूर के छोर से स्पष्ट किया जाता है। एनसिएंट इंडियाः लिविंग ट्रेडिशंस सभ्यतागत स्मृति के माध्यम से पवित्र भूमि की एक विस्तृत और उत्कृष्ट खोज है।

200 ईसा पूर्व से 600 ईसवी तक फैले हिंदू धर्म, बौद्ध धर्म और जैन धर्म के प्राचीन स्वरूप का पता लगाते हुए यह जीवंतता सामने आती है कि कैसे मूल रूप से प्रकृति से प्रेरित और तात्विक परिशुद्धता के साथ गढ़े गए रूपांकनों और रूपकों ने उस दुनिया के द्वार खोल दिए, जो कहती थी : भक्ति ही नियति है। सर्वाधिक दयालु यक्ष और यक्षी, अपनी टेराकोटा अभिव्यक्तियों में क्रूर हैं।

*सोशल मीडिया पर भारत मूल के बच्चों की पीएम मोदी की फोटो और तिरंगे पर लात मारनेवाले वीडियो चल रही है और लोग भूल रहे हैं कि इस रास्ते पर चलते वाले पाकिस्तान या तालिबान की क्या स्थिति है*

# मोदी युग में सांस्कृतिक पुनर्जागरण का एक दशक



जनवरी 2024 में, जब पावन नगरी अयोध्या में सूर्योदय हुआ। सदियों से लुप्त हो चुकी प्रार्थना अब आखिरकार गुंजायमान होने लगी थी। श्री राम की अपने राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महज एक धार्मिक उपलब्धि नहीं थी। यह सभ्यता के उद्धार का क्षण था। सदियों के आक्रमण, औपनिवेशिक विकृति और राजनीतिक देरी के बाद, मंत्रों से गूंजता हुआ और इतिहास के स्पंदन सहित, बलुआ पत्थर में उकेरा गया यह मंदिर शान से खड़ा था। यह सिर्फ वास्तुकला के बारे में नहीं था, यह एक घायल आत्मा के उपचार के बारे में था। श्री राम की अपनी जन्मभूमि पर वापसी ने उस राष्ट्र की आस्था को फिर से जागृत कर दिया, जिसने लंबे समय तक अपने दिल में निर्वासन की खामोशी को समेटे रखा था।

कुछ महीने पहले, भारत की प्राचीन आस्था का एक और प्रतीक चुपचाप अपने सही स्थान पर लौट आया। नई संसद के उद्घाटन के दौरान, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सेंगोल को स्थापित किया। यह एक पवित्र राजदंड है, जिसे 1947 में तमिल अधीनमों ने सत्ता के धार्मिक हस्तांतरण को चिह्नित करने के लिए जवाहरलाल नेहरू को भेंट किया था। दशकों से, इसे भुला दिया गया था, समुचित स्थान से वंचित किया गया, और एक प्रचलित राजदंड के तौर पर खारिज कर दिया गया था। इसकी स्थापना केवल स्मरण का कार्य नहीं था - यह एक शक्तिशाली घोषणा थी कि भारत अब खुद को उधार की आंखों से नहीं देखेगा। सेंगोल ने साम्राज्य के अवशेषों का नहीं, बल्कि धार्मिकता पर आधारित शासन का प्रतिनिधित्व किया। यह भारत की अपनी राज्य कला और आध्यात्मिक परंपराओं का एक महत्वपूर्ण आलिंगन था, जिसे उपनिवेशवाद के बाद के क्रम में लंबे समय तक नजरअंदाज किया गया था। इतना ही नहीं, इन क्षणों ने एक गहरे सांस्कृतिक पुनर्जागरण का संकेत दिया। यह एक सभ्यतागत गतिविधि के तौर पर ग्यारह परिवर्तनकारी वर्षों में सामने आएगी।

2014 में शुरू से ही यह स्पष्ट था कि मोदी सरकार के तहत संस्कृति अब सजावटी नहीं रहेगी, बल्कि यह मूलभूत होगी। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पहली बार 2015 में मनाया गया था। अब दुनिया भर में लाखों लोगों को एक प्राचीन भारतीय परंपरा का जश्न मनाते देखा जा रहा है, जो शरीर, मन और आत्मा को आपस में जोड़ता है। योग केवल एक स्वास्थ्य संबंधी दिनचर्या भर नहीं है, बल्कि यह पिछले कुछ वर्षों में भारत का सबसे बड़ा सांस्कृतिक निर्यात भी बन गया है। आयुष मंत्रालय के माध्यम से पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों के पुनरुद्धार को संस्थागत बल दिया गया। इसके परिणामस्वरूप आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी को राष्ट्रीय और वैश्विक मंचों पर पहुंचने में मदद मिली। समानांतर रूप से, सरकार ने संस्कृत, तमिल, पाली और प्राकृत जैसी शास्त्रीय भाषाओं को संरक्षित करने, पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने और उस्ताद एवं हमारी धरोहर जैसी योजनाओं के तहत लुप्तप्राय लोक कलाओं और शिल्पों का समर्थन करने के लिए मिशन शुरू किए। भारत की ऐतिहासिकों इमारतों में भी नई जान आ गई। 2018 में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का अनावरण केवल व्यापकता के बारे में नहीं था, बल्कि एक गाथा को पुनः प्रतिष्ठित करने जैसा था। सरदार वल्लभभाई पटेल लंबे समय से ओझल हो रहे थे। उनको राष्ट्रीय स्मृति में सबसे आगे रखा गया। राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ करना एक निर्णायक बदलाव का प्रतीक था। यह औपनिवेशिक प्रतीकवाद से देशी जवाबदेही की ओर बदलाव का भी प्रतीक था।

तमिलनाडु के महाबलीपुरम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति श्री शी जिनपिंग के बीच 2019 की अनौपचारिक शिखर वार्ता की तुलना में शायद कोई भी कूटनीतिक वार्ता इस बदलाव को बेहतर तरीके से नहीं दर्शाती है। दिल्ली के गलियारों से दूर, प्राचीन बंदरगाह का नगर, जो कभी पल्लव राजवंश और भारत-चीनी समुद्री संबंधों का एक संपन्न केंद्र होने के साथ-साथ दो सभ्यताओं के बीच वार्ता की पृष्ठभूमि बन गया। जब नेता चट्टानों को काटकर बनाए गए मंदिरों और पत्थर के रथों के बीच चले, तो भारत ने न केवल भूगोल, बल्कि इतिहास और न केवल प्रोटोकॉल, बल्कि विरासत को भी प्रस्तुत किया। यह अपने सबसे सूक्ष्म और सबसे मजबूत रूप में सॉफ्ट पावर था। यह सांस्कृतिक लोकाचार अन्य तरीकों से भी भारत की वैश्विक कूटनीति में प्रवाहित हुआ। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विश्व के नेताओं को राजकीय उपहार के तौर पर पट्टचित्र पेंटिंग से लेकर बच्चों के लिए लाख के खिलौने भेंट किए गए, जो अपने साथ भारत के कारीगरों और कालातीत परंपराओं के संदेश लेकर गए।

2023 में जी-20 की अध्यक्षता एक और सांस्कृतिक उपलब्धि साबित हुई। दिल्ली के डिप्लोमेटिक हॉल तक सीमित न रहकर, यह शिखर सम्मेलन सांस्कृतिक पहचान का अखिल भारतीय उत्सव बन गया। आदिवासी कला प्रदर्शनों से लेकर शास्त्रीय प्रदर्शनों तक, भारत ने न केवल अपनी नीतिगत गहराई, बल्कि अपनी आत्मा का भी प्रदर्शन किया। हर प्रतिनिधिमंडल भारत के रंगों, व्यंजनों, शिल्प और चेतना में डूबा हुआ था। संदेश स्पष्ट थाः भारत भूतकाल की सभ्यता नहीं है - यह जीवंत, सशक्त और आत्मविश्वास से परिपूर्ण वैश्विक सभ्यता है। इन वर्षों के दौरान, 600 से अधिक चोरी की गई कलाकृतियां विदेशी संग्रहालयों और संग्रहकर्ताओं से वापस लाई गईं, जिनमें मूर्तियां, शिलालेख और पांडुलिपियां शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक की वापसी न केवल कला की बल्कि सम्मान की बहाली थी। इसी तरह, गुरु गोविंद सिंह के वीर शहजादों की शहादत को याद करने के लिए वीर बाल दिवस की स्थापना की गई, जबकि जनजातीय गौरव दिवस ने आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को राष्ट्रीय केन्द्र में लाया।

महामारी भी सांस्कृतिक लौ को मद्धिम नहीं कर पाई। वर्चुअल कॉन्सर्ट, डिजिटल म्यूजियम टूर और "मन की बात" के माध्यम से, प्रधानमंत्री ने सुनिश्चित किया कि कला, कहानियां और सांस्कृतिक गौरव लॉकडाउन के एकांत में भी पुष्पित-पल्लवित होते रहें। "विकास भी, विरासत भी" के नारे जैसे अभियान में ये सभी समाहित हो गए। यह एक आह्वान है जो आर्थिक विकास को सांस्कृतिक गौरव के साथ-साथ चलने पर जोर देता है। मोदी सरकार के तहत, यह नारा केवल बयानबाजी नहीं था। इसने एक नई दृष्टि को परिभाषित किया। एक दृष्टि, जिसमें जीडीपी वृद्धि, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और रक्षा आधुनिकीकरण, मंदिर जीर्णोद्धार, आदिवासी गौरव और सभ्यता की गाथा समाहित थे। भारत आज अपनी पहचान के इर्द-गिर्द नहीं घूमता। बिना किसी पछतावें और आत्मविश्वास से परिपूर्ण होकर यह आगे बढ़ता है। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद प्रगति की बाध्यकारी शक्ति के रूप में उभरा है, जिसे कभी प्रतिगामी के रूप में खारिज कर दिया गया था। भाजपा के वैचारिक कम्पास में, संस्कृति केवल एक सहायक भर नहीं है, बल्कि धुरी है। इन ग्यारह सालों में मोदी युग ने केवल सांस्कृतिक नीति को ही ध्यान में नहीं रखा है, बल्कि इसने सांस्कृतिक चेतना को भी जागृत किया है। जो पुनर्स्थापना के तौर पर शुरू हुआ था, वह पुनरुत्थान बन गया। जिन्हें कभी अतीत की स्मृतियों के तौर पर उपेक्षित किया जाता था, वे सभी अब राष्ट्रीय पहचान के केंद्र बन गए हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात



**श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत**
केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री, भारत सरकार

## विशेष नहीं सक्षम बनाएं

हर वर्ष 18 जून को ऑटिज़्म जागरूकता दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो उन लाखों बच्चों और परिवारों के जीवन से जुड़ा है जो इस विशेष न्यूरो-विकासात्मक स्थिति से प्रभावित होते हैं। एक वैश्विक रिपोर्ट के अनुसार, प्रत्येक 100 बच्चों में से एक बच्चा ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर से पीड़ित होता है। भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में यह संख्या चिंताजनक रूप से अधिक है। यह दिवस हमें ऑटिज़्म के लक्षणों, कारणों, निदान, इलाज और उससे जुड़ी सामाजिक जिम्मेदारियों पर विचार करने और व्यापक जनजागरूकता फैलाने का अवसर देता है। ऑटिज़्म क्या है? ऑटिज़्म एक न्यूरो-डवलपमेंटल विकार है जो व्यक्ति की सामाजिक, भाषाई, व्यवहारिक और संवेदी क्षमताओं को प्रभावित करता है। इसे ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (ASD) भी कहा जाता है क्योंकि इसके लक्षण और प्रभाव अलग-अलग बच्चों में अलग-अलग प्रकार से प्रकट होते हैं। कुछ बच्चे पूरी तरह संवाद नहीं कर पाते, तो कुछ सामाजिक संकेतों को समझने में असमर्थ होते हैं। अधिकांश मामलों में यह समस्या बाल्यावस्था में ही स्पष्ट होने लगती है।

इसके मुख्य लक्षण होते हैं- सामाजिक संपर्क में कठिनाईः जैसे आँखों में आंखें डालकर बात न करना, दूसरों से भावनात्मक जुड़ाव की कमी। भाषा और संवाद की समस्याएंः देर से बोलना, एक ही शब्द या वाक्य बार-बार दोहराना। रूढ़िवादी व्यवहारः जैसे एक ही गतिविधि बार-बार करना, परिवर्तन को स्वीकार न करना। संवेदी संवेदनशीलताः तेज आवाज़, रोशनी या कपड़ों से असामान्य प्रतिक्रिया। ध्यान की कमी या अत्यधिक एकाग्रताः किसी एक वस्तु या विषय में अत्यधिक रुचि लेना।

अब प्रश्न यह है कि ऑटिज़्म के संभावित कारण क्या हो सकते हैं? तो आज तक ऑटिज़्म का कोई एक निश्चित कारण स्पष्ट नहीं हुआ है, परंतु शोध के अनुसार इसके पीछे कई जैविक, आनुवंशिक और पर्यावरणीय कारक जिम्मेदार हो सकते हैंः 1. आनुवंशिक कारणः परिवार में किसी को ऑटिज़्म होने की स्थिति में बच्चों को यह विकार होने की संभावना अधिक होती है। 2. गर्भावस्था के दौरान संक्रमण या विषैले रसायनों का संपर्क। 3. मस्तिष्क के विकास में असामान्यताएं। 4. प्रारंभिक जन्म या जन्म के समय वजन का कम होना।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**डॉ दीपक प्रसाद**
सहायक आचार्य
रंगकर्मी, निर्देशक

# सरकार की सजगता और पुलिस की संवेदनशील से पहले अपने अंदर झांके

सिस्टम को कोसना और दोष देना बहुत अधिक आसान है। लेकिन अफसोस की बात तो यही है कि जितना अधिक ध्यान हम दूसरों की नकारात्मकता ढूंढ़ने और दूसरों के ऊपर उंगली उठाने में लगाते हैं उसका एक प्रतिशत भी यदि स्वयं को संवेदनशील, सजग बनाकर सतर्क होकर दूसरों की जरूरतों को समझें तो उत्साहजनक परिणाम नजर आयेगा।

17 जून की रात मैंने एक छोटा-सा कदम बढ़ाया और खुशी की बात यह रही कि घटनास्थल पर उपस्थित कुछ युवाओं का साथ मिला। साथ ही इसे संयोग कहें या पुलिस की सजगता कि 100 नंबर पर कॉल करने के चार-साढ़े चार मिनट के अन्दर नामकुम पुलिस आ पहुँची और बुरी तरह घायल युवक को तत्काल अस्पताल पहुँचाकर उसकी जान को बचाना संभव हो सका। 17 जून की रात 9 बजे नामकुम से मोरहाबादी स्थित अपने आवास लौटते हुए जैसे ही नामकुम रेलवे ब्रिज को क्रॉस किया वैसे ही हाईटेंसन इंसुलेटर फैक्ट्री के पास सड़क किनारे अचेत पड़े एक युवक पर नजर पड़ी। चेहरा पूरी तरीके से लहूलुहान था जबकि पास में वह दुर्घटनाग्रस्त बाइक थी जिसपर वह युवक सवार था। उक्त युवक ने हेलमेट तो लगाया था पर शायद बेल्ट नहीं लगा था क्योंकि वह हेलमेट दूर पड़ा था। वहाँ आसपास 15-20 लोगों की भीड़ इकट्ठी थी तमाशाई बनकर। वहाँ से गुजरते हुए सभी बाइक, स्कूटी, फोर व्हीलर के साथ ही अन्य वाहनों को भी बहुत जल्दी थी। सभी तेजी से गुजरते जा रहे थे लेकिन किसी के पास भी इतनी फुर्सत नहीं कि वहाँ रुककर स्थिति देखे और मदद करे। सभी जैसे बेजुबान और तमाशा देखनेवाले।

लेकिन ऐसी घटनायें मुझे शुरू से ही विचलित करती है क्योंकि बहुत सारे अपनों-परायों को मैंने इसी हाल में इस दुनिया को छोड़ते हुए देखा है जब उन्हें किसी की मदद नहीं मिली। ऐसी स्थिति में मैंने अपनी सीमित समझ के अनुसार तत्काल बुरी तरह घायल युवक के पल्स को चेक किया लेकिन कुछ पता नहीं चला। फिर मैंने स्वतः स्फूर्त उसकी छाती पर अपना कान रखा और इतना तो पता चल ही गया कि उसकी धड़कनें चल रही है अर्थात जीवन की आस अभी बाकी है। तब मैंने वहाँ सभी को मदद करने के लिये डांटा, पुकारा या पुचकारा।।। अब आप इसे जैसा भी समझ लें। दो-चार युवक सामने आये और उन्होंने घायल युवक को उठाकर डिवाइडर के ऊपर रख दिया। इधर मैंने तत्काल 100 नंबर पर डायल कर पुलिस को घटना की सूचना दी और संयोग ऐसा बढ़िया साथ ही पुलिस की संवेदनशीलता भी कि बमुश्किल चार-साढ़े चार मिनट के अंदर नामकुम थाना की पुलिस आ गयी और उसने तेजी से कार्रवाई करते हुए घायल युवक को टेंपो में डालकर अस्पताल भेज दिया। यहाँ यह बताना भी बहुत आवश्यक है कि इस दौरान वहाँ से दो एंबुलेंस ऐसा गुजरा जो पूरी तरीके से खाली था लेकिन फिर भी ड्राइवर ने पुलिस का मामला बताते हुए मना कर दिया।

इस घटना को बताने का उद्देश्य ना तो उस प्रशंसा को बटोरना है जिसकी कोई भी कीमत नहीं और वह कौड़ियों के भाव मिलता है। मक़सद है तो बस इतना कि हम अपनी जिम्मेदारी समझें खासकर जब जान बचाने की बात हो। हम ना तो सरकार को बवजह दोष दें ना ही उसे नाकाम कहने-सुनने को फैशन बना दें। खासकर ऐसे संवेदनशीलता एवं मानवीयता जैसे मामले पर पुलिस को कोसना भी बंद करें क्योंकि पुलिस कोई देवदूत या भगवान नहीं है। लेकिन समय आने पर वह इससे कम काम भी नहीं करती। यदि कल पुलिस को सूचना ही नहीं मिलती तो संभव है कि पुलिस की ओर से ऐसी मदद भी नहीं मिलती। यहाँ हर किसी को एक बात हमेशा याद रखनी चाहिये। यदि सड़क दुर्घटना में आपके सामने घायल-पीड़ित कोई अनजान व्यक्ति है तो वह उतना भी अनजान नहीं है जिसे आपकी बेरुखी बर्दास्त करनी पड़े। कोई न कोई आपकी करनी को देख रहा है और वह भी आपकी अंतरात्मा के साथ। इसका ख्याल जरूर रखिये। हर पल। साथ ही इस दुनिया में अपने किये का कर्म ही हर किसी को भुगतना पड़ता है। यदि आपने किसी की मदद की या फिर ऐसे किसी व्यक्ति की मदद करने से आप पीछे हट रहे हैं तो तनिक सोचिये जरूर। यह बात इसलिये भी बहुत अधिक आवश्यक है कि यदि आपके या फिर आपके किसी अपने के साथ ऐसी ही घटना घटती है और उसे किसी की मदद नहीं मिलती है तो आपके ऊपर क्या गुजरेगी?

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**डॉ. प्रणव कुमार बब्बू**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

तनहाई करने लगी, कुछ ऐसा व्यवहार।
जैसे खासमखास हो, कोई नातेदार।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

### शरणार्थीः दर्द, दृढ़ता और दुनिया से उम्मीद की कहानी

# हकदार सिर्फ घर के नहीं गरिमा के भी हैं वे

विश्व शरणार्थी दिवस

जब रात का सन्नाटा बमों की गड़गड़ाहट में बदल जाए, जब आपके बच्चों की हँसी डर के साये में दब जाए, और जब आपका घर सिर्फ़ एक याद बनकर रह जाए, तब "शरणार्थी" शब्द का वास्तविक अर्थ समझ आता है। यह सिर्फ़ एक शब्द नहीं, बल्कि उन अनगिनत जिंदगियों का दर्दनाक सच है, जो युद्ध, हिंसा, उत्पीड़न या प्राकृतिक आपदाओं की वजह से अपनी जड़ों से उखड़कर अनिश्चितता के सागर में भटक रही हैं। 20 जून, विश्व शरणार्थी दिवस, केवल एक तारीख नहीं, बल्कि मानवता के उस ज़ख्म का प्रतीक है, जो तब तक नहीं भरेगा, जब तक हर इंसान को सम्मान और सुरक्षा के साथ जीने का हक़ न मिले। यह दिन हमें उन करोड़ों लोगों की पीड़ा, साहस और उम्मीद की कहानियों से जोड़ता है, जिन्हें दुनिया ने "शरणार्थी" का लेबल दे दिया, लेकिन जिनके दिलों में अभी भी अपने परिवार, अपने सपनों और एक बेहतर कल की चाह बाकी है। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायोग (यूएनएचसीआर) के अनुसार, 2025 तक दुनिया भर में 11.4 करोड़ से अधिक लोग जबरन विस्थापित हो चुके हैं। इनमें 3.2 करोड़ शरणार्थी हैं, जो अपने देश की सीमाओं को छोड़कर अन्य देशों में शरण लेने को मजबूर हुए हैं। इसके अलावा, 6.8 करोड़ लोग अपने ही देश में विस्थापित हैं, और लगभग 60 लाख लोग शरण माँगने की प्रक्रिया में हैं। ये आँकड़े केवल संख्याएँ नहीं, बल्कि उन माता-पिताओं की कहानियाँ हैं जो अपने बच्चों को गोद में लेकर युद्धग्रस्त इलाकों से भागे, उन युवाओं की हैं जिनके सपने बमबारी में दफन हो गए, और उन बच्चों की हैं जिन्हें स्कूल की जगह शरणार्थी शिविरों में बड़ा होना पड़ रहा है। सीरिया, अफगानिस्तान, दक्षिण सूडान, म्यांमार और यूक्रेन जैसे देशों में चल रहे संघर्षों ने लाखों लोगों को बेघर कर दिया है। इसके अलावा, जलवायु परिवर्तन भी एक नया संकट बनकर उभरा है, जिसने बांग्लादेश, मालदीव और अफ्रीका के कई हिस्सों में लोगों को अपनी जमीन छोड़ने के लिए मजबूर किया है।

विश्व शरणार्थी दिवस की शुरुआत 2001 में यूएनएचसीआर द्वारा की गई थी, ताकि दुनिया का ध्यान उन लोगों की ओर जाए, जिन्हें न चाहते हुए भी अपने घर छोड़ने पड़े। इसका उद्देश्य न केवल इन लोगों के संघर्षों को पहचान देना है, बल्कि उन नीतियों और प्रयासों को बढ़ावा देना भी है, जो उनके जीवन को बेहतर बना सकें। यह दिन हमें याद दिलाता है कि शरणार्थी कोई बोझ नहीं, बल्कि वे लोग हैं जिन्हें परिस्थितियों ने मजबूर किया है। कोई भी जन्म से शरणार्थी नहीं होता; यह एक ऐसी स्थिति है, जो युद्ध, अत्याचार या प्राकृतिक आपदा के कारण किसी भी इंसान पर थोप दी जाती है। फिर भी, समाज में अक्सर उन्हें संदेह की नज़रों से देखा जाता है, उनके इरादों पर सवाल उठाए जाते हैं, और उनकी पीड़ा को नजरअंदाज कर दिया जाता है। यह मानवता की विफलता का द्योतक है।

दुनियाभर में कई देशों ने शरणार्थियों के प्रति उदारता और मानवता का परिचय दिया है। कनाडा ने 2023 तक 1.5 लाख से अधिक शरणार्थियों को पुनर्वासित किया, जबकि जर्मनी ने सीरियाई और अफगान शरणार्थियों को न केवल आश्रय दिया, बल्कि उन्हें शिक्षा और रोजगार के अवसर भी प्रदान किए। स्वीडन और युगांडा जैसे देश भी अपनी जनसंख्या के अनुपात में बड़ी संख्या में शरणार्थियों को अपनाने के लिए जाने जाते हैं। भारत का इतिहास भी शरणार्थियों के प्रति करुणा से भरा है। 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान 1 करोड़ से अधिक शरणार्थियों को भारत ने शरण दी। तिब्बती समुदाय को धर्मशाला में नया घर मिला, और श्रीलंकाई तमिलों, अफगानों और रोहिंग्या शरणार्थियों को भी भारत ने सीमित संसाधनों के बावजूद आश्रय प्रदान किया। यह हमारी सांस्कृतिक विरासत "अतिथि देवो भव" का जीवंत उदाहरण है। हालांकि, आज वैश्विक परिदृश्य बदल रहा है। बढ़ता राष्ट्रवाद, आर्थिक संकट और सुरक्षा चिंताएँ शरणार्थियों के प्रति दृष्टिकोण को कठोर कर रही हैं। कई देशों में उन्हें "अवैध प्रवासी" या "खतरा" मानकर सीमाएँ बंद की जा रही हैं। इससे शरणार्थियों का जीवन और कठिन हो गया है। यूएनएचसीआर की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, 70% शरणार्थी उन देशों में रहते हैं जो स्वयं आर्थिक रूप से कमजोर हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**प्रो. आरके जैन**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# तिरुपति जा रही स्पाइसजेट की फ्लाइट तकनीकी खराबी के कारण हैदराबाद लौटी

**हैदराबाद (आईएएनएस)**



### फ्रैंकफर्ट से उड़ान और वापसी

- विमान ने दोपहर करीब 2:15 बजे फ्रैंकफर्ट हवाई अड्डे से उड़ान भरी।
- **यह विमान भारतीय हवाई क्षेत्र में प्रवेश नहीं कर पाया था।**
- उड़ान के करीब दो घंटे बाद, फ्लाइट एलएच752 वापस लौटी और सुरक्षित रूप से फ्रैंकफर्ट में लैंड की।

हैदराबाद से तिरुपति जा रही स्पाइसजेट की फ्लाइट गुरुवार को तकनीकी खराबी के कारण हैदराबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरने के 10 मिनट बाद ही वापस लौट आई। 80 यात्रियों को लेकर एसजी 2696 फ्लाइट ने सुबह 6.10 बजे राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट, शमशाबाद से तिरुपति के लिए उड़ान भरी थी।

हालांकि, कुछ ही मिनटों बाद पायलट को तकनीकी खराबी का पता चला। फिर तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क किया गया और पायलट द्वारा एयरपोर्ट पर वापस लौटने की अनुमति मांगी गई, फिर विमान को सुरक्षित तरीके से राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर वापस उतारा गया। एयरलाइन ने बताया कि हैदराबाद-तिरुपति मार्ग पर सेवाएं देने वाले स्पाइसजेट क्यू400 विमान में उड़ान भरने के बाद एएफटी बैगेज डोर लाइट में बीच-बीच में रोशनी आती रही। हालांकि, पूरी यात्रा के दौरान केबिन में दबाव सामान्य रहा। एहतियात के तौर पर पायलटों ने हैदराबाद लौटने का फैसला किया। विमान सुरक्षित रूप से उतरा और यात्रियों को सामान्य तरीके से विमान से उतारा गया। विमान ने दोपहर करीब 2.15 बजे फ्रैंकफर्ट हवाई अड्डे से उड़ान भरी। वापस लौटने से पहले इसने भारतीय हवाई क्षेत्र में प्रवेश नहीं किया था। अपनी यात्रा के दो घंटे बाद, फ्लाइट एलएच752 वापस लौटी और फ्रैंकफर्ट हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतरी। 12 जून को अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लंदन गैटविक हवाई अड्डे के लिए उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद एयर इंडिया का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## एयर इंडिया हादसे के बाद बढ़ी सतर्कता, बम की धमकी पर लुफ्थांसा फ्लाइट फ्रैंकफर्ट लौटी

अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया के विमान हादसे के बाद, जिसमें 274 लोगों की जान चली गई थी, एयरलाइंस लगातार सतर्क बनी हुई हैं और विमान परिचालन में सावधानी बरत रही हैं। स्पाइसजेट ने स्पष्ट किया कि विमान ने आपातकालीन लैंडिंग नहीं की। तिरुपति की आगे की यात्रा संचालित करने के लिए एक वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की गई है। 15 जून को फ्रैंकफर्ट से हैदराबाद आने वाली लुफ्थांसा की उड़ान हैदराबाद हवाई अड्डे पर बम की धमकी मिलने के बाद जर्मन हवाई अड्डे पर वापस लौट गई थी। राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के अधिकारियों को 15 जून को शाम 6.01 बजे बम की धमकी वाला ईमेल मिला। अधिकारियों के अनुसार, बम की धमकी का आकलन करने के लिए एक समिति का गठन किया गया था और एसओपी के अनुसार सभी प्रक्रियाओं का पालन किया गया था। सुरक्षा के हित में, एयरलाइन को मूल या निकटतम हवाई अड्डे पर वापस जाने की सलाह दी गई थी। बाद में हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को एक संदेश मिला कि विमान फ्रैंकफर्ट लौट रहा है।

---

### संभल हिंसा मामले में चार्जशीट दाखिल, एसपी बोले-

## सांसद बर्क और जफर अली समेत 23 को बनाया आरोपी



**संभल (आईएएनएस)**

संभल में पिछले साल 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा मामले में एसआईटी ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है। इस चार्जशीट में सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क और जामा मस्जिद के सदर जफर अली समेत कुल 23 को आरोपी बनाया गया है। संभल के एसपी कृष्ण बिश्नोई ने आईएएनएस से बातचीत में बताया, "24 नवंबर 2024 को संभल जिले में कोर्ट के आदेश पर सर्वे के दौरान बाधा डालने, हिंसा और आगजनी के संबंध में 12 एफआईआर दर्ज की गई थीं। इनमें से 7 मामले पुलिस और 5 मामले जनता की ओर से दर्ज किए गए थे। इन सभी मामलों में बुधवार को चार्जशीट दाखिल कर दी गई है। उन्होंने कहा, "इनमें सबसे महत्वपूर्ण 335/24 के तहत हिंसा की साजिश के अभियोग में सांसद जियाउर्रहमान बर्क के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई है। इसके अलावा, एक अन्य अभियुक्त सुहैल इकबाल की घटनास्थल पर मौजूदगी पाई गई थी, लेकिन उनसे कई घंटों की पूछताछ और अन्य साक्ष्यों के संकलन के बाद उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं मिले। इसी जांच के दौरान उनकी नामजदगी गलत मिली।

साथ ही इस मामले में 23 लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है। एसपी कृष्ण बिश्नोई ने कहा, "पुलिस को जांच के दौरान साक्ष्य मिले कि जामा मस्जिद के सदर जफर अली और सांसद बर्क की देर रात तक बात हुई थी। उससे पूर्व में 22 नवंबर को उनके द्वारा भीड़ को भी इकट्ठा किया गया था। इस मामले में पुलिस ने चंदौसी कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है।

# गर्व का पल : विश्व रैंकिंग में भारत की चमक बढ़ी : प्रधान

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



- **भारत में क्यूएस रैंकिंग में 390% वृद्धि :** पिछले एक दशक में भारत का प्रतिनिधित्व क्यूएस रैंकिंग में 390% बढ़ा, जो G-20 देशों में सबसे तेज़ है।
- **आईआईटी बॉम्बे की रैंकिंग में गिरावट :** आईआईटी बॉम्बे 2023 में 118वें स्थान पर था, जो 2024 में फिसलकर 129वें स्थान पर आ गया।
- **आईआईटी मद्रास की उल्लेखनीय छलांग :** आईआईटी मद्रास ने पिछले साल के 227वें स्थान से 47 स्थान की छलांग लगाकर 180वें स्थान पर जगह बनाई।
- **गर्व का विषय :** भारत की तेज़ प्रगति को शिक्षा मंत्रालय ने गर्व की बात और वैश्विक पहचान की दिशा में बड़ी उपलब्धि बताया।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 की सराहना करते हुए इसे भारत के लिए "अत्यंत गर्व" का क्षण बताया है। प्रधान ने गुरुवार को एक्स पोस्ट में कहा, "वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ 54 उच्च शिक्षा संस्थानों में शामिल होने के साथ भारत ने क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी 2026 रैंकिंग में एक नया मुकाम हासिल किया है। 2014 में सिर्फ 11 संस्थानों से अब 54 तक, यह लगभग पांच गुना वृद्धि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में शुरू किए गए परिवर्तनकारी शैक्षिक सुधारों को दर्शाती है।

उन्होंने देश की शिक्षा प्रणाली में क्रांतिकारी बदलाव के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को श्रेय दिया। उन्होंने कहा, "एनईपी न केवल हमारे शिक्षा परिदृश्य को बदल रहा है, बल्कि क्रांतिकारी बदलाव ला रहा है। यह बहुत गर्व की बात है कि भारत जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली शिक्षा प्रणाली है और अमेरिका, ब्रिटेन और चीन के बाद चौथे स्थान पर है। मुझे विश्वास है कि अनुसंधान, नवाचार और अंतर्राष्ट्रीयकरण पर एनईपी पर जोर के साथ आने वाले समय में और अधिक भारतीय उच्च शिक्षा संस्थान वैश्विक उत्कृष्टता हासिल करेंगे। गुरुवार को जारी क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में कुल 54 भारतीय संस्थानों को स्थान दिया गया है, जो भारत के लिए अब तक का सर्वोच्च स्थान है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली शीर्ष रैंक वाला भारतीय संस्थान बनकर उभरा है, जो वैश्विक स्तर पर 150वें स्थान से 123वें स्थान पर पहुंच गया है, जो अब तक का उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। शिक्षा मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट किया, "आईआईटी दिल्ली भारत के शीर्ष रैंक वाले संस्थान के रूप में अग्रणी है। यह क्यूएस रैंकिंग में संस्थान के लिए एक ऐतिहासिक ऊंचाई है।

मंत्रालय ने यह भी कहा कि पिछले एक दशक में भारत ने क्यूएस रैंकिंग में प्रतिनिधित्व में 390 प्रतिशत की आश्चर्यजनक वृद्धि दर्ज की है, जो जी-20 देशों में सबसे तेज है। पिछले साल की रैंकिंग में भारत का शीर्ष संस्थान आईआईटी बॉम्बे इस साल 118वें स्थान से फिसलकर 129वें वें स्थान पर आ गया है। आईआईटी मद्रास ने उल्लेखनीय सुधार करते हुए 47 पायदान की छलांग लगाई है और 180वें स्थान पर पहुंच गया है, जबकि पिछले साल यह 227वें स्थान पर था। इस वर्ष भारत के लगभग 48 प्रतिशत विश्वविद्यालयों ने अपनी रैंकिंग में सुधार किया है। वैश्विक शीर्ष 100 में पांच भारतीय संस्थानों ने भी स्थान प्राप्त किया है।

सूची में अन्य भारतीय संस्थानों में आईआईटी खड़गपुर (215), आईआईएससी बैंगलोर (219) और दिल्ली विश्वविद्यालय (328) शामिल हैं। निजी विश्वविद्यालय जैसे बिट्स पिलानी (668) और ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी (851-900) भी शामिल हैं। वैश्विक स्तर पर, मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) ने लगातार 14 वें वर्ष शीर्ष स्थान बरकरार रखा है।

## सिद्धार्थनगर के 17 लोग ईरान में फंसे, परिजनों को सता रही चिंता

**सिद्धार्थनगर (आईएएनएस)**

उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले के रहने वाले 17 लोग इस समय ईरान में फंसे हैं। भारत सरकार ने ईरान से अपने नागरिकों को निकालने के लिए 'ऑपरेशन सिंधु' चलाया है। हालांकि, सिद्धार्थनगर के लोगों को अपने परिवार के सदस्यों की चिंता सता रही है, जो अभी ईरान से नहीं लौटे हैं।

जानकारी के मुताबिक, सिद्धार्थनगर जिले के हल्लौर कस्बे के 17 लोगों में से कुछ धार्मिक शिक्षा के लिए ईरान गए थे, जबकि कुछ जियारत के लिए गए थे। हालांकि, ईरान और इजरायल के बीच युद्ध जैसे हालात और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के रद्द होने के कारण सभी लोग भारत वापस नहीं लौट सके हैं। इससे उनके परिजनों की चिंता लगातार बढ़ रही है। परिजनों का कहना है कि भले ही उन लोगों के ठहरने वाले इलाकों में कोई हमला नहीं हुआ हो, लेकिन वहां अनिश्चित स्थिति बनी हुई है। सिद्धार्थनगर के रहने वाले हसन अब्बास का बेटा ईरान में तालिम हासिल करने गया था। मीडिया से बातचीत में हसन ने कहा, "मेरा बेटा ईरान में तालिम हासिल करने गया था। वहां जंग के हालात होने से हम चिंतित हैं। बेटे से हमारी बात हुई है। उसने बताया कि फिलहाल वो जहां है, वहां हालात खराब नहीं हैं। आने वाले समय में क्या होगा, इसका हम अंदाजा नहीं लगा सकते हैं।" हसन ने सरकार से अपील करते हुए कहा, "हमारी सरकार बातचीत के जरिए इस मसले का हल करे और हमारे बच्चों को सुरक्षित वापस लाने की व्यवस्था करे।"

## पश्चिम बंगाल: उत्तर 24 परगना में ईडी ने कारोबारी के घर मारा छापा

**कोलकाता (आईएएनएस)**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने पश्चिम बंगाल में एक कारोबारी के ठिकानों पर गुरुवार सुबह छापा मारा। काफी देर तक रुकने के बाद ईडी के अधिकारी दोपहर करीब 12 बजकर 7 मिनट पर कारोबारी के घर से निकले। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में ईडी ने कारोबारी पर एक्शन लिया। इच्छापुर के लक्ष्मीनाथ नगर इलाके में कारोबारी के घर पर गुरुवार सुबह ईडी की टीम पहुंच गई। केंद्रीय बलों के साथ ईडी की टीम कारोबारी के घर गई थी। कुछ घंटे तक छानबीन के बाद वहां से अधिकारी निकल गए।

## ई-रिक्शा में लगी आग, एक महिला की मौत

**मुजफ्फरपुर (आईएएनएस)।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में गुरुवार को एक ई-रिक्शा में आग लगने से उस पर सवार एक महिला की मौत हो गई, जबकि अन्य कई लोग बुरी तरह झुलस गए। सभी घायलों को इलाज के लिए एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिसमें दो की हालत चिंताजनक बनी हुई है। मामला मुजफ्फरपुर के गायघाट थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, मुजफ्फरपुर-दरभंगा मार्ग पर बेरूआ गांव के पास ई-रिक्शा में अचानक आग लग गई थी।

## आज का राशिफल

**मेष :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा।

**वृष :** आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है।

**मिथुन :** व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें, शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। नौकरी में अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**कर्क :** अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**सिंह :** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी।

**कन्या :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें।

**तुला :** लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा।

**मकर :** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**कुंभ :** आलसी न बनें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

**मीन :** बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

## असम में एक और 'राष्ट्रविरोधी' गिरफ्तार

### पहलगाम हमले के बाद से अब तक कुल 94 लोगों की गिरफ्तारी

**दिसपुर । एजेंसी**



देश के अंदर भी कई दुश्मन नकाप पहन कर छुपे रहते हैं जो समय समय पर देश के खिलाफ साजिश रचते हैं या साजिश रचने वालों को मदद करते हैं। ऐसे व्यक्तियों को देशद्रोही की संज्ञा दी जाती है। पहलगाम हमले के बाद ज्योति मल्होत्रा रहित कई जासूसों को गिरफ्तार किया गया। कथित तौर पर यह वह लोग थे जो भारत में बैठ कर पाकिस्तान की आईएसआई को भारत के खिलाफ साजिश रचने पर मदद करते थे। इसके अलावा कुछ ऐसे लोग है जि भारत में कुछ भी गतल होता है तो उसका जश्न मनाते हैं और सांप्रदायिक दंगे करवाते हैं। असम राज्य से अब तक सबसे ज्यादा गिरफ्तारियां ऐसे लोगों की हुई है। सोशल मीडिया पर ''पाकिस्तान समर्थक और सांप्रदायिक पोस्ट'' साझा करने के आरोप में असम में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है और इसके साथ ही अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर राज्य में ऐसे मामलों में अब तक गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या 94 हो गई है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने यह जानकारी दी। शर्मा ने बताया कि आरोपी पर लगातार नजर रखी जा रही थी और उसे नलबाड़ी से गिरफ्तार कर लिया गया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बुधवार को लिखा, ''राष्ट्र विरोधी तत्वों पर कार्रवाई जारी है। कामरूप पुलिस ने सफीकुल हक को गिरफ्तार किया है जो अलग-अलग सिम कार्ड का इस्तेमाल कर फेसबुक पर पाकिस्तान के समर्थन में और सांप्रदायिक पोस्ट साझा कर रहा था।'' शर्मा ने पहले कहा था, ''देशद्रोहियों पर राज्यव्यापी कार्रवाई जारी रहेगी और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।'' पुलिस ने उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है जो कथित तौर पर ''भारत विरोधी और पाकिस्तान समर्थक गतिविधियों'' में लिप्त हैं।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा था कि गिरफ्तार किए गए कुछ लोगों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) लगाया जाएगा, लेकिन सभी पर नहीं। विपक्षी 'ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट' (एआईयूडीएफ) के विधायक अमीनुल इस्लाम को पाकिस्तान और पहलगाम आतंकवादी हमले में उसकी मिलीभगत का बचाव करने के लिए देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

## कर्नाटक की कांग्रेस सरकार मुस्लिम समुदाय के लिए फिर से बढ़ा रही आरक्षण



**बैंगलोर । एजेंसी**

कर्नाटक मंत्रिमंडल ने अपनी आवास योजनाओं के तहत मुस्लिम समुदाय के लिए आरक्षण बढ़ाने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। यह कदम राज्य भर में शहरी और ग्रामीण विकास विभागों द्वारा क्रियान्वित सभी आवास योजनाओं पर लागू होगा। आवास मंत्री ज़मीर अहमद खान ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया, जिसमें अल्पसंख्यक समुदायों के लिए आरक्षण को मौजूदा 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का प्रस्ताव है। डीके शिवकुमार ने इस कदम का बचाव करते हुए कहा कि बेशक, हमें जनसंख्या के हिसाब से चलना होगा। शहरी आबादी बहुत बड़ी है और इसमें कई अल्पसंख्यक और गरीब लोग शामिल हैं। शहरी इलाकों में बहुत सारे अल्पसंख्यक मौजूद हैं। आवास खाली पड़े हैं और हम इसे दूसरों को आवंटित नहीं कर सकते। इसलिए उन्होंने 10-15 प्रतिशत का अनुरोध किया। उन्होंने मांड्या जैसे शहरों की ओर इशारा करते हुए कहा कि जहां आवास योजनाओं के तहत बनाए गए पूरे टावर अभी भी खाली हैं।

## पाकिस्तान के भरोसे कांग्रेस सत्ता पाने का ख्वाब पाल रही : केशव प्रसाद मौर्य



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बृहस्पतिवार को देश के मुख्य विपक्षी राजनीतिक दल कांग्रेस पर हमला बोलते हुए दावा किया कि पाकिस्तान के भरोसे कांग्रेस सत्ता पाने का ख्वाब पाल रही है। उप मुख्यमंत्री मौर्य ने सोशल मीडिया मंच "एक्स" पर एक पोस्ट में कहा कि "कांग्रेस अब देश की जनता के बजाय पाकिस्तान के नेताओं के भरोसे पर ज्यादा निर्भर है।" उन्होंने कहा कि "पाकिस्तान के भरोसे कांग्रेस सत्ता पाने का ख़्वाब पाल रही है।" मौर्य ने भारत-पाक संघर्ष पर कांग्रेस के कुछ नेताओं की हालिया टिप्पणियों को लेकर निशाना साधा।

## ईरान में मिसाइल हमले में बाल-बाल बचे भारतीय पत्रकार

- **पिता ने सुनाई बेटे की कहानी**

**लखनऊ (आईएएनएस)**



लखनऊ के रहने वाले अमीर अब्बास जैदी इन दिनों भावनाओं के तूफान से गुजर रहे हैं। एक तरफ बेटे की सलामती की राहत, दूसरी तरफ उसकी सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता। उनका बेटा रविश, जो पिछले 15 वर्षों से ईरान में एक समाचार चैनल के साथ काम कर रहा है, हाल ही में एक मिसाइल हमले में चंद सेकंडों के फासले से बाल-बाल बच गया।

जैदी ने समाचार एजेंसी आईएएनएस को बताया, "हम उससे संपर्क करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन बात नहीं हो पा रही थी। तभी एक चैनल पर देखा कि जिस बिल्डिंग में वह काम करता है, उस पर बमबारी हुई है। उसी वक्त हमें अंदाजा हुआ कि कुछ बहुत गंभीर हो गया है।" दरअसल, रविश पिछले साल 23 सितंबर को मां के निधन के बाद भारत वापस आया था। इसके कुछ दिनों बाद वह दोबारा ईरान वापस चला गया। जैदी ने बताया, "एक पिता के तौर पर मेरा दिल बैठ गया। लेकिन बाद में रविश ने बताया कि हमले से कुछ सेकंड पहले ही वह बिल्डिंग से बाहर निकला था। वह किस्मत से बचा। इतना ही नहीं, हमले के बाद वह वापस अंदर गया और रिपोर्टिंग भी की।" जब आखिरकार बाप-बेटे की बातचीत हुई, तो रविश ने हालात को सहज तरीके से लिया। उन्होंने पिता से कहा, "हमारी किस्मत में शहादत नहीं थी, इसलिए बच गए।

**मानसिक शांति** शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक शांति और ऊर्जा का भी स्रोत है

# तन-मन दोनों के लिए वरदान है 8 आसन और 12 चरण वाला सूर्य नमस्कार

- **आयुष मंत्रालय के अनुसार, सूर्य नमस्कार के एक नहीं अनेक लाभ हैं**

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



### सूर्य नमस्कार का शुद्ध अभ्यास

दंडासन में दोनों पैर पीछे ले जाकर, शरीर को प्लैंक की स्थिति में रखें। अष्टांग नमस्कार के दौरान घुटने, छाती और ठुड्डी जमीन पर टिकाना चाहिए। भुजंगासन के दौरान सांस लेते हुए छाती को ऊपर की ओर करते हुए कोबरा मुद्रा बनानी चाहिए। सूर्य नमस्कार के दौरान अधोमुख श्वानासन यानी सांस छोड़ते हुए कूल्हों को ऊपर उठाते हुए उल्टा 'वी' शेप बनाना चाहिए। प्रत्येक चरण में सांस लेने-छोड़ने का ध्यान रखना चाहिए। शुरुआत में 3 बार से ज्यादा इसे नहीं करना चाहिए।

शरीर को चुस्त-दुरुस्त और तंदुरुस्त रखना है तो योग से बेहतर क्या हो सकता है। यह न केवल तन बल्कि मन के लिए भी लाभदायक है। ऐसा ही एक बहु प्रचलित आसन है सूर्य नमस्कार। एक सरल योग जो मानसिक तनाव और शारीरिक कष्ट से दूर रहने में मदद करता है। सूर्य नमस्कार, योग का एक प्राचीन अभ्यास, 8 आसनों का संयोजन है, जिसे 12 चरणों में किया जाता है। यह मन, शरीर और आत्मा के समन्वय को बढ़ावा देता है। आयुष मंत्रालय ने सूर्य नमस्कार के लाभ और इसे करने की सही विधि भी शेयर की है ताकि लोग इसे अपनी दिनचर्या में शामिल कर सकें। यह अभ्यास न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक शांति और इम्यून सिस्टम को भी मजबूत करता है। आयुष मंत्रालय के अनुसार, सूर्य नमस्कार के एक नहीं अनेक लाभ हैं। यह शरीर की ताकत को बढ़ाता है, मांसपेशियों को मजबूत करता है, लचीलापन बढ़ाता है और रक्त संचार को सुधारता है। तनाव और चिंता को कम करने में मदद करने के साथ ही यह मानसिक स्वास्थ्य को भी बेहतर करता है। नियमित अभ्यास से पाचन तंत्र मजबूत होता है, बेहतर नींद आती है, और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। यह वजन नियंत्रण और हृदय स्वास्थ्य के लिए भी उपयोगी है। सूर्य नमस्कार शरीर के सभी प्रमुख अंगों को सक्रिय करता है, जिससे समग्र स्वास्थ्य में सुधार होता है।

सूर्य नमस्कार को सुबह खाली पेट, सूर्योदय के समय करना सबसे उत्तम माना जाता है। इसे 8 चरणों में किया जाता है। इसमें प्रणामासन है, जिसमें दोनों हाथ जोड़कर शांत मन से सूर्य को नमस्कार करना चाहिए। हस्तउत्तानासन में सांस लेते हुए हाथों को ऊपर उठाना चाहिए और कमर को पीछे की ओर झुकाना चाहिए। हस्तपादासन में सांस छोड़ते हुए आगे की ओर झुककर हाथों से जमीन को छूना चाहिए। इसके बाद अश्व संचालनासन करना चाहिए, जिसमें दायां पैर पीछे की ओर और बाएं वाले घुटने को मोड़ना चाहिए।



# नए डब्ल्यूटीसी चक्र की शुरुआत के लिए उत्साहित है 'नई' भारतीय टेस्ट टीम

4th

**एजेंसी। लीड्स**

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों के सीरीज़ की शुरूआत हेडिंग्ले के लीड्स टेस्ट से हो रही है। यह दोनों टीमों के लिए नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र की भी शुरूआत होगी। भारत पहले दोनों डब्ल्यूटीसी चक्र के फाइनल में पहुंचा था, लेकिन पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज और फिर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद वे लगातार तीसरा फाइनल खेलने से चूक गए। अब भारत की नजरें नए डब्ल्यूटीसी चक्र की सकारात्मक शुरूआत पर होगी, ताकि वे तीसरी बार फाइनल में पहुंचे।

भारत के लिए यह ना सिर्फ नए डब्ल्यूटीसी चक्र की शुरुआत है बल्कि नए टेस्ट युग की भी शुरूआत है। विराट कोहली, आर अश्विन और रोहित शर्मा की अनुभवी टेस्ट तिकड़ी के संन्यास लेने के बाद भारत की यह पहली पूर्ण टेस्ट सीरीज है। इसके अलावा इस टीम में पिछले कुछ इंग्लैंड दौरों पर शानदार प्रदर्शन करने वाले अनुभवी मोहम्मद शमी भी नहीं हैं।

रवींद्र जडेजा 19-सदस्यीय भारी भरकम दल के एकमात्र सदस्य हैं, जिनके नाम 60+ टेस्ट मैचों का अनुभव है, जबकि टीम की कमान युवा शुभमन गिल के पास है। टीम का बल्लेबाजी क्रम एकदम नया है और सलामी बल्लेबाजी से शुरूआत कर तीसरे नंबर पर आने वाले गिल अब कोहली की जगह नंबर चार पर खेलने के लिए तैयार हैं। इसका मतलब यह भी है कि करूण नायर की लगभग आठ साल बाद टेस्ट टीम में वापसी होगी, वहीं साई सुदर्शन को भी डेब्यू का मौका मिल सकता है।

## टेस्ट कप्तानी की शुरुआत से पहले गिल को शास्त्री की सलाह



**नई दिल्ली।** भारत जहां शुभमन गिल के नेतृत्व में टेस्ट क्रिकेट में एक नए युग की शुरुआत करने की तैयारी कर रहा है, वहीं पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने युवा कप्तान के लिए कुछ विचारशील सलाह साझा की है। आईसीसी रिव्यू पर बोलते हुए, शास्त्री ने गिल से धैर्य रखने और संयमित रहने का आग्रह किया, क्योंकि वह विश्व क्रिकेट में सबसे चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं में से एक में कदम रख रहे हैं - इंग्लैंड में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में भारत का नेतृत्व करना। शास्त्री ने 25 वर्षीय खिलाड़ी को अपना मार्गदर्शन देते हुए कहा, "मुझे लगता है, अपना समय लें।" "यह आसान नहीं होने वाला है। उन्हें एक कठिन काम करने के लिए कहा गया है - वह है इंग्लैंड दौरे पर भारत की कप्तानी करना।" रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे अनुभवी खिलाड़ियों ने हाल ही में लंबे प्रारूप से संन्यास की घोषणा की है।

## गिल में एक अच्छा कप्तान बनने के लिए सभी आवश्यक गुण हैं: गैरी कर्स्टन



**नई दिल्ली।** लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज शुरू करने से पहले, पूर्व मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने कहा कि शुभमन गिल में एक महान कप्तान बनने की पूरी क्षमता है। उन्होंने कहा कि वह ऐसे व्यक्ति हैं जो अपने शब्दों को कामों से साबित करते हैं। शुक्रवार को हेडिंग्ले में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज की शुरुआत करने वाली भारतीय टीम में गिल पूरी तरह से चर्चा में रहेंगे। पिछले महीने रोहित शर्मा के टेस्ट से संन्यास लेने के बाद गिल ने टीम के टेस्ट कप्तान का पद संभाला है। विराट कोहली के भी टेस्ट से संन्यास लेने के बाद गिल भारतीय बल्लेबाजी क्रम में चौथे नंबर पर अनुभवी बल्लेबाज की जगह भरने की अतिरिक्त जिम्मेदारी भी संभालेंगे। कर्स्टन को आईपीएल में गुजरात टाइटन्स के बल्लेबाजी कोच के रूप में गिल को करीब से देखने का मौका मिला था। "मुझे लगता है कि शुभमन एक बेहतरीन लीडर बनने जा रहे हैं। वह एक स्मार्ट क्रिकेटर हैं - उनके पास खेल के लिए एक अच्छा दिमाग है और वह अपने खेल को समझते हैं। वह बहुत प्रतिभाशाली और एक अच्छे इंसान हैं, जो मुझे लगता है कि वास्तव में महत्वपूर्ण है।''

### ब्लिट्ज सेमीफाइनल में दिव्या का उलटफेर

# नंबर-1 खिलाड़ी को हराया

**एजेंसी। नई दिल्ली**



● पीएम मोदी ने दी बधाई

फिडे विश्व रैपिड एंड ब्लिट्ज टीम चैंपियनशिप के दूसरे चरण के ब्लिट्ज सेमीफाइनल में दिव्या देशमुख ने जीत दर्ज की। दिव्या ने दुनिया की नबंर-1 खिलाड़ी होउ यिफान को शिकस्त दी, जिसके बाद पीएम मोदी ने उनको सराहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 'एक्स' हैंडल पर लिखा, "लंदन में वर्ल्ड टीम ब्लिट्ज चैंपियनशिप के दूसरे चरण के ब्लिट्ज सेमीफाइनल में दुनिया की नंबर-1 खिलाड़ी होउ यिफान को हराने पर दिव्या देशमुख को बधाई। उनकी सफलता उनके धैर्य और दृढ़ संकल्प को दर्शाती है। यह कई उभरते शतरंज खिलाड़ियों को भी प्रेरित करती है। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।"

दिव्या देशमुख ने पीएम मोदी के ट्वीट को शेयर करते हुए लिखा, "धन्यवाद, आदरणीय प्रधानमंत्री का मुझे सम्मानित करना, मेरे लिए बहुत सम्मान और प्रोत्साहन की बात है।"

दिव्या की जीत के बाद केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने भी विश्व की नंबर एक खिलाड़ी पर उनकी शानदार जीत की सराहना की है।

मनसुख मांडविया ने 'एक्स' पर लिखा, "लंदन में विश्व टीम ब्लिट्ज चैंपियनशिप में ब्लिट्ज सेमीफाइनल के दूसरे चरण में विश्व की नंबर एक खिलाड़ी होउ यिफान पर उनकी शानदार जीत के लिए हमारी शतरंज स्टार दिव्या देशमुख को हार्दिक बधाई। भविष्य के लिए आपको शुभकामनाएं।"

'हेक्सामाइंड शतरंज क्लब' का प्रतिनिधित्व करते हुए, 18 वर्षीय दिव्या ने 74 चालों के रोमांचक मुकाबले में यिफान को शिकस्त दी है।

ब्लिट्ज फॉर्मेट में दिव्या ने आठ में से छह गेम जीत, एक ड्रॉ और सिर्फ एक हार दर्ज की, जिससे उनकी एलीट परफॉरमेंस रेटिंग 2606 रही।

इसके बाद उन्होंने तीसरे स्थान के प्लेऑफ में दबदबा बनाया, जिससे उनकी टीम ने दोनों राउंड में उज्बेकिस्तान को 3.5-2.5 से हराकर टीम कांस्य रैपिड फॉर्मेट में दिव्या को पांच जीत, छह ड्रॉ और सिर्फ एक हार मिली। उन्होंने बोर्ड 6 पर 2420 की प्रदर्शन रेटिंग के साथ टीम रजत और एक व्यक्तिगत कांस्य पदक हासिल किया।

फिडे विश्व रैपिड और ब्लिट्ज टीम चैंपियनशिप का तीसरा संस्करण 10 से 16 जून के बीच लंदन में हुआ। इसकी कुल पुरस्कार राशि 5,00,000 यूरो थी। रैपिड टूर्नामेंट के लिए 3,10,000 यूरो और ब्लिट्ज के लिए 190,000 यूरो निर्धारित किए गए थे।

## वर्ल्ड कप से पहले पूरी तरह से तैयार होगा मदुरै हॉकी स्टेडियम

**एजेंसी**



**चेन्नई।** भारत दिसंबर 2025 में एफआईएच जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप की मेजबानी की तैयारी में जुटा है। हॉकी इंडिया के जनरल सेक्रेटरी भोलानाथ सिंह ने बताया है कि मदुरै में स्टेडियम वर्ल्ड कप से पहले पूरी तरह तैयार हो जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने भारतीय हॉकी के अगले लक्ष्य के बारे में भी बताया है।

भोलानाथ सिंह ने 'आईएएनएस' से कहा, "इसमें 24 टीमें हिस्सा लेने जा रही हैं। चेन्नई और मदुरै में यह टूर्नामेंट खेला जाना है। चेन्नई में 42 मुकाबले खेले जाएंगे, जबकि मदुरै में 32 मैच होंगे। इस तरह कुल 72 मैचों का आयोजन होगा।"

उन्होंने आगे बताया, "चेन्नई का स्टेडियम पूरी तरह से अंतरराष्ट्रीय स्तर का है। मदुरै में भी सरकार पूरी तरह से तैयारी कर रही है। वहां स्टेडियम वर्ल्ड कप से पहले पूरी तरह से तैयार हो जाएगा। हम हर एक टूर्नामेंट (जूनियर, सब-जूनियर, सीनियर) को लेकर चल रहे हैं। ग्रासरूट डेवलपमेंट पर काम किया जा रहा है।"

उन्होंने आगे कहा, "बहुत दिनों के बाद इंडियन हॉकी ऊपर आई है। पूरी कोशिश है कि इसका लेवल बरकरार रखा जाए। हमारा अगला टारगेट 2026 वर्ल्ड कप है। जूनियर वर्ल्ड कप भी चेन्नई में हो रहा है। आगामी एशियन गेम्स, आगामी ओलंपिक भी हमारा लक्ष्य है। टीम अच्छा परफॉर्म कर रही है। थोड़े उतार-चढ़ाव कभी-कभी होते हैं, लेकिन जरूरत के समय हमारे खिलाड़ी अच्छा खेलेंगे और मेडल लाएंगे।"एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप-2025 का आयोजन 28 नवंबर से 10 दिसंबर के बीच होगा। यह भारत में आयोजित होने वाला लगातार तीसरा एफआईएच जूनियर पुरुष विश्व कप होगा। इस प्रतिष्ठित आयोजन के पिछला संस्करण साल 2021 में भुवनेश्वर में आयोजित हुआ था। इससे पहले साल 2016 में लखनऊ इसकी मेजबानी कर चुका है।

## वेस्टइंडीज की दो खिलाड़ियों पर आईसीसी ने लगाया जुर्माना

**दुबई।** वेस्टइंडीज की महिला खिलाड़ी आलियाह एलीने और कियाना जोसेफ पर आईसीसी ने जुर्माना लगाया है। इन दोनों खिलाड़ियों को पिछले हफ्ते दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे में आईसीसी आचार संहिता के लेवल-1 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। दोनों खिलाड़ियों और प्लेयर सपोर्ट पर्सनल को आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 का उल्लंघन करते हुए पाया गया है, जो 'अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति दिखाने' से संबंधित है। आईसीसी ने प्रेस रिलीज में बताया कि एलीने पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। जब अंपायर ने एलीने को आउट करार दिया, तो उन्होंने हाथों से इशारा करते हुए मैदान से बाहर जाने में देरी की थी। जोसेफ ने भी कुछ ऐसा ही किया था, जिसके चलते उन पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ ही उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में दो डिमेरिट अंक जोड़े गए हैं।

## मेक्सिको ने सूरीनाम और कोस्टा रिका ने डोमिनिकन रिपब्लिक को दी शिकस्त

**टेक्सास।** मेक्सिको ने गुरुवार (आईएसटी) को टीएंडटी स्टेडियम में सूरीनाम के खिलाफ 2-0 से जीत दर्ज की। इसी के साथ उसने कॉनकाकाफ गोल्ड कप ग्रुप चरण में अपनी दूसरी जीत हासिल की। जेवियर एगुइरे की टीम शुरुआत से ही मजबूत नजर आ रही थी, लेकिन वह पहले हाफ में स्कोरबोर्ड पर दबदबा दिखाने में विफल रहे। हालांकि, इस बीच लगातार विरोधी गोल के सामने खतरे जरूर पैदा किए। शुरुआती 45 मिनट के दौरान, मेक्सिको ने गेंद पर ज्यादा कंट्रोल रखा। एलेक्सिस वेगा, जूलियन क्विनोनेस और रॉबर्टो अल्वाराडो ने मौके बनाए, लेकिन गोल नहीं हो सका। मुकाबले के 57वें मिनट में सीजर मोंटेस ने कॉर्नर किक में हेडर लगाकर स्कोर 1-0 कर दिया। यहां से टीम को लीड मिल चुकी थी। इसके ठीक छह मिनट बाद, मोंटेस ने अपना डबल स्कोर किया। उन्होंने दूसरे सेट पीस से बॉक्स के अंदर रिबाउंड को गोल में बदला। यह डिफेंडर दो गोल करके मैच का स्टार बन गया। इसी के साथ मेक्सिको ने मैच 2-0 से अपने नाम कर लिया। इस परिणाम के साथ, मेक्सिको के छह अंक हो गए हैं। यह टीम अपना अगला मैच रविवार को कोस्टा रिका के खिलाफ खेलेगी। यह मैच ग्रुप में पहला स्थान हासिल करने के लिए महत्वपूर्ण होगा। इस बीच, एक अन्य मुकाबले में कोस्टा रिका ने ग्रुप ए में डोमिनिकन गणराज्य के खिलाफ 2-1 से जीत दर्ज की।



# व्यापार/लाइफ व साइंस

## गोल्ड लोन पर आरबीआई के नए नियमों से बिजनेस मॉडल में आ सकता है बदलाव

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के नए दिशा-निर्देश 'गोल्ड लोन' क्षेत्र में बड़ा बदलाव लाने वाले हैं। जिन ऋणदाताओं के पास अपने बिजनेस मॉडल को तेजी से बदलने की क्षमता होगी, वे इन नए नियमों से लाभान्वित हो पाएंगे। यह जानकारी गुरुवार को जारी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स की रिपोर्ट में दी गई।

रिपोर्ट का मानना है कि ऋणदाताओं के पास गोल्ड-समर्थित उपभोग ऋणों के लिए कम अवधि के ऋण देने की अधिक स्वतंत्रता होगी, जिससे छोटे उधारकर्ता अपनी गिरवी रखी गई सोने की संपत्तियों से अधिक मूल्य प्राप्त कर सकेंगे। ऋणदाताओं के पास बदलावों के लिए तैयार होने के लिए 1 अप्रैल, 2026 तक का समय है। रिपोर्ट में नए नियमों के दो तत्वों को लेकर जानकारी दी गई है। पहला लोन-टू-वैल्यू (एलटीवी) रेश्यो की गणना में मैच्योरिटी तक ब्याज भुगतान को शामिल करना। यह प्रभावी रूप से वितरित किए जाने वाले अग्रिम ऋण राशि को सीमित कर सकता है, जिसे ऋणदाता दूर करने का प्रयास करेंगे। दूसरा 3,000 डॉलर से अधिक के उपभोग-केंद्रित ऋणों और सभी आय-उत्पादक ऋणों के लिए उधारकर्ताओं के नकदी प्रवाह विश्लेषण के आधार पर ऋण मूल्यांकन का अनुप्रयोग। रिपोर्ट के अनुसार, मुथूट फाइनेंस लिमिटेड (बीबी+/स्टेबल/बी) और मणप्पुरम फाइनेंस लिमिटेड (बीबी-/स्टेबल/बी) जैसी प्रमुख गोल्ड-बेस्ड लोन बुक्स वाली गैर-बैंक वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के लिए ऋण मूल्यांकन में समायोजन बड़ा होगा। एनबीएफसी को नकदी प्रवाह के आधार पर उधारकर्ताओं की पुनर्भुगतान क्षमताओं का मूल्यांकन करने के लिए जोखिम प्रबंधन नीतियों और प्रक्रियाओं को विकसित करने की आवश्यकता है। रिपोर्ट बताती है कि परंपरागत रूप से, वे कोलेटरल वैल्यूएशन पर निर्भर रहे हैं। पुनर्भुगतान क्षमता का आकलन करने के लिए ऋण अधिकारियों को नियुक्त करने और प्रशिक्षित करने के लिए कौशल अंतराल को पाटना इन ऋणदाताओं के लिए एक अग्रिम लागत और बाधा दोनों है। रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि मॉडल में त्वरित समायोजन की संभावना है।

### भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते से द्विपक्षीय व्यापार दोगुना होगा

# निवेश के नए रास्ते खुलेंगे : पीयूष गोयल

● मुक्त व्यापार समझौता दोनों देशों के बीच संबंधों में स्थिरता और पूर्वानुमानशीलता लाता है

**एजेंसी**



**लंदन।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इंडिया ग्लोबल फोरम (आईजीएफ) में अपने संबोधन में भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते की प्रगति - कार्यान्वयन के साथ दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को गहरा करने और निवेश के नए रास्ते खोलने की इसकी क्षमता पर प्रकाश डाला। आईजीएफ में अपने ब्रिटिश समकक्ष जोनाथन रेनॉल्ड्स के साथ केंद्रीय मंत्री गोयल ने इस बात पर जोर दिया कि भारत की ग्रोथ स्टोरी ब्रिटेन को जबरदस्त अवसर प्रदान करती है।

उन्होंने बताया कि किस तरह दोनों पक्षों के व्यवसाय साझा विकास के लिए पूरक शक्तियों का लाभ उठा सकते हैं।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने एफटीए को दोनों देशों के बीच सहमत अच्छे संबंध के रूप में संदर्भित किया, जिससे अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार दोगुना हो जाएगा।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि मुक्त व्यापार समझौता दोनों देशों के बीच संबंधों में स्थिरता और पूर्वानुमानशीलता लाता है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, "इससे व्यवसायों को एक-दूसरे की अर्थव्यवस्था में निवेश शुरू करने का विश्वास मिलता है और मुझे लगता है कि इससे दोनों अर्थव्यवस्थाओं में अधिक निवेश का मार्ग भी प्रशस्त होगा।"

उन्होंने कहा, "भारत और ब्रिटेन अधिक मजबूत सप्लाई चेन लाने, एक-दूसरे के साथ काम करने, एक-दूसरे के पूरक बनने और दोनों देशों के लिए मूल्य और लाभ जोड़ने के लिए इनोवेशन में भागीदार बन सकते हैं।"

रेनॉल्ड्स ने कहा कि वह भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर के साथ पेश होने वाली संभावनाओं को लेकर वास्तव में उत्साहित हैं।

ब्रिटेन की यात्रा पर गए केंद्रीय मंत्री गोयल ने मुक्त व्यापार समझौते को लागू करने के बारे में रेनॉल्ड्स के साथ द्विपक्षीय बैठक भी की।

बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा, "ब्रिटेन के व्यापार और वाणिज्य मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स के साथ एक उत्पादक वार्ता बैठक हुई। हमने व्यापक और पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते को लागू करने के अपने साझा लक्ष्य को दोहराया, जो दोनों देशों की महत्वाकांक्षाओं को दर्शाता है।"

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने यह भी कहा कि उन्होंने ब्रिटेन की संस्कृति, मीडिया और खेल मामलों की मंत्री लिसा नंदी के साथ भी वार्ता की।

केंद्रीय मंत्री ने एक्स पर एक बयान में कहा, "हमारे वाइब्रेंट द्विपक्षीय संबंधों के एक आवश्यक स्तंभ, अधिक सांस्कृतिक सहयोग और रचनात्मक आदान-प्रदान के लिए रास्ते तलाशे गए।"

## अमेजन इंडिया 2,000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश करेगी

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** अमेजन ने गुरुवार को कहा कि वह 2025 में परिचालन बुनियादी ढांचे का विस्तार और अपग्रेड करने, सहयोगी सुरक्षा और कल्याण कार्यक्रमों में सुधार करने, साथ ही अपने फुलफिलमेंट नेटवर्क के लिए नए टूल्स और टेक्नोलॉजी विकसित करने के लिए 2,000 करोड़ रुपए (233 मिलियन डॉलर) से अधिक का निवेश करेगी।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह नया निवेश अमेजन द्वारा एक परिचालन नेटवर्क बनाने में किए गए निवेश के अतिरिक्त है, जो कंपनी को देश भर में सभी सर्विस वाले पिन-कोड तक डिलीवरी करने में मदद करता है। अमेजन इंडिया और ऑस्ट्रेलिया के परिचालन के वीपी, अभिनव सिंह ने कहा, "भारत में अब एक दशक से अधिक समय से हम सर्वश्रेष्ठ श्रेणी के लॉजिस्टिक्स इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जिसे देश भर में हमारे ग्राहकों के लिए सुरक्षा, गति और विश्वसनीयता के साथ डिलीवरी करने के लिए डिजाइन किया गया है।" सिंह ने कहा, "अपनी बुनियादी संरचना क्षमताओं को मजबूत करके, प्रसंस्करण क्षमता को बढ़ाकर और अत्याधुनिक तकनीक को लागू करके, हम अपने कर्मचारियों, सहयोगियों और भागीदारों का समर्थन करते हुए पूरे भारत में ग्राहकों को बेहतर सेवा देने के लिए अमेजन को तैयार कर रहे हैं।"

## एयर इंडिया ने अहमदाबाद विमान हादसे की याद में 'एक्स' पर शेयर किया पोस्ट

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने गुरुवार को अहमदाबाद विमान हादसे की याद में अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल से एक पोस्ट साझा की। कंपनी ने 12 जून एआई-171 विमान हादसे में जान-माल को लेकर हुए नुकसान के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एयरलाइन ने एक लेटेस्ट पोस्ट में लिखा, "हमारे दिलों में और हमारे उद्देश्य में।" इस पोस्ट के साथ कंपनी ने 'इन रिमेम्बरेंस' के साथ एक एयर होस्टेस को हाथ जोड़ते हुए दिखाया है। पोस्ट पर सोशल मीडिया एक्स यूजर्स की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। कुछ यूजर्स एयरलाइन से सवाल पूछते नजर आए कि इस पोस्ट के जरिए आखिर एयरलाइन क्या संदेश देना चाहती है। वहीं, कुछ यूजर्स ने कहा कि वे एयर इंडिया के यात्रियों और परिवार के साथ इस दुख की घड़ी में साथ खड़े हैं। एक एक्स हैंडल यूजर ने पोस्ट पर रिप्लाई करते हुए लिखा, "विमान के रखरखाव को गंभीरता से लें और उम्मीद है कि यह स्थिति दोबारा नहीं आएगी।

## वैश्विक अस्थिरता से हल्के लाल निशान में बंद सेंसेक्स

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा बिकवाली देखने को मिली। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 82.79 अंक या 0.10 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 81,361.87 और निफ्टी 18.80 अंक या 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,793.25 पर बंद हुआ। बाजार में गिरावट का नेतृत्व मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों ने किया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 949.25 अंक या 1.63 प्रतिशत की गिरावट के साथ 57,159.95 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 365.35 अंक या 1.99 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,013.10 पर था।

# लातेहार में लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित, कहीं घर तो कहीं ट्रक बहा

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार।** जिले के बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में लगातार बारिश के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। तेतरियाखांड कोलियरी में एक भारी भरकम ट्रक बारिश के पानी के साथ बहकर नदी में जा गिरा। वहीं, जिला मुख्यालय के बेहराटांड़ निवासी एक व्यक्ति का मिट्टी का घर बारिश से गिर गया।

## ट्रक की दुर्घटना

तेतरियाखांड कोलियरी में एक भारी भरकम ट्रक (संख्या JH19B-4092) बारिश के पानी के साथ बहकर नदी में जा गिरा। ट्रक मालिक प्रमोद यादव ने बताया कि उनका वाहन पार्किंग क्षेत्र में खड़ा था, लेकिन लगातार बारिश के कारण तेतरियाखांड नदी में जलस्तर अचानक बहुत बढ़ गया। इस कारण नदी किनारे की मिट्टी में जबरदस्त कटाव हुआ और ट्रक असंतुलित होकर सीधे नदी में जा गिरा।



### प्रशासन की जिम्मेदारी

अब प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वह प्रभावित परिवारों की मदद करे और उन्हें रहने के लिए सुरक्षित स्थान और आर्थिक मदद प्रदान करे।

## मकान ढहने की घटना

जिला मुख्यालय के बेहराटांड़ निवासी स्व बबलू पासवान का मिट्टी का घर बारिश से गिर गया। उसके परिजनों के पास रहने के लिए अब कोई घर नहीं है। उन्होंने बताया कि आवास योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन दिया था, लेकिन अभी तक नहीं मिला है।

# बेतला पंचायत में मनरेगा घोटाला, उप मुखिया के परिवार को मिला लाभ

● ग्रामीणों ने उपायुक्त से जांच की मांग की

नवीन मेल संवाददाता




**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह प्रखंड के बेतला पंचायत में उप मुखिया बसंती देवी के परिवार के नाम पर मनरेगा योजना का लाभ उठाने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, उप मुखिया के देवर शंभू कुमार के खेत में मेंढ़बंदी निर्माण, चाचा ससुर कमेश बैठा के खेत में ट्रेंच कम बंड निर्माण, चाची सास बेंदिया देवी के खेत में मेंढ़बंदी निर्माण, और बेंदिया देवी के पुत्र उत्तम कुमार रजक के खेत में मेंढ़बंदी निर्माण कार्य कर कागजों पर लाभ दिखाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की गारंटी योजना मनरेगा भ्रष्टाचारियों के लिए लूट का साधन बनती जा रही है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।
इस संबंध में बीडीओ से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुआ।

# न्यूज बॉक्स

## लगातार बारिश से मिट्टी के मकान ढहे, सड़कों का बहाव, बिजली खंभे गिरे

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार चार दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हो गया है। कई गांवों में मिट्टी व खपरैल के घर गिर गए हैं, वहीं कई कच्ची सड़कें बह गई हैं। सिबला पंचायत के भाटचतरा में धोबीयाही कुआं का एप्रोच मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। देवी मंडप परिसर की चारदीवारी भी ढह गई है। फूलवारिया गांव में टिभर तुरी के घर के पास चार बिजली पोल गिर जाने से बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। वहीं, पैसरा गांव में प्रभु गंझु के घर के पास 11 हजार वोल्ट का बिजली खंभा गिरने से गांव अंधेरे में डूब गया है। डाढ़ा के बचरा स्थित गोखुलाबाजी क्षेत्र में मिट्टी-मोरम की सड़क पानी के तेज बहाव से बह गई है, जिससे लोगों का आवागमन ठप हो गया है। प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन द्वारा नुकसान का आंकलन अभी नहीं किया गया है। समाचार लिखे जाने तक स्थानीय प्रशासन की ओर से राहत कार्य की जानकारी नहीं मिली थी।

## स्टेट हाइवे पर बहाल हुआ आवागमन लवरबंधा पुलिया की मरम्मत पूरी

**महुआडांड़।** लगातार बारिश से क्षतिग्रस्त हुए लवरबंधा नाला पुलिया की अप्रोच पथ की मरम्मत युद्धस्तर पर की गई। गुरुवार को महुआडांड़-डालटनगंज मुख्य मार्ग पर आंशिक रूप से आवागमन बहाल कर दिया गया है। तेज बहाव से पुलिया का संपर्क मार्ग कट गया था, जिससे भारी वाहनों की आवाजाही बंद हो गई थी। फिलहाल छोटे वाहनों और बसों का आंशिक परिचालन शुरू हो गया है। गारू थाना प्रभारी पारस मणि ने बताया कि मौसम अनुकूल रहा तो स्थायी मरम्मत के बाद आवागमन पूरी तरह सामान्य हो जाएगा। ग्रामीणों ने त्वरित मरम्मत कार्य के लिए प्रशासन की सराहना की, लेकिन पुलिया का स्थायी निर्माण शीघ्र कराने की मांग की है।

## पारिवारिक कलह में जहर खाई, महिला की स्थिति गंभीर

**बालूमाथ।** प्रखंड क्षेत्र के माकईयाटाड़ गांव में गुरुवार की सुबह 22 वर्षीय महिला जसोदा देवी, पति अमित यादव ने पारिवारिक विवाद से परेशान होकर घर में ज़हरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने बताया कि जसोदा देवी कुछ दिनों से मानसिक तनाव में थीं और घरेलू विवाद को लेकर बेहद परेशान थीं। गुरुवार सुबह जब परिजनों को उनके जहर खाने की जानकारी हुई, तो वे उन्हें तुरंत अचेत अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बालूमाथ लेकर पहुंचे। स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद प्रभारी चिकित्सक डॉ. प्रकाश बड़ाइक ने प्राथमिक जांच के बाद बताया कि महिला की हालत चिंताजनक है। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए लातेहार सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में चर्चा का माहौल बन गया है और परिजन काफी दुखी हैं।

## गेंहू लदा ट्रक पलटा, चालक-खलासी सुरक्षित निकाले गए

**लातेहार।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-39 पर दोमुहान पुल के समीप गुरुवार को गेंहू लदा ट्रक पलट गया। हादसे में चालक और खलासी बाल-बाल बच गए। ट्रक रांची की ओर जा रहा था, लेकिन भारी बारिश के कारण डायवर्सन टूटने से असंतुलित होकर पलट गया। मनिका पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच कर दोनों को सुरक्षित निकाला और एनएच कर्मियों की मदद से नया डायवर्सन तैयार कराया। प्रशासन ने वाहन चालकों से सतर्कता बरतने की अपील की है क्योंकि बारिश के कारण डायवर्सन और सड़कों पर जलजमाव की स्थिति बनी हुई है।

## किसानों के बीच बीज का वितरण, शामिल हुए सांसद, विधायक और डीडीसी

**चतरा।** जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के प्रशिक्षण हॉल में गुरुवार को बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद कालीचरण सिंह, विधायक जनार्दन पासवान, जिप अध्यक्ष ममता कुमारी, डीडीसी अमरेंद्र कुमार सिन्हा सहित कई अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। किसानों के बीच मडुआ मिनी किट 100% अनुदान पर और धान के बीज 50% अनुदान पर वितरित किए गए। सांसद ने किसानों से अपील की कि वे सरकारी बीजों का दुरुपयोग न करें। विधायक ने मोटे अनाज की खेती पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन आत्मा के उप परियोजना निदेशक ने किया।

## बीएलओ के साथ बैठक में बीडीओ ने दिए दिशा-निर्देश

**इटखोरी (चतरा)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में बीडीओ सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सोमनाथ बांकीरा की अध्यक्षता में बीएलओ के साथ बैठक सह प्रशिक्षण आयोजित किया गया। बैठक में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गई। बीडीओ ने कहा कि मतदान केंद्र का जियो टैगिंग और नक्शा 23 से 28 जून तक तैयार कर 7 जुलाई को सूची जिला निर्वाचन को सौंपनी है।

# विद्यालय व सार्वजनिक स्थलों पर नशीली गतिविधियों के विरुद्ध सख्ती डीआईजी ने दिए कार्रवाई के निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

● महिलाओं की सुरक्षा और शैक्षणिक माहौल पर खतरे को लेकर सतर्क हुई पुलिस

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) ने क्षेत्र में बढ़ रही असामाजिक व नशीली गतिविधियों को गंभीरता से लेते हुए सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों, थाना प्रभारियों, ओपी एवं पिकेट प्रभारी को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जारी आदेश में कहा गया है कि स्कूल-कॉलेजों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों के पास कुछ असामाजिक तत्व सार्वजनिक रूप से गांजा, शराब, डेंड्राइट, ब्राउन शुगर जैसे नशीले पदार्थों का सेवन करते हुए पाए गए हैं, जो छात्राओं से अभद्र व्यवहार, फब्तियां और मौखिक छेड़छाड़ जैसी घटनाओं में भी लिप्त हैं। डीआईजी ने इसे शैक्षणिक वातावरण और महिला सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताया है। साथ ही यह भी कहा कि इस तरह की गतिविधियाँ समाज में भय और अराजकता की भावना उत्पन्न कर रही हैं, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।जारी आदेश में कहा गया कि ऐसे असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध त्वरित और सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों और प्रमुख सार्वजनिक स्थलों के आसपास विशेष निगरानी और गश्ती बढ़ाई जाए।चिन्हित स्थानों पर नियमित रूप से पुलिस बल की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए ताकि आम नागरिक, खासकर छात्र-छात्राएं सुरक्षित महसूस करें। की गई कार्रवाई की अद्यतन रिपोर्ट डीआईजी को समय-समय पर उपलब्ध कराई जाए। इस संबंध में लातेहार, गढ़वा और पलामू जिले के पुलिस अधीक्षकों को भी सूचनार्थ प्रति भेजी गई है। डीआईजी कार्यालय से जारी पत्र संख्या 1087/गो, दिनांक 16 जून 2025 को सभी संबंधित पुलिस पदाधिकारियों तक संप्रेषित किया गया है।पुलिस प्रबंधन का मानना है कि समय रहते प्रभावी कार्रवाई कर ऐसे तत्वों पर लगाम लगाई जा सकती है, जिससे शिक्षण संस्थानों का वातावरण सुरक्षित और अनुशासित बना रहे।

# पलामू उपायुक्त ने एमएमसीएच का चार घंटे से अधिक किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं पर जताई नाराज़गी

● गंदगी, लचर जवाब और बिजली व्यवस्था पर जताई गंभीर चिंता, यक्ष्मा विभाग पर फटकार

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त समीरा एस ने गुरुवार को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एमएमसीएच) का लगभग चार घंटे तक गहन निरीक्षण किया। सुबह करीब 10:30 बजे पहुंचीं उपायुक्त ने अस्पताल के ओपीडी, ब्लड बैंक, मेडिसिन वार्ड, टीबी विभाग समेत विभिन्न चिकित्सा इकाइयों का दौरा किया और व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अस्पताल परिसर में फैली गंदगी और अव्यवस्था को लेकर नाराज़गी जताई और संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। अस्पताल निरीक्षण के क्रम में जब उपायुक्त टीबी विभाग पहुँचीं, तो उन्होंने जिला यक्ष्मा पदाधिकारी अनिल श्रीवास्तव से जिले में टीबी मरीजों की स्थिति और इलाज संबंधी जानकारी मांगी। लेकिन यक्ष्मा पदाधिकारी स्पष्ट जानकारी देने में विफल रहे, जिससे उपायुक्त नाराज़ हो गईं और उन्हें फटकार लगाई। उन्होंने पूछा कि टीबी मरीजों को अस्पताल में किस वार्ड में भर्ती किया जाता है, लेकिन पदाधिकारी और उपस्थित चिकित्सक इस प्रश्न का संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके। इसके बाद उपायुक्त ने जिले में कुल टीबी मरीजों की संख्या और अस्पताल में प्रतिदिन इलाज के लिए आने वाले मरीजों के आंकड़े पूछे, जिस पर बताया गया कि वर्तमान में जिले में 2813 टीबी मरीज पंजीकृत हैं। वहीं, एमएमसीएच में भर्ती के लिए अब तक एक भी विशेष डॉक्टर पदस्थापित नहीं है।

## उपायुक्त के निरीक्षण से पहले ही अस्पताल में शॉर्ट सर्किट, बिजली व्यवस्था रही ठप

एमएमसीएच के पुराने भवन में बुधवार की रात से ही बिजली आपूर्ति बाधित है। शॉर्ट सर्किट के कारण पूरा भवन अंधेरे में डूबा हुआ है। मरीजों को मोबाइल की रोशनी में इलाज कराना पड़ रहा है, जिससे उन्हें गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ड्रेसिंग कार्य से लेकर सामान्य उपचार तक सभी सेवाएं बिना पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के चल रही हैं, लेकिन इसके बावजूद अस्पताल प्रशासन वैकल्पिक बिजली व्यवस्था बहाल करने में अब तक असफल रहा है। स्थिति इतनी दयनीय है कि बैंडेज, इंजेक्शन और अन्य उपचार मोबाइल टॉर्च के सहारे किए जा रहे हैं।

# मूसलाधार बारिश बनी आफत दर्जनों कच्चे घरों में घुसा पानी

● बालूमाथ में जलजमाव से जनजीवन अस्त-व्यस्त, गरीब परिवारों को आवास योजना का इंतजार

नवीन मेल संवाददाता



**बालूमाथ (लातेहार)।** झारखंड में मानसून की शुरुआत इस बार मूसलाधार बारिश के साथ हुई है। 16 जून से शुरू हुई बारिश 19 जून तक लगातार जारी रही। जहां एक ओर बारिश ने गर्मी से राहत दी और किसानों के चेहरों पर मुस्कान लायी, वहीं दूसरी ओर यह बारिश कई परिवारों के लिए आफत बन गई। बालूमाथ प्रखंड के विभिन्न गांवों में दर्जनों कच्चे घरों में पानी घुस गया। कई घरों की दीवारें ढह गईं, जिससे प्रभावित परिवारों को रहने और दैनिक जीवन की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बालूमाथ पंचायत में करीब एक दर्जन घरों को भारी नुकसान हुआ है। सड़कों पर जगह-जगह जलजमाव हो गया है। बालूमाथ बुनियादी विद्यालय परिसर स्थित बीआरसी भवन के गेट के पास भी पानी भर गया है, जिससे बच्चों का स्कूल आना-जाना मुश्किल हो गया है। बालूमाथ पंचायत के मुखिया नरेश लोहरा ने प्रभावित गांवों का दौरा किया। उन्होंने बताया कि दिवाकर नगर, कसियाडीह, बड़का बालूमाथ और हरिजन टोला के कई परिवारों के घरों में पानी घुस गया है। इनमें रिंकी देवी, शांति देवी, उमा देवी, गीता देवी, बुधनी देवी, संगीता देवी, कुंती देवी, बबीता देवी, रेखा देवी और तरनुम खातून के नाम प्रमुख हैं। मुखिया ने पीड़ित परिवारों को जल्द राहत दिलाने का आश्वासन दिया है और कहा है कि इन्हें आवास योजना में प्राथमिकता दी जाएगी।

**अधिकार से वंचित गरीब :** झारखंड में पिछले 10 वर्षों से गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने की बात कही जा रही है, लेकिन बालूमाथ के कई जरूरतमंद परिवार आज भी कच्चे घरों में रहने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया है कि जब गरीबों को योजना का लाभ नहीं मिल रहा है, तो आखिर ये लाभ किन्हें दिया जा रहा है? पीड़ित परिवारों ने उपायुक्त लातेहार से त्वरित सहायता की मांग की है। बालूमाथ बीडीओ सोमा उरांव ने कहा है कि सभी प्रभावित परिवारों का सर्वे किया जा चुका है, शीघ्र ही मुआवजा और आवास योजना का लाभ दिया जाएगा।

# लगातार बारिश से कचरवा डैम का जीर्णोद्धार कार्य ठप, समय पर पूर्ण होने पर संकट

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत प्रकृति की गोद में बसे कचरवा डैम का जीर्णोद्धार कार्य लगातार हो रही बारिश के कारण प्रभावित हो गया है। 62 एकड़ में फैले इस डैम के सुंदरीकरण और गहरीकरण का कार्य पूरी तरह से ठप हो चुका है। गर्मी के दिनों में डैम के गहरीकरण के लिए फाटक खोलकर पानी निकाला गया था, लेकिन अब मानसून की शुरुआत और लगातार हो रही बारिश के कारण डैम में फिर से जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इससे न केवल कार्य बाधित हुआ है, बल्कि तय समय सीमा में कार्य पूर्ण होने पर भी संदेह खड़ा हो गया है। ज्ञात हो कि बीते वर्ष जुलाई में करीब 9.5 करोड़ रुपये की लागत से इस परियोजना की आधारशिला पलामू सांसद वीडी राम द्वारा रखी गई थी। परियोजना के लिए 18 महीने की समयसीमा निर्धारित की गई थी, जिसमें अब तक लगभग 12 महीने बीत चुके हैं, लेकिन कार्य की प्रगति संतोषजनक नहीं है। सूत्रों के अनुसार अब तक 50 प्रतिशत कार्य भी पूरा नहीं हो पाया है। जीर्णोद्धार परियोजना के अंतर्गत डैम का गहरीकरण, चारों ओर पाथवे निर्माण, लाइटिंग और पार्क का निर्माण प्रस्तावित है। नगर क्षेत्र में बनने वाला यह पार्क अपने ढांचे और सुविधाओं के कारण विशिष्ट होगा और लोगों को सैर-सपाटे के लिए एक बेहतर विकल्प प्रदान करेगा। हालांकि, वर्तमान स्थिति को देखते हुए तय अवधि में कार्य पूर्ण होना कठिन प्रतीत हो रहा है। इस संबंध में सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत महतो ने जानकारी दी कि डैम में जलस्तर बढ़ने की स्थिति में उसे निकालने की वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी और कार्य को समय पर पूर्ण करने का प्रयास जारी रहेगा।

# नावाटोली पंचमुखी मंदिर से मां का चांदी का मुकुट और नथिया चोरी

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के बेलवाटिका स्थित नवकेतन सिनेमा के सामने पंचमुखी मंदिर में अज्ञात चोरों ने बुधवार की रात चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर मंदिर से मां दुर्गा का चांदी का मुकुट और नथिया लेकर फरार हो गए। मंदिर के पुजारी सोमनाथ पाठक ने गुरुवार सुबह मंदिर पहुंचने पर देखा कि मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ है।

# पेज एक के शेष

### झारखंड पर आफत..

मौत हो गई तो वहीं तीन बच्चों के घायल होने की खबर है। डीपीएस रांची के शिक्षक भी पानी के तेज बहाव में बहने की खबर है। अफसोस की बात यह है कि उन्होंने कुछ देर पहले ही एक सेल्फी भी ली थी,लेकिन अगले ही पल उनके साथ यह हादसा हो गया। उनका कुछ पता नहीं चल पाया है। संगीत शिक्षक माइकल घोष अपने दो शिक्षक मित्र पंकज श्रीवास्तव और ऋत्विक सामंता के साथ गुरुवार को एक चार पहिया वाहन से करीब डेढ़ बजे जोन्हा फॉल घूमने पहुंचे थे। भारी बारिश से प्रखंड के जामुदाग पंचायत में 7 से अधिक घर गिर गए हैं। पीड़ित लोगों को रहने और खाने में काफी परेशानी हो रही है। वहीं,चान्हो के बुढ़ईया में पड़ोसी की दीवार गिरने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई।

### डैम ने लिया

चांडिल डैम के जल स्तर बढ़ने से करीब आधा दर्जन विस्थापित गांव में डैम का पानी दस्तक देने लगा है।

**रिम्स के बेसमेंट में भी पानी भरा :** राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स के बेसमेंट में भी पानी भर गया है। हालात ऐसे हैं कि अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर तक में बारिश का पानी घुस गया। बारिश की रफ्तार कम होने पर सफाई कर्मचारियों को पानी निकालने में लगाया गया है। राजधानी रांची में अब बरसात का पानी घरों में घुसने लग गया है। रांची समेत इसके आसपास के इलाकों में दो दिन से लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन को अस्त व्यस्त कर दिया है। पुलिया पानी में डूब रहे हैं तो खेत खलियान में पानी भर गया है। जलप्रपातों ने रौद्र रूप ले लिया है। इसके आसपास जाने से लोगों को मना किया गया है। गांव जलमग्न हो गए हैं तो वहीं हर गली मुहल्लों ने नदी का रूप ले लिया है। ठाकुरगांव में मूसलाधार बारिश से एकैशि महादेव मंदिर में भुर नदी का पानी उफान पर पहुंच गया है। सोनाहातू प्रखंड में लगातार हो रही बारिश से प्रखंड के सभी नदी नाले उफान पर हैं। स्वर्णरेखा नदी के उफान पर होने के चलते सतीघाट मंदिर डूब गया है। इटकी में चचगुरा से भंडरा सड़क का डाइवर्जन ही बह गया है। जिससे दर्जनों गांव के सम्पर्क टूट गए हैं। पर्यटनकर्मियों ने पर्यटकों को फॉल के करीब जाने पर रोक लगा दी है। रांची में गुरुवार के दिन 153 मिली मीटर बारिश दर्ज की गई। वहीं कोल्हान क्षेत्र में भारी बारिश हुई। जमशेदपुर में 247 मिली मीटर बारिश दर्ज की गई ।

### भारी बारिश से...

विधायक सुदीप गुड़िया मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और लोगों से जानकारी ली। खूंटी विधायक रामसूर्या मुंडा ने कहा कि पुल पुराना हो गया था। कुछ कमियां रही होंगी। यह जांच का विषय है। बालू का उठाव भी कारण हो सकता है। पुल धंसने की जानकारी सरकार को दी जायेगी। सरकार से पुल के निर्माण की मांग की जायेगी। सावन का महीना भी आनेवाला है। इसलिए पुल का जल्द निर्माण करने का प्रयास किया जायेगा। तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया ने स्थिति का अवलोकन कर स्थानीय प्रशासन को तत्काल प्रभाव से समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया। आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति से मिल कर आनेवाली श्रावणी मेला में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो और उनको बेहतर सुविधा कैसे दी जाये, इस पर विचार विमर्श किया। विधायक ने आश्वासन दिया कि पुल की मरम्मत कार्य शीघ्र ही आरंभ किया जाएगा, ताकि लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

**घटनास्थल पर पहुंचे अधिकारी :** पेलोल पुल के ढहने की जानकारी मिलने के बाद एसडीओ दीपेश कुमारी, खूंटी एसडीपीओ वरूण कुमार सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। वहीं पथ प्रमंडल के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का मुआयना किया। घटना के बाद सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुल के दोनों ओर मिट्टी डालकर बेरिकेडिंग की गयी है। वहीं लोगों से सतर्क रहने की अपील की गयी है। अधिकारियों ने दोनों ओर से यातायात को डायवर्ट कर दिया गया है। वहीं वैकल्पिक व्यवस्था करने की तैयारी की जा रही है।

### रांची के सभी...

लिहाजा, मौसम केंद्र, रांची से बारिश के पूर्वानुमान पर आधारित फीडबैक लेने के बाद स्कूलों को कल भी बंद रखने का फैसला लिया गया है। अभिभावक संघ ने जिला प्रशासन के इस फैसले का स्वागत किया है। दरअसल, मौसम केंद्र, रांची ने झारखंड में 19 और 20 जून को भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया है। 17 जून को दक्षिण-पश्चिम मानसून के झारखंड में एंट्री के साथ ही बादल उमड़ने शुरु हो गये थे। इसको लेकर मौसम केंद्र ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अलर्ट भी जारी किया था। इसको ध्यान में रखते हुए रांची जिला प्रशासन ने 19 जून को सभी स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया था। अब इस फैसले को शुक्रवार के लिए भी कंटिन्यू कर दिया गया है। बता दें कि लगातार हो रही बारिश की वजह से पहाड़ी नदियां उफान पर हैं। रांची के निचले इलाकों में मौजूद घरों में पानी घुस गया है। कई जिलों में डैम के फाटक खोले गये हैं। खूंटी में एक पुल धंस गया है। कई जगह मिट्टी की दीवारें ढह गई हैं। लातेहार में डायवर्सन बहने की वजह से ट्रक जलमग्न हो गया है। हर जिला में प्रशासन के स्तर पर मूसलाधार बारिश की वजह से हुए नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।

### सिकल सेल पर...

जिन लोगों में इस बीमारी के लक्षण पाए जाएं, उनकी काउंसलिंग कर जांच दवाइयां और अन्य सुविधाएं उन्हें उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि इस बीमारी के निदान की दिशा में यह प्रयास होना चाहिए कि बच्चों के जन्म के साथ ही उसकी स्क्रीनिंग कराई जाए, ताकि किसी प्रकार की समस्या हो तो उसका इलाज और समाधान हो सके।

### हेल्थ प्रोफाइल के...

कितने मरीज का इलाज के बाद बीमारी खत्म हो गया और कितने नए मरीज सामने आए। डेटा के अपडेट रहने से हम विभिन्न बीमारियों से निपटने की दिशा में आगे की रणनीति तैयार कर सकेंगे।

### हेल्थ काउंसलर की...

काफी अहम होती है । ऐसे में उन्हें प्रॉपर ट्रेनिंग और किट्स उपलब्ध कराया जाना चाहिए, ताकि वे विभिन्न संक्रमण से जूझ रहे लोगों के लिए और भी बेहतर तरीके से अपनी सेवा दे सकें। हेल्थ काउंसलर के सहयोग से लोगों में आनुवांशिक बीमारियों की पहचान करने में काफी सहूलियत होगी और इसके बाद उनका समुचित इलाज किया जा सकेगा।

**हतोत्साहित नहीं हों, पूरी ताकत और हौसले से दैनिक गतिविधियों अपने कार्यों को करें :** मुख्यमंत्री ने इस मौके पर सिकल सेल से प्रभावित आतिया कौशर, स्नेहा तिर्की, सान्या परवीन, विमला कुमारी और अब्दुल हकीम अंसारी से संवाद कर उनकी बीमारी और उससे होने वाली परेशानियों और चल रहे इलाज की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि वे सिकल सेल को एक बीमारी कहना उचित नहीं मानते हैं । लेकिन, फिर भी इस संक्रमण से प्रभावित लोगों का इलाज और अन्य समस्याओं का समाधान तभी सम्भव होगा जब वे अपनी बातें तथा परेशानियों को खुलकर रखेंगे। उन्होंने सिकल सेल के प्रभावितों से कहा कि उन्हें हतोत्साहित होने की जरूरत नहीं है। वे पूरे हौसले और ताकत के साथ अपने दैनिक गतिविधियों और कार्यों को करते रहें। इस बीमारी से निजात दिलाने की दिशा में सरकार समुचित कदम उठा रही है। इस दौरान सिकल सेल से प्रभावित युवक-युवतियों ने अपनी समस्याओं को मुख्यमंत्री के सामने खुलकर रखा। एक युवती ने कहा कि सिकल सेल की वजह से वे कॉलेज की कक्षाएं कई बार नहीं कर पाती हैं। परीक्षाएं छूट जाती है।। इस वजह से पढ़ाई प्रभावित होती है। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि वे अपनी पढ़ाई जारी रखें। आपने जो परेशानी बताई है, उसका निश्चित समाधान निकाला जाएगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार , स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह के अलावा डॉ कनीनिका मित्र, प्रमुख, यूनिसेफ झारखंड, डॉ विवेक सिंह प्रमुख, एआई, स्वास्थ्य, यूनिसेफ इंडिया, सुश्री आस्था अलंग, संचार विशेषज्ञ, यूनिसेफ, डॉ वनेश माथुर, हेल्थ ऑफिसर यूनिसेफ और शिवानी संचार विशेषज्ञ ,यूनिसेफ मौजूद थीं।

### ईरान ने इजरायल...

माहौल बनने लगा है । उनके तरह -तरह के नये - नये एजेंडों के विरोध में लोग सड़कों पर उतरने लगे हैं। उधर इजरायल ने कहा कि उसने ईरान में 100 लक्ष्यों को निशाना बनाया, जिसमें अराक में भारी पानी का रिएक्टर और नतांज़ में एक साइट शामिल है, जिसका उपयोग उसने कहा कि परमाणु-हथियार विकास के लिए किया जा रहा था। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने ईरान की परमाणु सुविधाओं पर हमला करने का फैसला किया है, ट्रम्प ने कहा, "मैं ऐसा कर सकता हूं, मैं ऐसा नहीं भी कर सकता हूं।" और उन्होंने ईरान के बिना शर्त आत्मसमर्पण पर अपना जोर दोहराया: "अगला सप्ताह बहुत बड़ा होने वाला है, शायद एक सप्ताह से भी कम।" अमेरिका ने हाल के दिनों में इस क्षेत्र में सैन्य बलों का निर्माण किया है। एक तीसरा अमेरिकी नौसेना विध्वंसक पूर्वी भूमध्य सागर में प्रवेश कर गया और दूसरा अमेरिकी वाहक हमला समूह अरब सागर की ओर बढ़ रहा है। पेंटागन ने कहा कि यह तैयारी रक्षात्मक है, लेकिन अगर ट्रम्प ईरान पर इजरायली हमलों में शामिल होने का फैसला करते हैं तो यह अमेरिका के लिए बेहतर स्थिति होगी। यह ईरान पर दबाव डालने या रियायतें देने की रणनीति भी हो सकती है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने कहा कि उनका देश आत्मसमर्पण नहीं करेगा और चेतावनी दी कि किसी भी अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप के अपूरणीय परिणाम होंगे।

### ईरान से 100...

मंगलवार को 110 छात्रों को सफलतापूर्वक तेहरान से बाहर निकाला गया और भूमि मार्ग से अर्मेनिया में प्रवेश कराया गया। यह निकासी भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के आपातकालीन प्रयासों का हिस्सा थी क्योंकि क्षेत्र में तनाव लगातार बढ़ रहा था। युद्धग्रस्त ईरान से निकाले गए भारतीय छात्रों ने वहां के हालात को याद किया और घर वापसी के खातिर त्वरित कदम उठाने के लिए भारत सरकार को धन्यवाद दिया। ईरान से निकाले गए 110 भारतीय छात्रों को लेकर पहला विमान बृहस्पतिवार तड़के दिल्ली पहुंचा। इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष के बीच, 'ऑपरेशन सिंधु' के तहत तेहरान से भारतीय छात्रों को निकाला गया और भारतीय दूतावास ने मंगलवार को 110 छात्रों को सुरक्षित रूप से आर्मेनिया में प्रवेश कराने में सहायता की। इसके बाद उन्हें दिल्ली लाया गया।

### रांची और पटना...

वाइस प्रिंसिपल मो. इम्तियाज, एक दैनिक अखबार के पत्रकार जमालुद्दीन और एक गेस्ट हाउस के संचालक राजकुमार उर्फ राजू को गिरफ्तार किया था। सीबीआई की जांच में इसके पुख्ता साक्ष्य सामने आए हैं कि नीट-यूजी के पेपर हजारीबाग स्थित ओएसिस स्कूल स्थित सेंटर से लीक किए गए थे। यहीं से पेपर पटना भेजा गया था, जहां एक हॉस्टल में कई छात्रों से मोटी रकम लेकर न सिर्फ पेपर उपलब्ध कराए गए थे, बल्कि उनके उत्तर भी रटवाए गए थे।

### भारत देश के...

वे हैं तो हम सुरक्षित हैं, चैन की नींद सो रहे हैं । ऑपरेशन सिन्दूर को शत् शत् नमन वंदन है । देश के सेवक व प्रधानमंत्री के निर्णय का हम हर तरह से समर्थन करते हैं । हम मानवता विरोधी नहीं हैं लेकिन स्वाभिमान की रक्षा के लिए शस्त्र उठाना भी जानते हैं । श्री कृष्ण ने गीता में कहा भी है धर्मो रक्षति रक्षितः । अपनी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है धर्म है । हाँ सत्य वचन को तोल गया, देखो भारत बोल गया । जय हिन्द । जय भारत । वंदेमातरम् । जय जवान जय शस्त्र बल ।

# खालिस्तानी कनाडा से भारत विरोधी हिंसा की रचते रहे हैं साजिश?



**नई दिल्ली । एजेंसी**

कनाडा की शीर्ष खुफिया एजेंसी ने आधिकारिक तौर पर स्वीकार किया है कि कनाडा स्थित खालिस्तानी चरमपंथियों (सीबीकेई) का एक छोटा समूह मुख्य रूप से भारत को निशाना बनाकर हिंसा की घटनाओं को बढ़ावा देने, वित्तपोषित करने या योजना बनाने के लिए कनाडाई धरती का उपयोग करके राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करना जारी रखे हुए है। कनाडाई सुरक्षा खुफिया सेवा (सीएसआईएस) ने संसद को सौंपी अपनी नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट में कहा है, "केवल कुछ व्यक्तियों के समूह को खालिस्तानी चरमपंथी माना जाता है, क्योंकि वे मुख्य रूप से भारत में हिंसा को बढ़ावा देने, धन जुटाने या योजना बनाने के लिए कनाडा को आधार के रूप में उपयोग करते रहते हैं। सीएसआईएस ने दावा किया कि इस तरह की गतिविधि राजनीतिक रूप से प्रेरित हिंसक उग्रवाद (पीएमवीई) के अंतर्गत आती है, जिसे वह नई राजनीतिक व्यवस्था लाने या मौजूदा व्यवस्था में परिवर्तन लाने के लिए हिंसा के प्रयोग के रूप में परिभाषित करता है। राजनीति से प्रेरित हिंसक उग्रवाद (पीएमवीई) मौजूदा व्यवस्थाओं के भीतर नई राजनीतिक व्यवस्था या नई संरचना या मानदंड स्थापित करने के लिए हिंसा के इस्तेमाल को प्रोत्साहित करता है। पीएमवीई के कर्ता नई राजनीतिक व्यवस्था या संस्थाएं स्थापित करने के लिए वैश्विक स्तर पर हमलों की योजना बनाने, उन्हें वित्तपोषित करने और उन्हें सुविधाजनक बनाने में संलग्न होते हैं। सीएसआईएस के अनुसार, 1980 के दशक के मध्य से, कनाडा में पीएमवीई सीबीकेई के रूप में सबसे अधिक दिखाई दिया है, जो "खालिस्तान नामक एक स्वतंत्र राष्ट्र राज्य बनाने के लिए हिंसक साधनों का उपयोग और समर्थन करना चाहता है, जो मुख्य रूप से पंजाब, भारत में है। यद्यपि 2024 में कनाडा की धरती पर सीबीकेई से जुड़ा कोई हमला दर्ज नहीं किया गया, फिर भी सीएसआईएस ने चेतावनी दी कि खतरा अभी भी सक्रिय है।

**सीएसआईएस रिपोर्ट में हुआ बड़ा खुलासा**

- **सीएसआईएस की परिभाषा अनुसार पीएमवीई :** राजनीति से प्रेरित हिंसक उग्रवाद ऐसी गतिविधियां हैं जिनका उद्देश्य मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था को हिंसा के माध्यम से बदलना होता है।
- **पीएमवीई के तरीके और उद्देश्य :** पीएमवीई समर्थक नई राजनीतिक व्यवस्था स्थापित करने के लिए वैश्विक स्तर पर हमलों की योजना, वित्तपोषण और सुविधा प्रदान करने में संलग्न रहते हैं।

## अमेरिका में 'स्टूडेंट वीजा' फिर से शुरू, ट्रंप सरकार ने रखी शर्त

**वाशिंगटन (आईएएनएस)।** अमेरिकी विदेश विभाग ने घोषणा की है कि वह विदेशी छात्रों के लिए वीजा आवेदन की प्रक्रिया फिर से शुरू करेगा। इसी के साथ विभाग ने शर्त रखी है कि आवेदकों को सरकारी समीक्षा के लिए अपने 'सोशल मीडिया अकाउंट्स' सार्वजनिक करने होंगे। अमेरिकी विदेश विभाग ने बुधवार को बयान में कहा, "नए दिशा-निर्देशों के तहत, हम एफ, एम और जे गैर-प्रवासी वर्गों में आने वाले सभी छात्र और एक्सचेंज विजिटर आवेदकों की व्यापक और गहन जांच करेंगे, जिसमें उनकी ऑनलाइन उपस्थिति (सोशल मीडिया गतिविधियां) भी शामिल होगी। इस जांच को सुविधाजनक बनाने के लिए, एफ, एम और जे गैर-अप्रवासी वीजा के सभी आवेदकों को अपने सभी सोशल मीडिया प्रोफाइल पर प्राइवेसी सेटिंग को 'सार्वजनिक' करने का निर्देश दिया जाएगा।

## ट्रंप ने न्यायाधीश पद के लिए चाड मेरेडिथ को किया नामित

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को चाड मेरेडिथ को केंटकी के ईस्टर्न डिस्ट्रिक्ट की यूएस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में न्यायाधीश के रूप में नामित करने के अपने इरादे की घोषणा की। ट्रंप ने 'ट्रुथ' पर लिखा, "केंटकी के पूर्वी जिले के लिए, यूनाइटेड स्टेट्स डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में जज के रूप में सेवा करने के लिए चाड मेरेडिथ को नामित करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। चाड बेहद अनुभवी और पूरी तरह से योग्य हैं। इससे पहले वह केंटकी के कॉमनवेल्थ के सॉलिसिटर जनरल और गवर्नर के कार्यालय के लिए चीफ डिप्टी जनरल काउंसल के रूप में सेवा दे चुके हैं।

# इजरायली सेना का हिजबुल्लाह कमांडर को मार गिराने का दावा

**तेल अवीव (आईएएनएस)**

इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने गुरुवार को लेबनान में हिज्बुल्लाह के लिटानी सेक्टर में आर्टिलरी के कमांडर यासीन अब्देल मेनम एज अल-दीन को मार गिराने का दावा किया। आईडीएफ ने बुधवार को दक्षिणी लेबनान के बारिश इलाके में आतंकवादी यासीन अब्देल मेनम एज अल-दीन पर विमान से हमला किया और उसे मार गिराया। आतंकवादी ने युद्ध के दौरान देश के उत्तर की ओर कई फायरिंग लाइनें शुरू की थीं और आतंकवादी संगठन हिज्बुल्लाह की आर्टिलरी टीम को फिर से खड़ा करने के प्रयासों में लगा हुआ था। आईडीएफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "यासीन अब्देल मेनम एज अल-दीन की हरकतें इजरायल और लेबनान के बीच समझ का स्पष्ट उल्लंघन हैं।

आईडीएफ ने जोर देकर कहा कि वह "ईरान के साथ युद्ध में इजरायल को नुकसान पहुंचाने की तत्परता को बढ़ावा देने के लिए आतंकवादी संगठन हिज्बुल्लाह" के प्रयासों की निगरानी और उन्हें विफल करना जारी रखेगा, और इजरायल के नागरिकों के लिए किसी भी खतरे को खत्म करने के लिए काम करना जारी रखेगा।एक अन्य घटनाक्रम में आईडीएफ ने यह भी उल्लेख किया कि उसने समीर हुसैन के घर को ध्वस्त कर दिया था, जिसने नवंबर 2024 में एरियल (वेस्ट बैंक) में गिट्टी अविशर चौराहे पर गोलीबारी की थी। आईडीएफ ने एक्स पर पोस्ट किया, "सामरिया



ब्रिगेड के इंजीनियरिंग बलों ने कल रात एइनाबस गांव में आतंकवादी समीर हुसैन के घर को ध्वस्त करने के लिए ऑपरेशन चलाया, जिसने एरियल में गिट्टी अविशर चौराहे पर गोलीबारी की थी। इस हमले में पांच इजरायली नागरिक और चार सैनिक घायल हुए थे।"सेना की रिपोर्ट के अनुसार, समीर हुसैन हमास से जुड़ा हुआ था। उसने नवंबर 2024 में एक बस और एक बस स्टॉप पर गोलीबारी की, जहां कई सैनिक मौजूद थे। हमले में चार सैनिक समेत नौ लोग घायल हुए थे।

पोस्ट में कहा गया है, "कानूनी अधिकारियों के समर्थन से सुरक्षा प्रतिष्ठान ने निवारक नीति के तहत आतंकवादियों के घर को ध्वस्त करने का फैसला किया। इसके अनुसार, कोई भी व्यक्ति जो असामान्य आतंकवादी हमला करता है, भले ही उस हमले में कोई भी मारा न जाए, उसका घर ध्वस्त कर दिया जाएगा।

## इजरायली सेना की उपलब्धियों से वर्ल्ड लीडर्स प्रभावित : नेतन्याहू



**तेल अवीव (आईएएनएस)।** इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के अनुसार वर्ल्ड लीडर्स ने इजरायली सेना के दृढ़ संकल्प और उपलब्धियों को सराहा है। इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष की शुरुआत बीते शुक्रवार से हुई। नेतन्याहू ने ईरान के खिलाफ 'ऑपरेशन राइजिंग लायन' शुरू करने की घोषणा की, जो ईरान के परमाणु हथियारों के खतरे को कम करने के लिए एक टारगेटेड सैन्य अभियान है। इसके बाद तेहरान की ओर से तीव्र और आक्रामक जवाबी कार्रवाई शुरू हुई, जिससे क्षेत्र एक व्यापक युद्ध के कगार पर पहुंच गया।नेतन्याहू ने बुधवार को राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा "मुझे आपको बताना चाहिए कि मैं विश्व नेताओं से बात करता हूं। वह हमारे दृढ़ संकल्प और हमारी सेना की उपलब्धियों से बहुत प्रभावित हैं। वह आपसे, इजरायल के नागरिकों से, आपकी दृढ़ भावना और आपकी दृढ़ता से भी बहुत प्रभावित हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिले उनके समर्थन को लेकर इजरायली प्रधानमंत्री ने कहा, "मैं इजरायल के एक महान मित्र राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को हमारे साथ खड़े होने और इजरायल के एयरस्पेस की रक्षा में मदद करने में अमेरिका के सपोर्ट के लिए धन्यवाद देता हूं। हम अक्सर बात करते हैं, जिसमें पिछली रात की बातचीत भी शामिल है। हमारी बातचीत बहुत गर्मजोशी से हुई। मैं ट्रंप को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। नेतन्याहू ने कहा कि ईरान के खिलाफ 'ऑपरेशन राइजिंग लॉयन' अभियान का उद्देश्य इजरायल के लिए दो अस्तित्वगत खतरों को दूर करना था।

# अब मूत्र से होगा आपका इलाज

- इससे डेंटल व बोन इम्प्लांट भी किया जा सकेगा
- यह दांतों के इनेमल और हड्डियों के खनिज का घटक है

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत में तो तमाम बड़े पावरफुल नेताओं के मूत्र पान के बारे में लोग जानते ही हैं , लेकिन अब यह बाहर भी चर्चा में है। क्योंकि दिल, दिमाग, किडनी, कैंसर व दांत से संबंधित समस्याओं को लेकर तमाम तरह के शोध किए जा रहे हैं, जिससे दवा व इंजेक्शन बनाए जा सकें। इस सब तरह के एक शोध में हाल ही में मानव के शरीर से निकले मूत्र से दांतों व हड्डियों के इलाज की संभावना तलाशी गई है। कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी इरविन के शोधकर्ताओं ने अमेरिकी व जापानी संस्थानों के साथ मिलकर एक शोध की है, जिसमें यूरिन को हाइड्रॉक्सी एपेटाइट के प्रोसेस की खोज की है, जो दांतों के इनेमल और हड्डियों के खनिज का घटक है। ऐसे में मूत्र सिर्फ फ्लशिंग पानी बनकर नहीं रहेगा, बल्कि इससे डेंटल और बोन इम्प्लांट के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा। वैज्ञानिकों के मुताबिक, इस सिस्टम में यीस्ट पेशाब में मौजूद यूरिया को तोड़ता है और साथ ही उसके पीएच स्तर को बढ़ाता है, जिससे हाइड्रोक्सी एपेटाइट का निर्माण होता है। हाइड्रोक्सी एपेटाइट एक प्राकृतिक रूप से पाया जाने वाला कैल्शियम फॉस्फेट खनिज है, जिसका रासायनिक सूत्र Ca(PO)(OH) है। यह मानव शरीर में विशेष रूप से हड्डियों और दांतों में पाया जाता है। यह दांतों और हड्डियों की मजबूती और संरचना के लिए महत्वपूर्ण है।



**हाइड्रोक्सी एपेटाइट क्या है**

- हड्डियों व दांतों का निर्माण- यह हड्डियों और दांतों की संरचना का मुख्य घटक है, जो उन्हें मजबूत और स्थिर बनाता है।
- डेंटल उत्पाद- यह टूथपेस्ट और अन्य दंत चिकित्सा उत्पादों में उपयोग किया जाता है, क्योंकि यह दांतों की सुरक्षा करता है और उनकी मरम्मत में मदद करता है।
- बायोमेडिकल अनुप्रयोग- इसका उपयोग हड्डियों के ग्राफ्ट, इम्प्लांट्स व अन्य चिकित्सा उपकरणों में किया जाता है।
- औद्योगिक अनुप्रयोग- इसका उपयोग सिरेमिक, पॉलिमर व अन्य सामग्रियों के उत्पादन में भी किया जाता है।

यूसी इरविन के प्रोफेसर ऑफ मटेरियल साइंस के डेविड किसेलस के अनुसार, इस प्रक्रिया से दो फायदे हो सकते हैं। पहला यूरिन को निकालना तो पर्यावरणीय प्रदूषण को कम करना और बिजनेस के रूप में एचएपी सामग्री का निर्माण करना। हालांकि, मानव यूरिन के इस्तेमाल से पहले उसकी जांच जरूरी है, जिससे किसी भी बीमारी का पता चल सके। क्योंकि, यूरिन का इस्तेमाल दांतों के ट्रीटमेंट में सुनकर ही लोग हैरान हो जाएंगे और इलाज के लिए मना कर देंगे। ऐसे इसके इस्तेमाल व इसकी जरूरतों को लेकर समझाना और लोगों को जागरूक करना बहुत आवश्यक है

### बीच समुंदर उतार दिए 50 जहाज

## ईरान जंग में अमेरिका को उलझा देख चीन ने कहां खुराफात शुरू कर दी?

**नई दिल्ली । एजेंसी**

ईरान और इजरायल के बीच छिड़ी जंग की चिंगारी इस वक्त पूरे मीडिल ईस्ट को अपनी चपेट में लेने की तैयारी में है। वहीं अमेरिका की भी इस जंग में कभी भी एंट्री हो सकती है। उधर चीन कहां शांत रहने वाला था, उसने साउथ चाइना सी में अपनी कारगुजारी फिर से शुरू कर दी है। फिलीपींस ने चीन पर दक्षिण चीन सागर में स्थित रोजुल रीफ नामक एक द्वीप पर अवैध रूप से घुसपैठ करने का आरोप लगाया है। रोजुल रीफ द्वीप दोनों देशों के बीच क्षेत्रीय विवाद का विषय रहा है। फिलीपीन तटरक्षक बल (पीसीजी) ने (पीसीजी) ने बुधवार को त्वरित प्रतिक्रिया तैनाती के बाद, पश्चिमी फिलीपीन सागर में देश के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के अंतर्गत आने वाले रोज़ुल रीफ के पास 50 से अधिक चीनी समुद्री मिलिशिया (सीएमएम) जहाजों की उपस्थिति की पुष्टि की। पश्चिम फिलीपीन सागर संबंधी मामलों के लिए पीसीजी प्रवक्ता कमोडोर जे टैरिएला के अनुसार, संदिग्ध अवैध गतिविधि की खुफिया रिपोर्ट मिलने के बाद, दो पीसीजी जहाजों और एक निगरानी विमान को पलावन से लगभग 130 समुद्री मील दूर स्थित क्षेत्र में भेजा गया। वहां पहुंचने पर, पी.सी.जी. ने पुष्टि की कि दर्जनों चीनी जहाज चट्टान के आसपास बिखरे हुए थे या एक साथ इकट्ठे हुए थे। टैरिएला ने कहा कि पीसीजी कर्मियों ने तुरंत



रेडियो पर जहाजों को चुनौती दी, उन्हें बताया कि वे फिलीपीन जल के अंदर काम कर रहे थे और उनसे वहां से चले जाने का आग्रह किया। पीसीजी ने फिलीपीन समुद्री क्षेत्र अधिनियम, समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (यूएनसीएलओएस) और 2016 के मध्यस्थ पुरस्कार का हवाला दिया, जिसने अपने ईईजेड पर फिलीपींस के संप्रभु अधिकारों की पुष्टि की और क्षेत्र में चीन के विशाल समुद्री दावों को अमान्य घोषित किया।

चीनी जहाजों को अपनी उपस्थिति स्पष्ट करने, झुंड में घुसना बंद करने और अंतरराष्ट्रीय और घरेलू कानूनों के अनुसार नेविगेट करने का निर्देश दिया गया था। हालांकि, पीसीजी अधिकारियों ने कहा कि सीएमएम जहाजों से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। आगे के सबूत इकट्ठा करने के लिए, पीसीजी ने मिलिशिया जहाजों के करीब जाने और उनके धनुष संख्या को दस्तावेज करने के लिए कठोर पतवार वाली inflatable नौकाओं को तैनात किया।

## इलॉन मस्क के स्टारशिप में टेस्ट के दौरान धमाका

**लपटें और धुआं दूर-दूर तक दिखाई दिया, आस-पास के घरों की खिड़कियां हिल गईं**



**टेक्सास । एजेंसी**

दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी इलॉन मस्क का स्टारशिप-36 रॉकेट टेक्सास के स्टारबेस टेस्टिंग साइट पर अचानक धमाके के साथ फट गया। इसकी लपटें और धुआं दूर-दूर तक दिखाई दिया। ये धमाका भारतीय समयानुसार आज यानी, 19 जून को सुबह करीब 09:30 बजे हुआ। धमाका उस वक्त हुआ जब 29 जून को होने वाले स्टारशिप के 10वें टेस्ट फ्लाइट से पहले रॉकेट का दूसरा स्टैटिक फायर टेस्ट चल रहा था। इस टेस्ट में रॉकेट को जमीन पर ही रखकर उसके इंजन को चालू किया जाता है, ताकि लॉन्च से पहले सब कुछ ठीक हो, ये चेक किया जा सके। ऊपरी हिस्से में विस्फोट हुआ, रॉकेट आग के गोले में बदल गया। टेस्ट शुरू होने से ठीक पहले, रॉकेट के ऊपरी हिस्से में, जहां फ्यूल टैंक होते हैं, अचानक विस्फोट शुरू हुआ। देखते ही देखते पूरा रॉकेट आग के गोले में बदल गया। आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों ने बताया कि धमाका इतना जोरदार था कि उनके घरों की खिड़कियां हिल गईं। इस धमाके का जो वीडियो सामने आया है उसमें दिख रहा है कि रॉकेट के नोज यानी, ऊपरी हिस्से से अचानक आग की लपटें निकलती हैं।

## वोडाफोन आइडिया व एएसटी स्पेस मोबाइल लाएंगे सैटेलाइट ब्रॉडबैंड

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** वोडाफोन आइडिया व एएसटी स्पेस मोबाइल मिलकर भारत में सैटेलाइट से चलने वाला ब्रॉडबैंड नेटवर्क लाएंगे। इससे उन क्षेत्रों में भी मोबाइल नेटवर्क पहुंचेगा, जहां अभी तक कनेक्टिविटी नहीं है। वोडाफोन आइडिया का नेटवर्क व एएसटी स्पेस मोबाइल की तकनीक मिलकर काम करेंगे। इससे उपभोक्ताओं को को कॉल, वीडियो व इंटरनेट जैसी सुविधाएं मिलेंगी।वोडाफोन आइडिया ने स्टॉक एक्सचेंज में



जानकारी देते हुए कहा कि "हम भारत में डायरेक्ट-टू-डिवाइस सैटेलाइट ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी लाने के लिए सहयोग कर रहे हैं, जिससे डिजिटल इंडिया के हर नागरिक तक मोबाइल सेवा पहुंच सके।" इस टेक्नोलॉजी की मदद से चाहें गांव और दूर दराज के इलाकों में जहां इंटरनेट नहीं आता था, वहां भी अब मोबाइल नेटवर्क पहुंच पाएगा। जो टेक्नोलॉजी वोडाफोन आइडिया लाने की तैयारी कर रहा है उसकी खास बात यह है कि इसे स्टारलिंक की तरह किसी अलग डिवाइस की जरूरत नहीं होगी।

विश्व की सबसे ज्यादा आबादी वाला देश भारत 1.1 अरब से ज्यादा मोबाइल उपभोक्ता वाला दुनिया के सबसे बड़े व तेजी से बढ़ते टेलीकॉम बाजारों में से एक है।लेकिन अभी भी दूर-दराज के इलाके ऐसे हैं जहां मोबाइल टावर लगाना आसान नहीं है। ऐसे में सैटेलाइट कम्युनिकेशन तकनीक जमीन पर मौजूद नेटवर्क को मजबूत करने में मदद करेगी और इन इलाकों में भी ब्रॉडबैंड मोबाइल कनेक्शन पहुंच पाएगा। इसे लेकर वोडाफोन आइडिया ने कहा कि "इस पार्टनरशिप से वोडाफोन आइडिया के मजबूत नेटवर्क और एएसटी स्पेस मोबाईल की नई स्पेस-बेस्ड टेक्नोलॉजी को जोड़ा जाएगा। यह तकनीक सीधा सैटेलाइट से आम स्मार्टफोन को कनेक्ट कर सकती है, और इसके लिए किसी खास ऐप, सॉफ्टवेयर या एक्स्ट्रा डिवाइस की जरूरत नहीं होती।

**कहानी फिल्म जगत की**

*सन ऑफ सरदार 2012 में रिलीज हुई थी और इसका निर्देशन अश्विनी धीर ने किया था। इस फिल्म में अजय देवगन, सोनाक्षी सिन्हा, संजय दत्त और जूही चावला ने भी काम किया था। जो लोग नहीं जानते, उनके लिए यह फिल्म 2010 की तेलुगु फिल्म मर्यादा रमण्णा की हिंदी रीमेक थी।*



## 'सन ऑफ सरदार 2' बॉक्स ऑफिस पर सिद्धार्थ-जान्हवी की 'परम सुंदरी' से टकराएगी

अजय देवगन 2012 की अपनी एक्शन-कॉमेडी सन ऑफ सरदार के सीक्वल सन ऑफ सरदार 2 के साथ कॉमेडी में वापसी करने के लिए तैयार हैं। विजय कुमार अरोड़ा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में देवगन जस्सी के रूप में अपनी प्रतिष्ठित भूमिका को दोहराएंगे और गुरुवार को फिल्म का पहला पोस्टर और रिलीज की तारीख का खुलासा किया। अजय देवगन 2012 की अपनी एक्शन-कॉमेडी सन ऑफ सरदार के सीक्वल सन ऑफ सरदार 2 के साथ कॉमेडी में वापसी करने के लिए तैयार हैं। विजय कुमार अरोड़ा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में देवगन जस्सी के रूप में अपनी प्रतिष्ठित भूमिका को दोहराएंगे और गुरुवार को फिल्म का पहला पोस्टर और रिलीज की तारीख का खुलासा किया। देवगन ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्टर के साथ लिखा, "सरदार की वापसी। #SOS2 25 जुलाई को आपके नज़दीकी सिनेमाघरों में।" इस पोस्टर में उन्हें पगड़ी पहने हुए दिखाया गया है। सिंघम अगेन, शैतान, भोला और मैदान जैसी गंभीर एक्शन फिल्मों की एक श्रृंखला के बाद इस सीक्वल में उनकी हल्की-फुल्की, हास्य भूमिकाओं में वापसी हुई है। सन ऑफ सरदार 2 उसी तारीख को रिलीज होगी जिस दिन सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर की परम सुंद री सिनेमाघरों में आने वाली थी। इसका सीधा मतलब है कि थैंक गॉड के अभिनेता सिड और अजय इस जुलाई में बॉक्स ऑफिस पर भिड़ेंगे।

